सूर्योदय 5:22 सूर्यास्त 7:15

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 20.6 न्यू | 30.5 अधि |
| धर्मशाला | 17.9 न्यू | 36.1 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 75.183 |
| निफ्टी | 23,654 |
| सोना 1,59,000 | चांदी 2,65,000 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | शुक्रवार, 22 मई 2026 | 8 ज्येष्ठ, विक्रमी संवत 2083 | वर्ष 3, अंक 143, कुल पृष्ठ 12 | मूल्य : 5 रुपए | डाक पंजीकरण संख्या : HP/DO/DEHRA/01/2026-2028 follow us on: | 8894521702

## न्यूज शॉर्ट्स

### नीट पेपर लीक केस में लातूर से डॉक्टर गिरफ्तार

#### बेटे के लिए खरीदा था गेस पेपर

एजेंसी, नई दिल्ली। नीट पेपर लीक में सीबीआई ने महाराष्ट्र के लातूर से एक डॉक्टर को गिरफ्तार किया है। आरोप है कि डॉ मनोज शिरुरे ने बेटे के लिए आरसीसी कोचिंग के संचालक और आरोपी शिवराज मोटेगांवकर उर्फ 'एम सर' से गेस पेपर खरीदे थे। सीबीआई ने बुधवार को पुणे में पूछताछ के बाद अरेस्ट कर लिया। जानकारी आज सामने आई है। इस मामले में किसी पेरेंट्स की यह पहली गिरफ्तारी है। नीट पेपर लीक में यह 11वीं गिरफ्तारी है। इससे पहले महाराष्ट्र से 6, राजस्थान से 3 और हरियाणा से एक व्यक्ति को अरेस्ट किया, इनमें 2 महिलाएं भी हैं। उधर, इस मामले में लगातार नए खुलासे भी हो रहे हैं। सीबीआई जांच में पता चला है कि शिवराज लातूर में 8 एकड़ जमीन पर स्कूल-कॉलेज खोलने की तैयारी में था। (अनंत ज्ञान)

### कॉकरोच जनता पार्टी के एक्स अकाउंट पर रोक

#### इंस्टाग्राम पर 6 दिन में 1.26 करोड़ फॉलोअर्स

एजेंसी, नई दिल्ली। सीजेआई सूर्यकांत के कॉकरोच वाले बयान के विरोध में बनी कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) का एक्स अकाउंट पर वीरवार को रोक लगा दी गई है। फाउंडर अभिजीत दीपके ने भी अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर सीजेपी के अकाउंट बैन करने की जानकारी दी। सीजेपी के सोशल मीडिया पर 6 दिन में लाखों फॉलोअर हो गए हैं। वीरवार को दोपहर 12:55 बजे तक यह आंकड़ा इंस्टाग्राम पर 1.26 करोड़ तक पहुंच गया। इंस्टाग्राम पर भाजपा के 87 लाख और कांग्रेस के 1.33 करोड़ फॉलोअर्स हैं। (अनंत ज्ञान)

### बंगाल के सभी मदरसों में वंदे मातरम गाना अनिवार्य

#### बीएसएफ को फेंसिंग के लिए जमीन दी, 12 दिन में सरकार के 12 फैसले

एजेंसी, कोलकाता। पश्चिम बंगाल सरकार ने राज्य के अल्पसंख्यक मामलों और मदरसा शिक्षा विभाग के तहत आने वाले सभी मदरसों में 'वंदे मातरम' गाना अनिवार्य कर दिया है। यह आदेश 19 मई को जारी किया गया। जानकारी गुरुवार को सामने आई। सरकार के आदेश के मुताबिक, यह नियम सरकारी मॉडल मदरसों, सरकारी सहायता प्राप्त और बिना सहायता प्राप्त मदरसों पर तुरंत लागू होगा। नए आदेश के बाद अब क्लास शुरू होने से पहले सुबह की प्रार्थना सभा (असेंबली) में वंदे मातरम गाना जरूरी होगा। इससे पहले मदरसों में सुबह की प्रार्थना के दौरान राष्ट्रगान 'जन गण मन' और कवि गुलाम मुस्तफा की 'अनंत असीम प्रेममय तुमी' (बांग्ला गीत) गाया जाता था। अब सभी मदरसों को इस आदेश को लागू करने के बाद इसकी रिपोर्ट भी विभाग को सौंपनी होगी। (अनंत ज्ञान)

### अंदर के पन्नों पर पढ़ें

- शिमला में गहराया पेट्रोल-डीजल का संकट -पेज 2
- जेल में सजा काट रहे कैदी की मौत -पेज 3
- करनेहड़ा-गलमा के मतदान केंद्र महिलाओं के हवाले -पेज 5

# हिमाचल में भीषण गर्मी के बीच आंधी-ओलावृष्टि का ऑरेंज अलर्ट

## भीषण गर्मी के बाद राहत की दस्तक, कई जिलों में तेज हवाओं की चेतावनी

अनंत ज्ञान

सत्यदेव भारद्वाज, शिमला। भीषण गर्मी से झुलस रहे राज्य में अब मौसम अचानक करवट लेने जा रहा है। मौसम विभाग ने प्रदेश के कई जिलों में तेज आंधी, गरज-चमक, ओलावृष्टि और भारी बारिश को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। राजधानी शिमला समेत ऊपरी और मध्य पर्वतीय क्षेत्रों में शुक्रवार को मौसम का रौद्र रूप देखने को मिल सकता है। दूसरी ओर, मौसम वैज्ञानिकों ने संकेत दिए हैं कि इस बार मानसून 20 से 25 जून के बीच हिमाचल में प्रवेश कर सकता है, जिससे लंबे इंतजार के बाद लोगों को राहत मिलने की उम्मीद जगी है।

शिमला, मंडी, कुल्लू, चंबा, किन्नौर और सिरमौर समेत कई जिलों में मौसम विभाग ने तेज हवाओं और भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। विभाग के अनुसार आगामी 24 घंटों के दौरान 40 से 60 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से आंधी चल सकती है, जबकि कई क्षेत्रों में बिजली गिरने और ओलावृष्टि की भी संभावना बनी हुई है। पहाड़ों पर अचानक बदलते मौसम ने प्रशासन की चिंता बढ़ा दी है और लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी गई है।

जानकारी के अनुसार प्रदेश के मैदानी और निचले इलाकों में पिछले कुछ दिनों से पड़ रही भीषण गर्मी ने लोगों का जीना मुश्किल कर दिया था। ऊना, बिलासपुर, हमीरपुर और कांगड़ा में तापमान लगातार सामान्य से ऊपर दर्ज किया गया, जिसके चलते दिनभर सड़कें सुनसान दिखाई दीं। अब मौसम के इस बड़े बदलाव से जहां लोगों को तपिश से राहत मिलने की उम्मीद है, वहीं किसानों और बागवानों के चेहरे भी खिल उठे हैं, क्योंकि बारिश फसलों और बागानों के लिए संजीवनी साबित हो सकती है। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि अरब सागर और बंगाल की खाड़ी से आ रही नमी के कारण हिमाचल में प्री-मानसून गतिविधियां तेज हो रही हैं। यही वजह है कि प्रदेश में अगले कुछ दिनों तक मौसम लगातार करवट बदल सकता है। विशेषज्ञों ने खास तौर पर पहाड़ी और भूस्खलन संभावित क्षेत्रों में सफर करने वाले लोगों को सावधानी बरतने की सलाह दी है। प्रशासन ने भी आपदा प्रबंधन टीमों को अलर्ट मोड पर रखा है ताकि किसी भी आपात स्थिति से तुरंत निपटा जा सके।

### ऊना का पारा 44 डिग्री पहुंचा

हीटवेव के कारण तापमान में निरंतर उछाल आ रहा है। इस बीच ऊना का अधिकतम तापमान नॉर्मल से 5.1 डिग्री ज्यादा के साथ 44.0 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया है।



पांवटा साहिब सब डिवीजन में गर्मी को देखते हुए स्कूलों की टाइमिंग में बदलाव करना पड़ा है। मैदानी इलाकों के साथ-साथ अब मध्यम ऊंचाई वाले क्षेत्रों में भी गर्मी से तपने लगे है। शिमला का पारा सामान्य से 5.5 डिग्री ज्यादा के साथ 30.5 डिग्री पहुंच गया है। अन्य शहरों के तापमान में भी उछाल दर्ज किया गया है। आज इसमें और बढ़ौतरी होने की संभावना है।

### हिमाचल में 20 से 25 जून के बीच आएगा मानसून

मौसम विभाग के ताजा अनुमान के अनुसार इस वर्ष मानसून 20 से 25 जून के बीच हिमाचल प्रदेश में प्रवेश कर सकता है। यदि परिस्थितियां अनुकूल रहीं तो इस बार मानसून सामान्य रहने की संभावना जताई जा रही है। हालांकि विशेषज्ञों ने चेताया है कि मानसून के साथ अतिवृष्टि, भूस्खलन और बादल फटने जैसी घटनाओं का खतरा भी बढ़ सकता है। ऐसे में लोगों को मौसम विभाग की चेतावनियों पर लगातार नजर रखने और अनावश्यक यात्रा से बचने की सलाह दी गई है।


# धर्म देखकर नहीं, नशे के सौदागरों पर चलता है बुलडोजर : सीएम सुक्खू

## आपदा राहत में देरी पर केंद्र की कार्यप्रणाली पर उठाए सवाल

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, शिमला। हिमाचल की सियासत, आपदा की मार, पहाड़ों की परेशानियां व युवाओं को खोखला कर रहे नशे के कारोबार के बीच मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने बेहद आक्रामक और बेबाक अंदाज में अपनी सरकार का पक्ष रखा। मुख्यमंत्री ने साफ संदेश दिया कि प्रदेश में कानून से बड़ा कोई नहीं है और सरकार अब उन ताकतों पर सीधा प्रहार कर रही है जो हिमाचल की युवा पीढ़ी को नशे की दलदल में धकेल रही हैं।

उन्होंने कहा कि सरकार की कार्रवाई को धर्म और राजनीति के चश्मे से देखने की कोशिश गलत है, क्योंकि प्रदेश में बुलडोजर किसी मजहब पर नहीं, बल्कि नशे के काले कारोबार पर चल रहा है। एक निजी समाचार चैनल को दिए गए विस्तृत साक्षात्कार में मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में चिट्टे के खिलाफ केवल औपचारिक अभियान नहीं, बल्कि व्यापक जन आंदोलन शुरू किया गया है।



उन्होंने दावा किया कि विशेष कार्य बल लगातार ड्रग तस्करों पर शिकंजा कस रहा है और अवैध कमाई से खड़ी की गई संपत्तियों को भी जब्त किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि जो लोग युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ करेंगे, उनके खिलाफ सरकार किसी भी हद तक जाकर कार्रवाई करेगी।

राजनीतिक सवालों पर मुख्यमंत्री ने कांग्रेस के भविष्य को लेकर भी भरोसे भरा रुख अपनाया। उन्होंने कहा कि पार्टी देशभर में संगठनात्मक रूप से फिर मजबूती हासिल कर रही है और कार्यकर्ताओं का मनोबल लगातार बढ़ रहा है। भाजपा के वरिष्ठ नेताओं जेपी नड्डा और अनुराग ठाकुर को लेकर भी मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस पहले भी मजबूत राजनीतिक चुनौतियों के बीच जीत दर्ज कर चुकी है और आगे भी जनता के भरोसे के दम पर मुकाबला करेगी।

मुख्यमंत्री सुक्खू ने पिछले वर्ष आई प्राकृतिक आपदा के बाद राहत राशि मिलने में हुई देरी को लेकर केंद्र सरकार की व्यवस्था पर भी तीखा प्रहार किया। उन्होंने कहा कि हिमाचल को भारी आर्थिक नुकसान झेलना पड़ा, लेकिन राहत के नाम पर मिलने वाली राशि समय पर नहीं पहुंची। उनका कहना था कि आपदा के वक्त तत्काल सहायता मिलनी चाहिए ताकि सड़कें, पुल और बुनियादी ढांचा तेजी से बहाल किया जा सके, लेकिन लालफीताशाही के कारण राहत प्रक्रिया बेहद धीमी रही है। उन्होंने पहाड़ी क्षेत्रों में सड़क निर्माण की ऊंची लागत का जिक्र करते हुए कहा कि सीमित संसाधनों के बावजूद सरकार विकास कार्यों को गति देने में जुटी हुई है।

### साढ़े तीन वर्षों में ईमानदार-जवाबदेह शासन देने का प्रयास

मुख्यमंत्री ने दावा किया कि उनकी सरकार ने साढ़े तीन वर्षों में ईमानदार और जवाबदेह शासन देने का प्रयास किया है। उन्होंने कहा कि जनता अब केवल राजनीतिक नारों से नहीं, बल्कि काम और परिणामों के आधार पर निर्णय ले रही है। मुख्यमंत्री के अनुसार आने वाले समय में हिमाचल की राजनीति विकास, पारदर्शिता व जनविश्वास के इर्द-गिर्द घूमेगी, और उनकी सरकार इन्हीं मुद्दों को लेकर जनता के बीच जाएगी।

# आरोपी की सहमति हो तो चल सकते हैं देशद्रोह के मुकदमे : सुप्रीम कोर्ट

एजेंसी, नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने वीरवार को कहा कि अदालतें देशद्रोह से संबंधित भारतीय दंड संहिता की धारा 124ए से जुड़े मुकदमों की सुनवाई कर सकती हैं, यदि आरोपी को इस पर कोई आपत्ति नहीं है।

भारत के प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति विपुल एम पंचोली की पीठ ने देशद्रोह से संबंधित एक मामले में 17 वर्षों से जेल में बंद एक आरोपी की याचिका पर सुनवाई करते हुए यह स्पष्टीकरण दिया। आरोपी द्वारा दायर अपील मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय में लंबित है। पीठ ने कहा, ''याचिकाकर्ता की शिकायत यह है कि यदि उसकी आपराधिक अपील की पूरी सुनवाई की जाए, जिसमें धारा 124ए के तहत आरोप भी शामिल हो, तो उसे कोई आपत्ति नहीं है। ऐसे में, हम स्पष्ट करते हैं कि जहां भी आरोपी को मुकदमे, अपील या किसी अन्य कार्यवाही के खिलाफ कोई आपत्ति नहीं है, जिसमें उस पर धारा 124ए आईपीसी के तहत भी आरोप पत्र दाखिल किया गया है, तो न्यायालयों को ऐसे मामलों में गुण-दोष और कानून के अनुसार निर्णय लेने में कोई बाधा नहीं होनी चाहिए।'' (अनंत ज्ञान)

# देश में एलपीजी और पेट्रोलियम पदार्थों का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध : केंद्र सरकार

एजेंसी, नई दिल्ली



केंद्र सरकार ने वीरवार को बताया कि 20 मई तक 58,500 से अधिक पाइप्ड नेचुरल गैस (पीएनजी) उपभोक्ताओं ने अपने एलपीजी कनेक्शन सरेंडर कर दिए हैं। साथ ही देश के सभी पेट्रोल पंपों पर पेट्रोल और डीजल का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है।

सरकार ने नागरिकों को पेट्रोल, डीजल और एलपीजी की घबराहट में खरीदारी करने से बचने की सलाह दी और कहा कि ईंधन की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं।

सरकार ने नियमित ब्रीफिंग के दौरान कहा कि अफवाहों से सावधान रहें और सही जानकारी के लिए केवल आधिकारिक स्रोतों पर भरोसा करें। 20 मई को उद्योग स्तर पर ऑनलाइन एलपीजी सिलेंडर बुकिंग बढ़कर लगभग 99 प्रतिशत तक पहुंच गई। पेट्रोलियम मंत्रालय ने कहा कि डिलीवरी ऑथेंटिकेशन कोड (डीएसी) आधारित डिलीवरी बढ़कर लगभग 96 प्रतिशत हो गई है, ताकि एलपीजी की कालाबाजारी रोकी जा सके। डीएसी उपभोक्ता के पंजीकृत मोबाइल नंबर पर भेजा जाता है। पिछले तीन दिनों में लगभग 1.32 करोड़ एलपीजी सिलेंडर बुकिंग के मुकाबले करीब 1.34 करोड़ सिलेंडर की डिलीवरी की गई। बुधवार को लगभग 45.36 लाख सिलेंडर बुकिंग के मुकाबले करीब 47.51 लाख एलपीजी सिलेंडर की डिलीवरी की गई। मंत्रालय ने बताया कि पिछले तीन दिनों में करीब 1.87 लाख पांच किलोग्राम वाले एफटीएल सिलेंडर बेचे गए।

पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय ने फारस की खाड़ी में मौजूदा समुद्री स्थिति पर कहा कि क्षेत्र में भारतीय जहाजों और चालक दल की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए लगातार कदम उठाए जा रहे हैं। मंत्रालय ने बताया कि क्षेत्र में मौजूद सभी भारतीय नाविक सुरक्षित हैं और पिछले 72 घंटों में भारतीय ध्वज वाले किसी जहाज या भारतीय चालक दल वाले विदेशी जहाज से जुड़ी कोई घटना सामने नहीं आई है। मंत्रालय ने कहा कि महानिदेशक शिपिंग (डीजी शिपिंग) के माध्यम से अब तक 3,316 से अधिक भारतीय नाविकों की सुरक्षित स्वदेश वापसी कराई जा चुकी है। (अनंत ज्ञान)

# अर्की में पथरी के ऑपरेशन के बाद महिला की मौत, हंगामा

अनंत ज्ञान

कृष्ण रघुवंशी, अर्की (सोलन)। नागरिक चिकित्सालय अर्की में पथरी के ऑपरेशन के बाद 44 वर्षीय महिला की मौत का मामला सामने आया है। घटना के बाद परिजनों ने अस्पताल प्रशासन पर लापरवाही के गंभीर आरोप लगाते हुए हंगामा किया।



मृतक सीमा की फाइल फोटो।

### परिजनों ने लापरवाही के लगाए आरोप, जांच समिति की गठित

मृतका सीमा, पत्नी हंस राज, निवासी चुनाड़ी गांव को पथरी की समस्या के चलते अस्पताल में भर्ती कराया गया था। ऑपरेशन के बाद उनकी तबीयत बिगड़ने पर उन्हें शिमला स्थित आईजीएमसी रेफर किया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। परिजनों का आरोप है कि अस्पताल की ओर से स्थिति को लेकर सही जानकारी समय पर नहीं दी गई। उन्होंने उच्च स्तरीय जांच और दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है। वहीं, खंड चिकित्साधिकारी डॉ. मुक्ता रस्तोगी ने बताया कि मामले की जांच के लिए समिति गठित कर दी गई है और रिपोर्ट के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। उधर, स्वास्थ्य मंत्री धनीराम शांडिल के बयान का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसे लेकर भी चर्चा तेज है।

# पुलवामा हमले के मास्टरमाइंड हमजा बुरहान की पीओके में हत्या

एजेंसी, स्लामाबाद। पुलवामा आतंकी हमले के मुख्य साजिशकर्ताओं में से एक हमज़ा बुरहान की पीओके में अज्ञात लोगों ने हत्या कर दी। पुलवामा हमले में भारत के 40 जवान शहीद हो गये थे। रिपोर्ट के मुताबिक 2019 के पुलवामा हमले के मुख्य साज़िशकर्ताओं में से एक जिसमें 40 से ज्यादा सीआरपीएफ जवान शहीद हो गए थे उसे पाकिस्तान-अधिकृत कश्मीर (पीओके) में कुछ अज्ञात बंदूकधारियों ने मार गिराया है। 'डॉक्टर' के नाम से मशहूर हमजा बुरहान पर मुजफ्फराबाद में हमला हुआ था और उसके शरीर को गोलियों से छलनी कर दिया गया था। पुलवामा का रहने वाला बुरहान जिसका असली नाम अर्जुमंद गुलज़ार डार है उसे केंद्रीय गृह मंत्रालय ने 2022 में आतंकवादी घोषित किया था।



हमजा बुरहान को पीओके के मुजफ्फराबाद के पास एक घने जंगली इलाके में अज्ञात हमलावरों ने निशाना बनाया गया है। हमलावरों ने उस पर अंधाधुंध गोलियां चलाई थीं जिससे कई गोलियां लगने के कारण उसकी मौके पर ही मौत हो गई। वह पिछले कई सालों से पीओके में एक स्कूल टीचर का फर्जी पहचान के साथ रह रहा था। इसी आड़ में वह आतंकी ट्रेनिंग कैंप और घुसपैठ के नेटर्व चला रहा था। इसका असली नाम अर्जुमंद गुलज़ार डार था। वह मूल रूप से जम्मू-कश्मीर के पुलवामा जिले के रत्नीपोरा का रहने वाला था। (अनंत ज्ञान)

# फोरलेन की सुस्ती पर हाईकोर्ट हुआ सख्त

## कहा-अब बहानों से नहीं चलेगा काम, एनएचएआई के प्रबंध निदेशक अदालत में तलब

अनंत ज्ञान





ब्यूरो, शिमला। हिमाचल प्रदेश हाई कोर्ट ने कीरतपुर-नेरचौक फोरलेन निर्माण में लगातार हो रही देरी पर तीखा रुख अपनाते हुए राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के प्रबंध निदेशक को तलब कर लिया है। मुख्य न्यायाधीश गुरमीत सिंह संधावालिया और न्यायाधीश बीसी नेगी की खंडपीठ ने साफ शब्दों में कहा कि अब अदालत के पास एनएचएआई के शीर्ष अधिकारी को बुलाने के अलावा कोई दूसरा विकल्प नहीं बचा है। अदालत ने यह भी स्पष्ट किया कि जनता वर्षों से परेशान है और अब परियोजना की वास्तविक समयसीमा सामने आनी चाहिए।

हाई कोर्ट ने सुनवाई के दौरान फोरलेन निर्माण की सुस्त रफ्तार पर गहरी नाराजगी जताई। अदालत ने कहा कि मनाली और मंडी की ओर जाने वाले लाखों यात्रियों को पिछले पांच वर्षों से जाम, धूल, टूटे रास्तों और घंटों की देरी का सामना करना पड़ रहा है। अदालत ने टेकरदार कंपनी और एनएचएआई से पूछा कि आखिर परियोजना कब तक पूरी होगी और देरी के लिए जिम्मेदार कौन है। सुनवाई में यह भी सामने आया कि निर्माण कार्य की धीमी गति के पीछे लगातार अलग-अलग कारण गिनाए जा रहे हैं, जबकि आम जनता हर दिन इसकी कीमत चुका रही है।

उधर, न्यायपालिका से जुड़े मामलों में भी हाईकोर्ट ने राज्य सरकार के रवैये पर गंभीर टिप्पणी की। अदालत ने मुख्य सचिव को व्यक्तिगत रूप से उपस्थित रहने के निर्देश देते हुए कहा कि सरकार की ओर से दिए गए आश्वासन और जमीन पर दिखाई दे रही स्थिति में बड़ा अंतर नजर आ रहा है। खंडपीठ ने कहा कि अदालत की गरिमा और आदेशों की अनदेखी किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं की जाएगी। अदालत ने यह भी पूछा कि यदि 31 मार्च 2026 तक मामले के समाधान का भरोसा दिया गया था, तो फिर अब तक कोई ठोस परिणाम क्यों सामने नहीं आया।

# एयर इंडिया दिल्ली-बेंगलुरु फ्लाइट का पिछला हिस्सा रनवे से टकराया

एजेंसी, नई दिल्ली



### लैंडिंग के दौरान हादसा सभी यात्री सुरक्षित

एयर इंडिया की दिल्ली से बेंगलुरु जा रही फ्लाइट एआई2651 गुरुवार को केंपेगौड़ा इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर लैंडिंग के दौरान रनवे से टकरा गई। फ्लाइट का पिछला हिस्सा जमीन से टच हो गया। घटना को एविएशन भाषा में 'टेल स्ट्राइक' कहा जाता है।

फ्लाइट को सुरक्षित तरीके से उतार लिया गया। फ्लाइट में 181 यात्री सवार थे। घटना में किसी यात्री या क्रू सदस्य के घायल होने की सूचना नहीं है। फ्लाइट को हुए नुकसान को लेकर भी अभी स्पष्ट जानकारी नहीं है। सूत्रों के अनुसार, एयर इंडिया विमान दूसरे प्लेन के टेकऑफ के कारण 'वेक टर्बुलेंस' की चपेट में आ गया था। इसके बाद पायलट ने लैंडिंग टाल दी और फ्लाइट वापस हवा में ले ली। दोबारा लैंडिंग के दौरान विमान का पिछला हिस्सा रनवे से टकरा गया। बताया जा रहा है कि रनवे पर वेक टर्बुलेंस पास में उड़ान भर रहे एक वाइड-बॉडी विमान की वजह से पैदा हुई थी। इसके कारण एयर इंडिया फ्लाइट का बैलेंस बिगड़ गया। पायलट को अंदाजा हो गया था कि लैंडिंग में दिक्कत आ सकती है, इसलिए उसने नियमों के तहत 'गो-अराउंड' करने का फैसला लिया। गो-अराउंड के दौरान पायलट लैंडिंग अप्रोच के दौरान फ्लाइट को वापस हवा में ले जाता है। फिर स्थिति सामान्य होने पर दोबारा लैंडिंग की कोशिश करता है। (अनंत ज्ञान)


## बेटी है अनमोल — दिल्ली के मैक्स सुपर स्पेशलिटी अस्पताल के डॉक्टरों ने रोबोटिक सर्जरी कर किया कमाल

# बेटी ने लिवर दान कर बचाई पिता की जान

अनंत ज्ञान

जितेंद्र कौशल, बैजनाथ। 'बेटी है अनमोल', यह केवल एक कहावत नहीं, बल्कि बैजनाथ-पपरोला नगर परिषद के वार्ड नंबर-10 के एक परिवार ने इसे अपनी जिंदगी में सच साबित कर दिखाया है। डॉ. कृतिका शर्मा ने अपने 65 वर्षीय पिता प्रवीण शर्मा को नया जीवन देने के लिए अपने लिवर का हिस्सा दान कर मानवता, प्रेम और पारिवारिक समर्पण की ऐसी मिसाल पेश की है, जिसकी आज पूरे क्षेत्र में सराहना हो रही है।

जानकारी के अनुसार, प्रवीण शर्मा पिछले लंबे समय से लिवर की गंभीर बीमारी से जूझ रहे थे। समय के साथ उनकी हालत लगातार बिगड़ती जा रही थी और परिवार के सामने चिंता और बेबसी का कठिन दौर खड़ा हो गया था। वहीं, बेटी डॉ. कृतिका ने साहस और आत्मविश्वास के साथ अपने पिता की जिंदगी बचाने का संकल्प लिया। डॉक्टरों की लंबी सलाह, कई चिकित्सीय जांचों और प्रक्रियाओं के बाद उन्होंने अपने लिवर का हिस्सा दान करने का निर्णय लिया।



डॉ. कृतिका शर्मा ने चंडीगढ़ पीजीआई से एमडी की पढ़ाई पूरी की है और वर्तमान में वह दिल्ली के राम मनोहर लोहिया अस्पताल में अपनी सेवाएं दे रही हैं। चिकित्सा क्षेत्र में अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करने के साथ-साथ उन्होंने अपने परिवार के प्रति कर्तव्य और समर्पण का भी अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत किया है।

इस पूरे संघर्ष के दौरान परिवार की सबसे मजबूत कड़ी बनकर उभरीं कृतिका की माता सर्वेश शर्मा। उन्होंने हर परिस्थिति में अपने पति का साए की तरह साथ निभाया। अस्पताल से लेकर घर तक हर जिम्मेदारी उन्होंने पूरी मजबूती और धैर्य के साथ संभाली और कभी हिम्मत नहीं हारी।

इसके बाद दिल्ली के मैक्स सुपर स्पेशलिटी अस्पताल, वैशाली में विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम ने अत्याधुनिक रोबोटिक तकनीक की सहायता से सफल लिवर ट्रांसप्लांट सर्जरी को अंजाम दिया। इस जटिल ऑपरेशन का नेतृत्व प्रसिद्ध लिवर ट्रांसप्लांट विशेषज्ञ डॉ. सुभाष गुप्ता ने किया। उनके साथ डॉ. राजेश डे, डॉ. एस श्रीजीत तथा डॉ. मुकेश कुमार की टीम भी शामिल रही। डॉक्टरों के अनुसार आधुनिक रोबोटिक तकनीक के कारण सर्जरी अधिक सटीक रही और डोनर को कम दर्द व तेज रिकवरी का लाभ मिला।

### क्षेत्र में डॉ. कृतिका की हो रही खूब सराहना

क्षेत्र के लोग डॉ. कृतिका शर्मा के साहस, त्याग और अपने पिता के प्रति समर्पण की खुलकर सराहना कर रहे हैं। उन्होंने लीवर दान कर अपने 65 वर्षीय पिता की जान बचाकर मानवता की मिसाल पेश की। इस पूरे संघर्ष में परिवार की मजबूत कड़ी बनीं उनकी माता सर्वेश शर्मा की भूमिका को भी लोग भावुक होकर याद कर रहे हैं। उन्होंने हर कठिन समय में परिवार का सहारा बनकर महत्वपूर्ण जिम्मेदारी निभाई।

## न्यूज ब्रीफ

### शिलारू में जिला एथलेटिक्स चैंपियनशिप 24 को

**अनंत ज्ञान, ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल की खेल प्रतिभाओं को नई उड़ान देने के उद्देश्य से 24 मई को शिलारू के अत्याधुनिक 200 मीटर सिंथेटिक ट्रैक पर शिमला जिला एथलेटिक्स चैंपियनशिप-2026 का भव्य आयोजन किया जाएगा। प्रदेश एथलेटिक संघ के तत्वावधान में होने वाली इस प्रतियोगिता में जिले भर के युवा खिलाड़ी अपनी गति, शक्ति और प्रतिभा का दमखम दिखाएंगे। प्रतियोगिता में पुरुष एवं महिला वर्ग के साथ-साथ अंडर-20, अंडर-18, अंडर-16 और अंडर-14 आयु वर्ग के बालक-बालिका खिलाड़ी भाग लेंगे। खेल प्रेमियों और प्रतिभागियों में इस आयोजन को लेकर खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों का चयन आगामी राज्य एथलेटिक्स चैंपियनशिप-2026 के लिए किया जाएगा, जिसका आयोजन 13 और 14 जून को बिलासपुर में प्रस्तावित है। इसके बाद चयनित खिलाड़ी उत्तर क्षेत्र एथलेटिक्स प्रतियोगिता में हिमाचल का प्रतिनिधित्व करेंगे, जो सितंबर माह में देहरादून अथवा पुडुचेरी में आयोजित होने की संभावना है। संघ के महासचिव सी. पी. मेहता ने खिलाड़ियों से समय रहते पंजीकरण करवाने और पूरी तैयारी के साथ प्रतियोगिता में भाग लेने की अपील की है। उन्होंने कहा कि यह आयोजन प्रदेश के युवा खिलाड़ियों के लिए राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचने का सशक्त अवसर साबित होगा।

### रामपुर में एचपीएस ने करवाई मिनी मैराथन



**अनंत ज्ञान, आत्मा सिंह, रामपुर बुशहर।** रामपुर हाइड्रो पावर स्टेशन बायल में एसजेवीएन के 39वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में सुबह प्रातः मिनी मैराथन का आयोजन किया गया। यह मैराथन रामपुर क्षेत्र के दत्तनगर ग्राउंड से शुरू होकर निर्धारित मार्ग कोयल रोड तक तथा वापसी में पुनः दत्तनगर ग्राउंड पर संपन्न हुई। इस मिनी मैराथन में अधिकारियों, कर्मचारियों एवं उनके परिजनों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस दौरान प्रतियोगिता को विभिन्न आयु वर्गों एवं श्रेणियों में आयोजित किया गया, जिसमें पुरुष, महिला एवं बच्चों के अलग-अलग वर्ग शामिल रहे। परियोजना प्रमुख रामपुर एचपीएस विकास मारवाह ने कहा कि खेल एवं शारीरिक गतिविधियां स्वस्थ जीवनशैली के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। मिनी मैराथन को बीपी सिंह, मुख्य महाप्रबंधक (प्रापण एवं संविदा) द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

### किन्नर कैलाश यात्रा को लेकर मंथन शुरू

**अनंत ज्ञान, ब्यूरो, शिमला।** जनजातीय जिला किन्नौर में प्रसिद्ध किन्नर कैलाश यात्रा को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क और सक्रिय नजर आ रहा है। देव आस्था, सांस्कृतिक विरासत और स्थानीय भावनाओं से जुड़ी इस अहम यात्रा को लेकर प्रशासनिक स्तर पर गहन मंथन शुरू हो गया है। आगामी दिनों में सरकार, स्थानीय प्रतिनिधिमंडल व प्रशासन के बीच होने वाली अहम बातचीत के बाद ही यात्रा को लेकर कोई अंतिम फैसला लिया जाएगा। पूरे मामले पर लोगों की निगाहें टिकी हुई हैं और श्रद्धालुओं के बीच भी उत्सुकता का माहौल बना हुआ है। जानकारी के अनुसार प्रशासन क्षेत्र की धार्मिक परंपराओं, सांस्कृतिक विरासत व देव संस्कृति को लेकर सक्रिय है। इसी संदर्भ में प्रशासन ने जल्द ही एक उच्च स्तरीय बैठक बुलाने जा रहा है, जिसमें संबंधित विभागों के साथ-साथ स्थानीय प्रतिनिधियों से भी विस्तृत चर्चा की जाएगी। इस विषय पर कैबिनेट मंत्री एवं विधायक जगत सिंह नेगी से भी विशेष तौर पर सलाह-मशविरा किया जाएगा। गौरतलब है कि पिछले वर्ष किन्नर कैलाश यात्रा 15 जुलाई से शुरू हुई थी और करीब 45 दिनों तक चली थी। जबकि सामान्य परिस्थितियों में यह यात्रा हर वर्ष 1 अगस्त से 15 अगस्त तक आयोजित की जाती रही है।

### भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाने की अपील

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** शिमला में आयोजित भ्रष्टाचार निरोधक जागरूकता कार्यक्रम में लोगों को रिश्वतखोरी और अवैध लेनदेन के खिलाफ खुलकर शिकायत दर्ज करवाने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में अधिकारियों ने कहा कि भ्रष्टाचार को छिपाने के बजाय उसके खिलाफ आवाज उठाना जरूरी है, ताकि दोषियों पर सख्त कार्रवाई हो सके। इस दौरान शिकायतों के लिए हेल्पलाइन नंबर 0177-2654110 भी साझा किया गया। कार्यक्रम में यह भी बताया गया कि रिश्वत लेना और देना दोनों कानूनन अपराध हैं। अधिकारियों ने कहा कि आम लोगों की सक्रिय भागीदारी से भ्रष्टाचार के बड़े मामलों का खुलासा संभव हो सकता है। विभिन्न संगठनों और विभागों के प्रतिनिधियों की मौजूदगी में लोगों को जागरूक रहकर भ्रष्टाचार के खिलाफ सहयोग देने का संदेश दिया गया।

# शिमला में गहराया पेट्रोल-डीजल का संकट

## पेट्रोल पंपों पर कतारों से बढ़ रही परेशानी तेल के लिए भटक रहे वाहन चालक

## पर्यटन और बागवानी सीजन के बीच सप्लाई सीमित करने पर उठे सवाल

अनंत ज्ञान

**शिमला/रामपुर बुशहर।** हिमाचल प्रदेश में पेट्रोल व डीजल की किल्लत अब गंभीर रूप लेती दिखाई दे रही है। राज्य के कई जिलों में पेट्रोल पंप ड्राई होने लगे हैं, जबकि कई स्थानों पर तेल का भंडार समाप्ति की कगार पर पहुंच चुका है। हालात ऐसे बन गए हैं कि वाहन चालकों को कई-कई किलोमीटर दूर तक भटकना पड़ रहा है और अनेक पेट्रोल पंपों से उन्हें खाली हाथ लौटना पड़ रहा है। सबसे अधिक परेशानी राष्ट्रीय राजमार्गों पर सफर करने वाले लोगों, ट्रक चालकों और स्थानीय निवासियों को झेलनी पड़ रही है। तेल संकट को लेकर लोगों में चिंता और असमंजस का माहौल लगातार गहराता जा रहा है।

जानकारी के अनुसार शिमला के रामपुर सहित कई क्षेत्रों में पेट्रोल पंप संचालकों ने डीजल और पेट्रोल की सीमित आपूर्ति शुरू कर दी है। रामपुर के खनेरी पेट्रोल पंप पर छोटे वाहनों को केवल पांच सौ रुपए तक का ही पेट्रोल दिया जा रहा है, जबकि बड़े वाहनों को जरूरत के अनुसार सीमित मात्रा में डीजल उपलब्ध कराया जा रहा है। भद्राश से किन्नौर सीमा के बधाल तक राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित सात में से पांच पेट्रोल पंपों के सूख जाने से यात्रियों और स्थानीय लोगों की परेशानियां और बढ़ गई हैं। निरसू, दत्तनगर, पाटबंगला, ज्यूरी और बधाल के पंपों पर तेल न मिलने से लंबी कतारें और अफरा-तफरी का माहौल देखने को मिल रहा है।

तेल संकट का असर परिवहन व्यवस्था से लेकर खेतीबाड़ी पर साफ दिखने लगा है। सेब उत्पादक क्षेत्रों में कृषि कार्यों और माल ढुलाई के लिए उपयोग होने वाले वाहनों को पर्याप्त ईंधन नहीं मिल पा रहा है, जिससे बागवानों की चिंताएं बढ़ गई हैं। दूसरी ओर पेट्रोल पंप संचालकों ने बोतलों और कैनियों में तेल भरने पर पूरी तरह रोक लगा दी है ताकि उपलब्ध भंडार को अधिक समय तक बचाया जा सके। लगातार घटती सप्लाई के कारण लोगों में भविष्य को लेकर आशंका पैदा हो गई है और कई क्षेत्रों में लोग आवश्यकता से अधिक तेल भरवाने की कोशिश कर रहे हैं।



### जिला प्रशासन ने आईओसी को दिए त्वरित कार्रवाई के निर्देश

**शिमला** के रामपुर क्षेत्र में पेट्रोल व डीजल की कमी को लेकर जिला प्रशासन ने गंभीरता दिखाते हुए त्वरित कदम उठाए हैं। जिला नियंत्रक, खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले शिमला ने इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन के स्टेट लेवल को-ऑर्डिनेटर एवं सीनियर डिविजनल मैनेजर को पत्र जारी कर पेट्रोल-डीजल की आपूर्ति को तुरंत सुचारू करने के निर्देश दिए हैं। पेट्रोलियम उत्पादों की कमी के कारण स्थानीय जनता, बागवानों तथा यात्रियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जिला नियंत्रक ने पत्र में उल्लेख किया कि इस समय पर्यटन सीजन चरम पर है और वाहनों की आवाजाही में काफी बढ़ोतरी हुई है। साथ ही क्षेत्र में बागवानी गतिविधियां भी तेज़ी से चल रही हैं, जिनके लिए डीजल व पेट्रोल की नियमित आपूर्ति अत्यंत आवश्यक है। प्रशासन ने आईओसी को निर्देश दिए हैं कि वह प्राथमिकता के आधार पर रामपुर क्षेत्र में पेट्रोल-डीजल की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित करे, ताकि आम जनता को किसी प्रकार की असुविधा न हो। पत्र में शीघ्र कार्रवाई करने का आग्रह भी किया गया है।

### तेल कंपनियों के दावे और जमीनी हकीकत

**तेल** कंपनियां प्रदेश में पेट्रोल व डीजल की पर्याप्त उपलब्धता का दावा कर रही हैं, लेकिन जमीनी हालात इन दावों से बिलकुल अलग नजर आ रहे हैं। कई जिलों में वाहन चालक घंटों इंतजार करने के बावजूद ईंधन नहीं प्राप्त कर पा रहे हैं। यदि जल्द ही नियमित आपूर्ति बहाल नहीं हुई तो आने वाले दिनों में स्थिति और अधिक विकट हो सकती है। पर्यटन सीजन और सेब सीजन के बीच उत्पन्न हुआ यह संकट सरकार और तेल कंपनियों के लिए बड़ी चुनौती बनता जा रहा है। आम जनता अब प्रशासन और संबंधित कंपनियों से तत्काल राहत और निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग कर रही है।

## सुरेंद्र कुमार ने उठाई समान कानून लागू करने की मांग

**अनंत ज्ञान, रामपुर बुशहर।** हिमाचल प्रदेश में सामाजिक एवं कानूनी मुद्दों को लेकर सीसीआईडी ट्रस्ट के आरटीआई राष्ट्रीय अधिकारी सुरेंद्र कुमार ने सरकार से पुरुषों और महिलाओं के लिए समान कानून लागू करने की अपील की है। उन्होंने यहां जारी एक बयान में कहा कि समाज में कानून सभी के लिए बराबर होना चाहिए तथा पारिवारिक एवं सामाजिक व्यवस्थाओं को लेकर स्पष्ट नियम बनाए जाने चाहिए। सुरेंद्र ने कहा कि यदि कोई व्यक्ति किसी महिला को अपने घर में शरण देता है और मामला कानून के दायरे में आता है, तो संबंधित व्यक्ति के खिलाफ कानूनी कार्रवाई भी हो सकती है तथा सजा का प्रावधान भी लागू किया जा सकता है। उन्होंने सरकार से इस विषय पर स्पष्ट नीति एवं सख्त कानून बनाने की मांग करते हुए कहा कि इससे समाज में पारदर्शिता और अनुशासन बना रहेगा।



## डीसी ने अफसरों-कर्मियों को दिलाई आतंकवाद विरोधी शपथ



अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** एंटी टेररिज्म डे के अवसर पर जिला प्रशासन शिमला द्वारा उपायुक्त कार्यालय परिसर में आतंकवाद विरोधी शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान उपायुक्त शिमला अनुपम कश्यप ने अधिकारियों और कर्मचारियों को आतंकवाद एवं हिंसा के विरुद्ध एकजुट होकर कार्य करने की शपथ दिलाई।

उन्होंने कहा कि आतंकवाद मानवता के लिए सबसे बड़ा खतरा है और इससे मुकाबला करने के लिए समाज के हर व्यक्ति को जागरूक एवं सतर्क रहने की आवश्यकता है। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

उपायुक्त ने कहा कि एंटी टेररिज्म डे मनाने का उद्देश्य समाज में शांति, सद्भाव और भाईचारे की भावना को मजबूत करना है, ताकि हिंसा और कट्टरता के लिए कोई स्थान न रहे। उन्होंने युवाओं से राष्ट्र निर्माण में सकारात्मक भूमिका निभाने और सामाजिक समरसता बनाए रखने का आह्वान किया। इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों ने देश की एकता, अखंडता और सुरक्षा के लिए हर प्रकार के आतंकवाद और हिंसा का विरोध करने तथा सामाजिक सौहार्द बनाए रखने की प्रतिबद्धता दोहराई।

# शिमला में सैहब कर्मचारियों की हड़ताल खत्म

## मेयर और यूनियन के बीच बनी सहमति, 7 दिन बाद आज से घर-घर उठेगा कूड़ा

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** राजधानी शिमला में पिछले सात दिनों से जारी सफाई संकट आखिरकार समाप्त हो गया है। नगर निगम शिमला और सैहब सोसाइटी कर्मचारियों के बीच चली लंबी तनातनी के बाद वीरवार को मेयर सुरेंद्र चौहान और यूनियन पदाधिकारियों के बीच हुई अहम बैठक में सभी प्रमुख मांगों पर सहमति बन गई। इसके साथ ही सैहब कर्मचारियों ने अपनी हड़ताल वापस लेने की घोषणा कर दी है। शुक्रवार से शहर के सभी वार्डों में नियमित रूप से कूड़ा उठान शुरू होगा, जिससे हजारों शहरवासियों को बड़ी राहत मिलेगी।

गौरतलब है कि हड़ताल के कारण पूरे शहर में सफाई व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई थी। बाजारों, गलियों और रिहायशी इलाकों में कूड़े के ढेर लग गए थे, जिससे लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। पर्यटन सीजन के बीच राजधानी की बिगड़ती सफाई व्यवस्था प्रशासन के लिए भी चिंता का विषय बनी हुई थी। गुरुवार सुबह भी सैहब कर्मियों ने अपनी मांगों को लेकर उपायुक्त कार्यालय के बाहर जोरदार प्रदर्शन किया, जिसके बाद नगर निगम स्तर पर वार्ता का रास्ता खुला।

बैठक के बाद मेयर सुरेंद्र चौहान ने बताया कि कर्मचारियों की रोकी गई 10 प्रतिशत वेतनवृद्धि को आगामी 4 जून को होने वाली एजीएम में बहाल करने का निर्णय लिया जाएगा। इसके अलावा 41 कर्मचारियों के टर्मिनेशन आदेश वापस लेने, 15 दिन के विशेष अवकाश तथा लंबे समय से लंबित 4-9-14 लाभ को लागू करने पर भी सहमति बनी है। यूनियन अध्यक्ष जसवंत सिंह ने कहा कि नगर निगम प्रशासन द्वारा कर्मचारियों की मांगों को सकारात्मक रूप से स्वीकार किया गया है, जिसके चलते हड़ताल समाप्त करने का फैसला लिया गया।



शिमला नगर निगम के मेयर सुरेंद्र चौहान से वार्ता करते यूनियन नेता।

### शहर में अब तेजी से चलेगा सफाई अभियान

**नगर** निगम प्रशासन अब शहर में जमा कचरे को जल्द हटाने के लिए विशेष सफाई अभियान चलाने की तैयारी में है। निगम अधिकारियों के अनुसार शुक्रवार सुबह से अतिरिक्त गाड़ियों और कर्मचारियों की मदद से शहर के सभी प्रमुख इलाकों में सफाई कार्य तेज किया जाएगा, ताकि राजधानी की व्यवस्था जल्द सामान्य हो सके। लगातार सात दिनों तक चले इस गतिरोध के समाप्त होने से न केवल आम जनता बल्कि कारोबारियों और पर्यटन क्षेत्र से जुड़े लोगों ने भी राहत महसूस की है।

◆ वेतनवृद्धि बहाली से लेकर टर्मिनेशन आदेश वापस लेने तक कई मांगें मानीं

◆ सफाई कर्मियों को विशेष अवकाश और 4-9-14 लाभ देने पर भी सहमति

# चौपाल में छात्रा से छेड़छाड़, पुलिस ने 24 घंटे के भीतर दबोचा आरोपी

## छात्रा ने घटना को वीडियो बनाकार किया वायरल

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** राजधानी शिमला के चौपाल क्षेत्र में एक स्कूली छात्रा के साथ कथित छेड़छाड़ का मामला सामने आने के बाद पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। छात्रा ने न केवल साहस और समझदारी का परिचय दिया, बल्कि आरोपी युवक का वीडियो बनाकर उसकी हरकतों को उजागर कर दिया। सोशल मीडिया पर वायरल हुए वीडियो के बाद पुलिस ने भी तेजी दिखाते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

जानकारी के अनुसार, छात्रा स्कूल से घर लौट रही थी, तभी एक युवक ने उसके साथ अभद्र व्यवहार करते हुए उसे जबरन बाइक पर बैठाने की कोशिश की। छात्रा ने डरने के बजाय हिम्मत दिखाई और तुरंत मोबाइल फोन ऑन कर वीडियो बनाना शुरू कर दिया। वीडियो बनते देख आरोपी घबरा गया, लेकिन छात्रा लगातार उसे फटकार लगाती रही। वायरल वीडियो में छात्रा आरोपी से उसकी मां का फोन नंबर मांगते हुए सुनाई दे रही है। वह आरोपी को खरी-खोटी सुनाते हुए कहती है कि अगर वह किसी की बेटी के साथ ऐसा व्यवहार करेगा तो उसके अपने परिवार पर क्या गुजरेगी। छात्रा की आवाज में दिखा आत्मविश्वास और साहस लोगों को भावुक भी कर रहा है और प्रेरित भी। घटना के बाद छात्रा के परिजन देर शाम चोपाल थाना पहुंचे और पुलिस को शिकायत सौंपी। शिकायत मिलते ही पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी। लगातार तलाश के बाद पुलिस ने आरोपी युवक को अगले ही दिन चौपाल क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया। बताया जा रहा है कि आरोपी उत्तर प्रदेश का रहने वाला है और घटना के बाद फरार हो गया था।

◆ छात्रा की सूझबूझ और साहस की हर तरफ सराहना

## मिशन-32 फीसदी हरियाली से बदलेगा हिमाचल का भविष्य

**अनंत ज्ञान ब्यूरो। शिमला।** हिमाचल प्रदेश को देश का सबसे सशक्त हरित राज्य बनाने की दिशा में सुक्खू सरकार ने एक और बड़ा कदम बढ़ाया है। प्राकृतिक सौंदर्य, जैव विविधता और पर्यावरणीय संतुलन को सुरक्षित रखने के उद्देश्य से सरकार ने महत्वाकांक्षी 'मिशन-32 प्रतिशत' आरंभ किया है, जिसके तहत वर्ष 2030 तक प्रदेश के हरित आवरण को वर्तमान 29.5 प्रतिशत से बढ़ाकर 32 प्रतिशत तक पहुंचाने का लक्ष्य तय किया गया है। मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविन्द्र सिंह सुक्खू की दूरदर्शी सोच के अनुरूप वन विभाग ने इसके लिए व्यापक कार्य योजना तैयार कर धरातल पर अभियान तेज कर दिया है। प्रदेश सरकार की इस हरित पहल को हिमाचल के पर्यावरणीय भविष्य से जोड़कर देखा जा रहा है। सरकार का मानना है कि वन क्षेत्र में वृद्धि से न केवल जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभाव कम होंगे, बल्कि मिट्टी संरक्षण, जल स्त्रोतों के संरक्षण और पारिस्थितिकी संतुलन को भी नई मजबूती मिलेगी। इसी उद्देश्य से कैम्पा, बाह्य सहायता प्राप्त परियोजनाओं और विभिन्न विभागीय योजनाओं के माध्यम से बड़े स्तर पर पौधरोपण अभियान चलाए जा रहे हैं। वित्तीय वर्ष 2026-27 में प्रदेशभर में 8 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में पौधरोपण का लक्ष्य रखा गया है, जिसमें फलदार और देशी प्रजातियों के पौधों को प्राथमिकता दी जाएगी। सरकार की यह योजना केवल पर्यावरण संरक्षण तक सीमित नहीं है, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती देने की दिशा में भी महत्वपूर्ण मानी जा रही है। कृषि वानिकी, सामुदायिक भागीदारी और वनीकरण गतिविधियों के माध्यम से ग्रामीण परिवारों, महिलाओं और युवाओं के लिए स्थायी आजीविका के नए अवसर सृजित किए जाएंगे। राजीव गांधी वन संवर्धन योजना, मुख्यमंत्री वन विस्तार योजना और राजीव गांधी ग्रीन एडॉप्शन स्कीम के तहत प्रदेश में व्यापक जनभागीदारी सुनिश्चित की जा रही है।

# पर्यटन सीजन में राजधानी शिमला कूड़े के ढेरों से बेहाल : भाजपा

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** भाजपा प्रदेश मीडिया संयोजक कर्ण नंदा ने शिमला नगर निगम में सफाई कर्मचारियों के खिलाफ की जा रही कार्रवाई को लेकर कांग्रेस सरकार और नगर निगम प्रशासन पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि कोरोना महामारी के दौरान अपनी जान जोखिम में डालकर शहर को स्वच्छ रखने वाले कोविड योद्धाओं को आज सड़कों पर लाने का काम किया जा रहा है। कर्ण नंदा ने आरोप लगाया कि 41 कर्मचारियों को नौकरी से निकालने और 270 आउटसोर्स कर्मचारियों को बदलने का फैसला सरकार की कर्मचारी विरोधी और संवेदनहीन कार्यप्रणाली को उजागर करता है।

उन्होंने कहा कि पिछले छह दिनों से राजधानी शिमला की सफाई व्यवस्था पूरी तरह चरमरा चुकी है और शहर के कई इलाकों में कूड़े के बड़े-बड़े ढेर लगे हुए हैं। पर्यटन सीजन के बीच गंदगी फैलने से स्थानीय लोगों और पर्यटकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। भाजपा नेता ने चेतावनी देते हुए कहा कि कूड़े के ढेरों के कारण बंदरों और आवारा कुत्तों का खतरा बढ़ गया है तथा शहर में महामारी जैसे हालात पैदा होने की आशंका भी गहरा रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार समस्या का समाधान निकालने की बजाय कर्मचारियों पर दमनात्मक कार्रवाई करने में व्यस्त है।

कर्ण नंदा ने कहा कि कर्मचारियों की जायज मांगों को सुनने और बातचीत करने के बजाय उन्हें डराने और हटाने की राजनीति की जा रही है। उन्होंने सवाल उठाया कि जब नगर निगम कूड़ा उठाने के शुल्क में बढ़ोतरी कर सकता है तो वर्षों से सफाई व्यवस्था संभाल रहे कर्मचारियों के वेतन और सुविधाओं में सुधार क्यों नहीं किया जा सकता।

भाजपा ने चेतावनी दी कि यदि कर्मचारियों का उत्पीड़न बंद नहीं हुआ और सफाई व्यवस्था में तत्काल सुधार नहीं किया गया तो पार्टी कर्मचारियों, दलित समाज और आम जनता के सम्मान की लड़ाई को और मजबूती से उठाएगी।

◆ कोविड योद्धाओं के साथ अन्याय कर रही सरकार

## राजस्व विभाग में 21 कानूनगो बने नायब तहसीलदार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** प्रदेश सरकार के राजस्व विभाग ने प्रदेश के 21 कानूनगो अधिकारियों को बड़ी सौगात देते हुए उन्हें नियमित आधार पर नायब तहसीलदार पद पर पदोन्नत कर दिया है। विभाग की ओर से जारी अधिसूचना के अनुसार विभागीय पदोन्नति समिति तथा हिमाचल प्रदेश लोक सेवा आयोग से परामर्श के बाद यह फैसला लिया गया। सभी अधिकारियों को पे-मैट्रिक्स लेवल-12 के तहत नियुक्ति दी गई है। सरकार ने इन पदोन्नतियों को तत्काल प्रभाव से लागू करने के आदेश जारी किए हैं। इस निर्णय के बाद राजस्व विभाग में लंबे समय से पदोन्नति का इंतजार कर रहे अधिकारियों में खुशी का माहौल है।

जारी अधिसूचना के अनुसार पदोन्नत होने वालों में इकबाल सिंह, राज कुमार, शुभ कुमार, अजय कुमार, रमन कुमार, कमल देव, सतीश पुरी, राजेश कुमार, राकेश कुमार, रविंद्र कुमार, सतीश कुमार, परवीन कौर, प्रेम चंद, पवन कुमार, विच्छतर सिंह, बलजीत सिंह, पवन कुमार, सतीश कुमार, परवेश कुमारी, धर्म पाल तथा शरवान सिंह शामिल हैं। इनमें अधिकांश अधिकारी ऊना, कांगड़ा, हमीरपुर, कुल्लू और चंबा जिलों में विभिन्न कानूनगो पदों पर कार्यरत थे। विभाग ने स्पष्ट किया है कि इन अधिकारियों की तैनाती संबंधी अलग आदेश शीघ्र जारी किए जाएंगे। राजस्व विभाग की अधिसूचना में कहा गया है कि सभी पदोन्नत अधिकारी एक माह के भीतर मूल नियमों के तहत वेतन निर्धारण का विकल्प भी दे सकेंगे। यह आदेश राज्य चुनाव आयोग की पूर्व स्वीकृति के बाद जारी किया गया है।

# गेयटी थियेटर में सजी 'द सोल कलेक्शन पेंटिंग'

## कर्ण नंदा बोले- युवाओं की प्रतिभा को नई उड़ान दे रहे रचनात्मक आयोजन

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** शिमला के ऐतिहासिक गेयटी थियेटर के टैवर्न हॉल में वीरवार को आयोजित द सोल कलेक्शन पेंटिंग प्रदर्शनी ने कला प्रेमियों को हिमाचली संस्कृति, लोकजीवन और आध्यात्म की रंगीन दुनिया से रू-ब-रू कराया। प्रदर्शनी का शुभारंभ भाजपा हिमाचल प्रदेश के मीडिया संयोजक कर्ण नंदा ने किया।

कलाकार जितेंद्र चौहान द्वारा तैयार की गई आकर्षक कलाकृतियों में हिमाचल की प्राकृतिक छटा, सामाजिक सरोकार और सांस्कृतिक विरासत की जीवंत झलक दिखाई दी। रंगों और भावनाओं से सजी पेंटिंग्स ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया और प्रदर्शनी पूरे दिन आकर्षण का केंद्र बनी रही।



मुख्यातिथि कर्ण नंदा ने कहा कि कला केवल अभिव्यक्ति का माध्यम नहीं, बल्कि समाज को जोड़ने और संस्कृति को जीवंत बनाए रखने की सशक्त धरोहर है। उन्होंने कहा कि आज के डिजिटल दौर में ऐसे आयोजन नई पीढ़ी को अपनी जड़ों और सांस्कृतिक मूल्यों से जोड़ने का महत्वपूर्ण कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कलाकार जितेंद्र चौहान के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की प्रदर्शनी युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का सशक्त मंच प्रदान करती हैं और हिमाचल की समृद्ध सांस्कृतिक पहचान को राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान दिलाने में सहायक सिद्ध होंगी। प्रदर्शनी 23 मई तक आम लोगों के लिए खुली रहेगी, जहां कला प्रेमी विभिन्न विषयों पर आधारित अनूठी पेंटिंग्स का अवलोकन कर सकेंगे।

**मदद** बिलिंग, नए कनेक्शन, मीटरिंग और जलापूर्ति संबंधी समस्याओं का एक मंच पर निवारण

# 24x7 हेल्पलाइन बनी शिमलावासियों का भरोसेमंद सहारा

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** राजधानी शिमला जल प्रबंधन निगम के दिशा-निर्देशों के तहत फ्रांसीसी जल प्रबंधन कंपनी सूएज द्वारा संचालित ग्राहक सेवा केंद्र संजौली और 24x7 हेल्पलाइन सेवा शहरवासियों के लिए बड़ी राहत बनकर सामने आई है। बीते वर्ष जून माह में शुरू की गई इस सुविधा के माध्यम से अब तक 4200 से अधिक उपभोक्ताओं की शिकायतों और पूछताछों का सफलतापूर्वक समाधान किया जा चुका है। निगम की इस पहल से जल सेवाओं में पारदर्शिता, त्वरित कार्रवाई और उपभोक्ताओं के भरोसे को नई मजबूती मिली है। निगम के निर्देशानुसार संचालित हेल्पलाइन नंबर 87671-98000 पर नागरिकों को चौबीसों घंटे सेवाएं उपलब्ध करवाई जा रही हैं। पानी से जुड़ी किसी भी समस्या, शिकायत अथवा जानकारी के लिए अब उपभोक्ताओं को अलग-अलग कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ रहे। एक ही मंच पर शिकायत दर्ज होने के साथ उसका समयबद्ध और प्रभावी समाधान सुनिश्चित किया जा रहा है, जिससे लोगों को बड़ी सुविधा मिल रही है।

इस सेवा के अंतर्गत बिलिंग, नए जल कनेक्शन, भुगतान संग्रहण, नेटवर्क रखरखाव, मीटरिंग, मीटर रीडिंग, मोबाइल एवं ई-मेल अलर्ट सहित संचालन और रखरखाव से जुड़ी तमाम समस्याओं का समाधान किया जा रहा है। निगम का कहना है कि प्रत्येक शिकायत पर तत्परता से कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है, ताकि शहरवासियों को निर्बाध, सुरक्षित और विश्वसनीय जलापूर्ति उपलब्ध हो सके।

निगम का कहना है कि हम जवाबदेही और कार्यकुशलता के साथ कार्य कर रहे हैं। निगम का मुख्य उद्देश्य उपभोक्ताओं को बेहतर सेवाएं उपलब्ध करवाना और हर शिकायत का त्वरित समाधान सुनिश्चित करना है। नागरिकों से अपील की गई है कि किसी भी प्रकार की समस्या, सुझाव या जानकारी के लिए सीधे 24म7 हेल्पलाइन नंबर 87671-98000 पर संपर्क करें। शिमला जल प्रबंधन निगम की यह पहल उपभोक्ता सेवाओं को आधुनिक, प्रभावी और जनहितैषी बनाने की दिशा में एक मजबूत कदम मानी जा रही है।



ग्राहक सेवा केंद्र में जलापूर्ति संबंधी जानकारी प्राप्त करती एक उपभोक्ता।

◆ संजौली ग्राहक सेवा केंद्र से मिल रहीं त्वरित सेवाएं

# जेल में सजा काट रहे कैदी की मौत

## परिजनों ने उठाई निष्पक्ष जांच की मांग, एसपी अशोक रत्न के समक्ष रखे कुछ बिंदु

◆ परिजन बोले- जेल के सीसीटीवी देखना चाहेंगे

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** जिला कारागार धर्मशाला में सजा काट रहे कैदी विवेक की मौत हो गई। कैदी की मौत पर परिजनों ने निष्पक्ष जांच की मांग की है। परिजनों का आरोप है कि विवेक की मौत साढ़े पांच बजे हुई, जबकि उन्हें सूचना सात बजे के लगभग दी गई। वीरवार को मृतक के परिजनों ने एसपी कांगड़ा अशोक रत्न से मिलकर मामले को कुछ आशंका जाहिर की, जिस पर उचित कार्रवाई की मांग कही। परिजनों का आरोप है कि मौत बुधवार को साढ़े पांच बजे के करीब हो गई थी, जबकि उन्हें सूचना 7 बजे के लगभग दी गई।

परिजनों का कहना है कि कैदी की मौत करंट लगने से होने की बात कही जा रही है, जबकि उन्हें बताया गया कि पहले उसे प्राथमिक उपचार के लिए जोनल अस्पताल धर्मशाला भी ले जाया गया था या सीधे टांडा ही पहुंचा दिया गया। मृतक कैदी एक मामले में जिला कारागार धर्मशाला में मार्च 2023 से सजा काट रहा था और इस दौरान कई बार पैरोल पर घर भी जा चुका था।



एसपी कार्यालय पहुंचे मृतक कैदी के परिजन। अनंत ज्ञान

### पर्ची पर था सात बजकर 5 मिनट का समय: ईशु



**मृतक** के छोटे भाई ईशु ने बताया कि सुनने में आ रहा है कि भाई की लड़ाई हुई थी। पंखे की तार की वजह से घटना पेश आने की बात कही जा रही है। भाई की जो पर्ची बनाई गई थी, उसमें 7 बजकर 5 मिनट का समय लिखा गया है, जो कि टांडा अस्पताल की थी, ऐसे में हमें ज्ञान नहीं है, उन्हें जोनल अस्पताल लेकर गए थे या नहीं। हम जेल में लगे सीसीटीवी की फुटेज देखना चाहते हैं कि आखिर हुआ था और कैसे उपचार के लिए ले जाया गया।

### मौत के कारणों की जांच को करवाएंगे पोस्टमार्टम: एसपी



**एसपी** कांगड़ा अशोक रत्न ने बताया कि यह मामला साढ़े पांच बजे का है, पुलिस को भी इसकी सूचना मिली थी। जिस पर प्राथमिक जांच के लिए कैदी को अस्पताल ले जाया गया था, जहां पुलिस टीम भी पहुंची थी। मौत के कारणों की जांच के लिए पोस्टमार्टम करवाया जाएगा। जेल प्रशासन की ओर से करंट लगने से मौत की बात कही गई है, जिसकी गहनता से जांच की जाएगी। मृतक के परिजनों ने अपनी कुछ शंकाएं जाहिर की हैं, उन्हें भी जांच में शामिल किया जाएगा।

### अच्छा था मृतक का व्यवहार: जेल अधीक्षक



**जिला** कारागार के अधीक्षक विकास भटनागर ने कहा कि जेल में विवेक नाम के कैदी की मौत हुई है। मामले की ज्यूडिशियल इंक्वायरी का आग्रह किया गया है। मौत के सही कारणों की जानकारी पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मिलेगी। मृतक कैदी का व्यवहार अच्छा था, जिसके चलते उसे कुछ समय के लिए बाहर भी कार्य में लगाया था।

## पठानिया ने पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर अर्पित की श्रद्धांजलि

**अनंत ज्ञान, कोहली, शाहपुर।** ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सुरेश पटाकू की अध्यक्षता में वीरवार को पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी की पुण्यतिथि के अवसर पर रैत स्थित कांग्रेस कार्यालय में एक विशेष श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर शाहपुर के विधायक केवल सिंह पठानिया विशेष रूप से उपस्थित रहे। केवल सिंह पठानिया, ब्लॉक अध्यक्ष सुरेश पटाकू और उपस्थित सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने स्वर्गीय राजीव गांधी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए विधायक केवल सिंह पठानिया ने राजीव गांधी के जीवन और उनके संघर्षों पर प्रकाश डाला।

पठानिया ने कहा कि देश की एकता और अखंडता के लिए उनका सर्वोच्च बलिदान हमेशा याद रखा जाएगा। इस अवसर पर उपस्थित सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने राजीव गांधी के पदचिह्नों पर चलने और देश व समाज की सेवा करने का संकल्प लिया।

# धर्मशाला में नई इलेक्ट्रिक बस का ट्रायल शुरू

## एक चार्ज पर दौड़ेगी 180 किलोमीटर, 24 पुरानी गाड़ियों को डिस्पॉजऑफ करेगा निगम

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** जिला मुख्यालय धर्मशाला में नई इलेक्ट्रिक बस का ट्रायल शुरू हो गया है। पहले आई इलेक्ट्रिक बसों के मुकाबले इन नई बसों की क्षमता एक चार्ज पर 180 किलोमीटर की है। वहीं निगम 24 पुरानी बसों को इसी माह डिस्पॉजऑफ करने जा रहा है। डीएम एचआरटीसी डिवीजन धर्मशाला पंकज चड्ढा ने बताया कि एचआरटीसी के बेड़े में 297 नई इलेक्ट्रिक बसें जुड़ने वाली हैं। अत्याधुनिक तकनीक की यह बसें यात्रियों की यात्रा को सुखद बनाती हैं। एचआरटीसी की ओर से पहले भी इन बसों का ट्रायल किया गया था और कुछ मोडिफिकेशन के लिए कंपनी को कहा गया था।

अब नई मोडिफाइड बस आई है, जिसका तीन रूटों, धर्मशाला से खनियारा, धर्मशाला से नगरोटा सूरियां और धर्मशाला से घेरा के बीच ट्रायल किया गया है।



धर्मशाला में ट्रायल को पहुंची नई इलेक्ट्रिक बस। अनंत ज्ञान

### ट्रायल से डाटा तैयार कर भेजेंगे रिपोर्ट

**डीएम** ने बताया कि ट्रायल के दौरान किलोमीटर के हिसाब से कितनी बेटरी यूज हुई, इसका पूरा डाटा तैयार करके रिपोर्ट मुख्य कार्यालय को भेजी जाएगी। एक माह के भीतर निगम की 24 बसों को डिस्पॉजऑफ किया जाएगा। पहले जो इलेक्ट्रिक बसें आई थी, उनकी क्षमता एक चार्ज पर 150 किलोमीटर थी, जबकि नई गाड़ियां एक चार्ज पर 180 किलोमीटर का सफर तय करेंगी।

## कांगड़ा-शिमला हवाई किराया अधिक होने से यात्री हुए कम

**अनंत ज्ञान, गगल।** कांगड़ा एयरपोर्ट से शिमला एयरपोर्ट तक जाने वाली एलाइंस एयर का किराया ज्यादा होने से यात्री की संख्या कम होती जा रही है। पहले यही एलाइंस एयर विमान कांगड़ा एयरपोर्ट से शिमला जाता था तो किराया 17 00 रुपए के लगभग होता था, लेकिन अब इस विमान का किराया कांगड़ा एयरपोर्ट से शिमला तक जाने के लिए हवाई यात्रियों को 4000 से ज्यादा देना पड़ रहा है। इसके चलते हवाई यात्रियों की संख्या कम होती जा रही है। लोगों का कहना है कि सरकार को चाहिए कि इस विमान का किराया 2000 रुपए के लगभग होना चाहिए, ताकि लोकल यात्री हवाई सफर कर सके।





हैप्पी बर्थडे

भनबाड के योगेंद्र कुमार को जन्मदिवस पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

## देहरा में ट्रैफिक नियम तोड़ने वालों पर एक्शन, 21 दिन में 1643 चालान

### पुलिस ने वसूला 6 लाख 8 हजार 700 रुपए जुर्माना





वाहनों की जांच करती देहरा पुलिस। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**गरली।** नियमों को मजाक समझने वालों के खिलाफ देहरा पुलिस ने अभियान छेड़ा है। पुलिस जिला देहरा ने पिछले 21 दिनों में 1643 वाहन चालकों पर कार्रवाई करते हुए 6 लाख 8 हजार 700 रुपए का जुर्माना ठोंका है।

लगातार हो रही इस सख्ती ने लापरवाह वाहन चालकों की रफ्तार पर ब्रेक लगा दिया है। देहरा की सड़कों पर अब केवल पुलिसकर्मी ही नहीं, बल्कि हाईटेक कैमरे भी हर पल नजर गड़ाए बैठे हैं। नैहरनपुखर और ज्वालामुखी में लगे आईटीएमएस कैमरे नियम तोड़ने वालों को सीधे कैमरे में कैद कर रहे हैं। हेलमेट के बिना बाइक दौड़ाना, सीट बेल्ट के बिना कार चलाना, मोबाइल पर बात करते हुए ड्राइविंग और ओवरस्पीड हर गलती अब डिजिटल रिकॉर्ड में कैद हो रही है। पिछले सप्ताह नैहरनपुखर में 479 वाहन चालान हुए, जबकि ज्वालाजी में 24 वाहन कैमरे की जद में आए। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि अब ट्रैफिक नियम तोड़ने वालों के बच निकलने के रास्ते लगभग बंद हो चुके हैं। आंकड़ों के मुताबिक 11 मई से 17 मई तक 517 चालान कर 1 लाख 98 हजार 700 रुपये जुर्माना वसूला गया। इससे पहले 4 मई से 10 मई तक 604 वाहन चालकों से 2 लाख 42 हजार 300 रुपए वसूले गए, जबकि 27 अप्रैल से 3 मई तक 522 चालान कर 1 लाख 67 हजार 700 रुपए सरकारी खजाने में जमा करवाए गए। देहरा पुलिस का कहना है कि यह कार्रवाई चालान काटने के लिए नहीं, बल्कि सड़क हादसों में कमी लाने की है। जीरो टॉलरेंस नीति के तहत अब किसी भी नियम तोड़ने वाले को राहत नहीं मिलेगी।

## पंचायत चुनाव: देहरा पुलिस हाई अलर्ट पर, सुरक्षा प्लान लागू

**अनंत ज्ञान, गरली।** देहरा में पंचायत चुनाव-2026 को लेकर पुलिस ने सख्त और व्यापक सुरक्षा व्यवस्था लागू कर दी है। मयंक चौधरी के नेतृत्व में तैयार इस सुपर सिक्योरिटी प्लान ने पूरे जिले को हाई अलर्ट मोड पर ला दिया है। पुलिस ने बूथ से लेकर बॉर्डर तक सुरक्षा का मजबूत घेरा तैयार किया है, ताकि किसी भी प्रकार की गड़बड़ी को रोका जा सके। एसपी मयंक चौधरी ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि चुनाव में डर, दबाव, शराब, पैसा, हथियार या गुंडागर्दी फैलाने वालों पर तुरंत और सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि पुलिस की प्राथमिकता स्वतंत्र, निष्पक्ष और भयमुक्त चुनाव कराना है, जिसके लिए जीरो टॉलरेंस नीति अपनाई गई है। देहरा विधानसभा क्षेत्र में कुल 376 पोलिंग स्टेशन और 966 मतदान बूथों पर सुरक्षा व्यवस्था तैनात की गई है। पहले, दूसरे और तीसरे चरण के लिए अलग-अलग सुरक्षा प्लान तैयार किया गया है। चुनाव ड्यूटी में 966 पुलिसकर्मी, 16 सेक्टर अधिकारी, 9 क्यूआरटी और 3 स्ट्राइकिंग टीमें तैनात की गई हैं। दंगा रोधी उपकरणों से लैस ये टीमें हर संवेदनशील क्षेत्र में तत्काल कार्रवाई के लिए तैयार रहेंगी। हथियार नियंत्रण के तहत 3928 लाइसेंसी हथियारों में से 3648 जमा करवाए जा चुके हैं, जो 92.87 प्रतिशत है। एसपी ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि संवेदनशील क्षेत्रों की निगरानी लगातार की जाए और असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखी जाए।

# माता का बाग कॉलोनी में मां बज्रेश्वरी इलेक्ट्रो होम्योपैथिक केंद्र का शुभारंभ



इलेक्ट्रो होम्योपैथिक चिकित्सक एसोसिएशन के प्रदेशाध्यक्ष डॉ. रवि कुमार ने किया शुभारंभ। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश इलेक्ट्रो होम्योपैथिक चिकित्सक एसोसिएशन के प्रदेशाध्यक्ष डॉ. रवि कुमार रबिसन की ओर से कांगड़ा स्थित माता का बाग कॉलोनी में मां बज्रेश्वरी इलेक्ट्रो होम्योपैथिक केंद्र का शुभारंभ किया गया। उन्होंने बताया कि भारत सरकार की तरफ से हर्बल चिकित्सा पद्धति के अंतर्गत इलेक्ट्रो होम्योपैथिक के विकास के लिए अनुमति प्रदान की गई है। यह चिकित्सा पद्धति शत-प्रतिशत वनौषधियों पर आधारित है और किसी भी प्रकार का उपचार करने में सक्षम है। धर्मशाला स्थित सर्वोदय इंस्टीट्यूट ऑफ इलेक्ट्रो होम्योपैथिक के निदेशक सुरेंद्र ठाकुर के मार्गदर्शन में संचालित इस केन्द्र पर हर प्रकार के रोगियों को परामर्श व उपचार दिया जाएगा । आगे जानकारी देते हुए बताया कि इस केंद्र में वरिष्ठ चिकित्सकों के साथ प्रशिक्षु चिकित्सक जसबीर सिंह व परमिंदर कौर अपनी सेवाएँ प्रदान करेंगे। इस अवसर पर मुख्य रूप से हेडा सलाहकार समिति के समन्वयक डॉ. उत्तम चंद, महासचिव डॉ. सत्यप्रकाश, डॉ. रेनू ठाकुर व डॉ. प्रवीण कौंडल मौजूद रहे।

## पीएम मोदी के इटली दौरे में दुनिया ने देखी भारत की कूटनीतिक मिठास: विश्वचक्षु

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** इटली की राजधानी रोम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का अनोखा अंदाज एक बार फिर सुर्खियों में छा गया। पीएम मोदी ने इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी को मेलोडी टॉफियां भेंटकर भारत-इटली दोस्ती में मिठास भी घोल दी है। प्रदेश भाजपा के प्रदेश मीडिया सह प्रभारी एडवोकेट विश्व चक्षु ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का हर विदेश दौरा भारत के लिए एक नया अध्याय लिखता है। रोम में मेलोडी टॉफियों वाला उनका अंदाज बताता है कि भारत की विदेश नीति अब सिर्फ गंभीर बैठकों तक सीमित नहीं, बल्कि यह नया भारत आत्मविश्वास से भरा, संस्कृति से जुड़ा और रिश्तों में मिठास घोलने वाला है। उन्होंने कहा कि रोम में पीएम मोदी और मेलोनी का एक साथ कार में सफर करना, डिनर पर चर्चा और कोलोसियम का दौरा, दुनिया को संदेश दे गया कि भारत-इटली रिश्ते नई ऊंचाई पर हैं। विश्व चक्षु ने कहा कि पांच देशों के दौरे के अंतिम चरण में इटली पहुंचकर मोदी ने फिर साबित कर दिया कि वो 140 करोड़ भारतीयों के सबसे बड़े ब्रांड एंबेसडर हैं। हिमाचल की धरती से हम गर्व से कहते हैं, मोदी जहां जाते हैं, भारत का मान बढ़ाते हैं। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत जी20 की अध्यक्षता के बाद अब वैश्विक मंचों पर विश्व मित्र की भूमिका निभा रहा है और हिमाचल का हर नागरिक इस पर गौरवान्वित महसूस करता है।

## गगल बाजार में खड़ी बाइक चोरी, मामला दर्ज

**अनंत ज्ञान, गगल।** गगल पुलिस थाना क्षेत्र के अंतर्गत स्थानीय बाजार स्थित साईं स्टोर के पास खड़ी एक बाइक चोरी हो गई। शिकायतकर्ता गौतम ने बताया कि उनका दोस्त अंकुश सोमवार शाम को बाजार में बाइक खड़ी कर गया था, लेकिन सुबह लौटने पर बाइक गायब मिली। इस संबंध में पुलिस थाना गगल में शिकायत दर्ज करवाई गई है। ।पुलिस थाना प्रभारी ऊधम सिंह से जब इस बारे बात की गई तो उन्होंने यही कहा कि बाइक चोरी की शिकायत उनके पास आई है और उन्होंने इस संदर्भ में मुकद्दमा दर्ज कर लिया है। उन्होंने कहा कि सीसीटीवी फुटेज खंगाली जा रही है और जल्दी ही पुलिस चोरों तक पहुंचेगी।

## 96 वर्षीय प्रख्यात विधिवेत्ता हरगोविंद प्रधान का निधन

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला।** प्रख्यात विधिवेत्ता हरगोविंद प्रधान का 96 वर्ष की आयु में लंबी बीमारी के बाद धर्मशाला में निधन हो गया। वर्ष 1930 में जन्मे हरगोविंद प्रधान ने अमेरिका के डलास, टेक्सास से मास्टर ऑफ लॉज (विधि स्नातकोत्तर) की डिग्री प्राप्त की और आगे चलकर एक अत्यंत प्रतिष्ठित कानूनी करियर बनाया। उन्होंने नेपाल के सर्वोच्च न्यायालय में न्यायाधीश के रूप में सम्मानपूर्वक सेवा की, जहां वे अपनी विद्वत्ता, सत्यनिष्ठा और न्याय के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के लिए व्यापक रूप से सम्मानित थे। विधि-शास्त्र और भारत-नेपाल के कानूनी समुदाय में उनके योगदान को अत्यंत महत्व दिया गया। सेवानिवृत्ति के बाद, वे स्थायी रूप से अपने घर धर्मशाला में बस गए और शैक्षणिक तथा सामाजिक हलकों में सक्रिय रहे, साथ ही जनसेवा के कार्यों में भी संलग्न रहे। उनका अंतिम संस्कार वीरवार को धर्मशाला में किया गया। धर्मशाला के विधायक सुधीर शर्मा ने धर्मशाला की जनता की ओर से शोकाकुल परिवार के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं।

## गरीब किसान व लोगों की हमेशा करते रहेंगे मदद: आकाश कटोच



**अनंत ज्ञान, अशोक ठाकुर, इंदौरा।** इंदौरा विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत ब्लॉक समिति वार्ड नंबर 15, जिसमें इंदरपुर, धनतोल तथा टप्पा पंचायत शामिल हैं, वहां चुनावी माहौल पूरी तरह गर्म हो गया है। इस वार्ड से प्रत्याशी आकाश कटोच को जनता का भारी समर्थन और आशीर्वाद मिल रहा है। आकाश कटोच ने कहा कि वे स्वयं किसान परिवार से जुड़े हैं और समाजसेवा के कार्यों में लंबे समय से सक्रिय रहे हैं। उन्होंने बताया कि अपने अनुभव के आधार पर वे किसानों और आम लोगों की समस्याओं को अच्छी तरह समझते हैं और उनके समाधान के लिए लगातार प्रयासरत रहेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि उनका परिवार भी समाजसेवा में जुड़ा रहा है, जिससे उन्हें लोगों के बीच काम करने की प्रेरणा मिली है। कटोच ने दावा किया कि वे गरीब किसानों और जरूरतमंद लोगों की मदद हमेशा करते रहे हैं और आगे भी यह सेवा अभियान जारी रहेगा।

◆ ब्लॉक समिति इंदौरा वार्ड नंबर 15 से उम्मीदवार आकाश को मिल रहा लोगों का समर्थन

## जालग में शहीद हवलदार मस्तराम वॉलीबाल स्पर्धा 6 और 7 जून को

**अनंत ज्ञान, नरेंद्र डोगरा, जयसिंहपुर।** लंबागांव विकास खंड के अंतर्गत जालग में 6 और 7 जून को शहीद हवलदार मस्तराम वॉलीबाल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। आयोजक रिटायर्ड इंस्पेक्टर रतन चंद ने जानकारी देते हुए बताया कि नव चेतन युवा क्लब द्वारा यह आयोजन राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जालग के मैदान में दो दिवसीय वॉलीबाल प्रतियोगिता के रूप में किया जाएगा। 6 जून को सुबह शहीद हवलदार मस्तराम की मूर्ति की स्थापना की जाएगी, जिसके बाद प्रतियोगिता का शुभारंभ होगा। प्रतियोगिता में भाग लेने वाली टीमों के लिए 5 जून 2026 की शाम 5 बजे तक रजिस्ट्रेशन करवाना अनिवार्य होगा, जिसमें प्रति टीम शुल्क 1000 रुपए निर्धारित किया गया है। आयोजकों ने बताया कि बाहर से आने वाली टीमों के लिए रहने और खाने की उचित व्यवस्था भी की जाएगी, ताकि खिलाड़ियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। प्रतियोगिता में विजेता टीम को 35,000 तथा उपविजेता टीम को 21,000 रुपए की नकद राशि प्रदान की जाएगी। इसके अलावा बेस्ट खिलाड़ी और बेस्ट अटैकर को 1100-1100 रुपए का विशेष पुरस्कार दिया जाएगा। आयोजकों का कहना है कि यह प्रतियोगिता युवाओं को खेलों के प्रति प्रोत्साहित करने के साथ-साथ शहीद मस्तराम की स्मृति को भी जीवंत बनाए रखेगी।

# राहुल गांधी का गद्दार वाला बयान उनकी मानसिक हताशा का है प्रतीक: संजय

◆ बोले-देश और सेना के जवानों की पीठ में छुरा घोंपने का इतिहास रखने वाली कांग्रेस हमें राष्ट्रभक्ति न सिखाए

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता संजय शर्मा ने धर्मशाला में प्रेस बयान में कहा कि लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के खिलाफ की गई अमर्यादित टिप्पणियों की कड़े शब्दों में निंदा की है।



उन्होंने कहा कि राहुल गांधी द्वारा देश के शीर्ष लोकतांत्रिक नेतृत्व और राष्ट्र निर्माण में समर्पित संगठन के लिए गद्दार जैसे शब्दों का प्रयोग करना उनकी गहरी राजनीतिक हताशा और मानसिक दिवालियापन को उजागर करता है। शर्मा ने कहा कि जिस राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने देश पर आए हर संकट चाहे वह सीमा पर युद्ध हो या प्राकृतिक आपदा में सदैव अग्रिम पंक्ति में रहकर देश की सेवा की है, उस पर उंगली उठाने का कोई नैतिक अधिकार उस कांग्रेस पार्टी को कतई नहीं है जिसका अपना इतिहास देश की सुरक्षा और संप्रभुता के साथ खिलवाड़ करने का रहा है। राष्ट्रभक्ति का झूठा सर्टिफिकेट बांटने वाले राहुल को पहले अपने परदादा से और देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के कार्यकाल के काले पन्नों को पलटना चाहिए और देखना चाहिए कि देश के साथ गद्दारी किसने की। वर्ष 1948 में, जब देश की स्वतंत्रता के तुरंत बाद हमारे वीर जवान सीमा पर पाकिस्तान के खिलाफ युद्ध लड़ रहे थे और उन्हें वाहनों (जीपों) की सख्त आवश्यकता थी, तब नेहरू सरकार ने स्वतंत्र भारत का पहला सबसे बड़ा रक्षा घोटाला रचा। उन्होंने कहा कि तत्कालीन ब्रिटेन में भारतीय उच्चायुक्त वीके कृष्ण मेनन ने स्थापित नियमों और प्रोटोकॉल को पूरी तरह ताक पर रखकर छोटी विदेशी कंपनी को बिना किसी बैंक गारंटी के 80 लाख रुपए का जीप कॉन्ट्रैक्ट सौंप दिया था। इस सौदे के तहत सेना के लिए खरीदी गई जीपों का एक बड़ा हिस्सा कभी भारत पहुंचा ही नहीं और जो मुट्ठी भर गाड़ियां आईं, वे पूरी तरह कबाड़। उन्होंने कहा कि रक्षा सौदों में दलाली खाने और देश की सुरक्षा का सौदा करने वाली कांग्रेस पार्टी से भाजपा को राष्ट्रभक्ति का प्रमाण पत्र लेने की आवश्यकता नहीं है। राहुल गांधी को अपनी इस घिनौनी टिप्पणी के लिए देश की जनता, प्रधानमंत्री और संघ से तुरंत बिना शर्त माफी मांगनी चाहिए।

# परागपुर में पंचायत चुनाव की तैयारियां तेज मतदान अधिकारियों को सौंपी जिम्मेदारियां

अनंत ज्ञान

**प्रवेश शर्मा, परागपुर।** विकास खंड परागपुर के ब्वॉयज स्कूल में आगामी पंचायत चुनाव प्रक्रिया को सुचारु रूप से संपन्न कराने के लिए एक महत्वपूर्ण प्रशासनिक गतिविधि का आयोजन किया गया।

यह विशेष कार्यक्रम खंड विकास अधिकारी (बीडीओ) परागपुर मीना शर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुआ, जिसमें चुनावी तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया। इस चुनावी कार्यशाला और प्रबंधन कार्यक्रम में कुल 63 सहायक रिटर्निंग अधिकारियों (एआरओ) और 444 मतदान अधिकारियों ने हिस्सा लिया, जिन्हें ब्लॉक परागपुर प्रशासन की ओर से मतपत्र (बैलेट पेपर) वितरित किए गए।

खंड विकास अधिकारी (बीडीओ) मीना शर्मा ने मतदान अधिकारियों को विशेष रूप से निर्देशित किया कि वे उन्हें सौंपे गए सभी मतपत्रों पर चुनाव लड़ रहे उम्मीदवारों के नाम लिखने की प्रक्रिया को पूरी सटीकता, सतर्कता और बिना किसी त्रुटि के समय पर संपन्न करें। मतपत्रों की इस महत्वपूर्ण तैयारी के बीच खंड समाज शिक्षा एवं योजना अधिकारी राजकुमार ने आगामी कार्ययोजना साझा करते हुए बताया कि 24 तारीख को कुल 111 चुनावी पार्टियां परागपुर ब्लॉक कार्यालय परिसर से अपने-अपने निर्धारित मतदान केंद्रों के लिए रवाना होंगी।इसके साथ ही पंचायत निरीक्षक देशराज वालिया ने भी उपस्थित अधिकारियों को मतपत्रों के उचित रख-रखाव, उनकी गोपनीयता बनाए रखने और चुनावी नियमों के तकनीकी पहलुओं के बारे में विस्तार से मार्गदर्शन दिया।





ज्ञापन सौंपते प्रभावित। अनंत ज्ञान

## कुत्तों व बेसहारा पशुओं की समस्या का समाधान न कर पाना भारतीय शासन की सबसे बड़ी कमी: शांता

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** पूर्व मुख्यमंत्री शांता कुमार ने कहा कि मैं समझता हूं कि कुतों की समस्या और सड़कों पर घूमने वाले बेसहारा पशुओं का समाधान न कर पाना भारत के शासन में बहुत बड़ी कमी है। जिस गऊ को गोमाता कहा जाता है और कई बार उसे भारत माता का दर्जा देने की बात भी की जाती है वह गो माता देश की सड़कों पर कचरा और गंदगी खाते हुए घूमती नजर आती है। मंदिरों के पास करोड़ों नहीं अरबों रुपए का धन पड़ा हुआ है। सरकार उसके उपयोग की व्यवस्था करे और दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र पर इस कलंक को शीघ्र मिटाया जाए। शांता ने कहा कि विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र भारत के बारे में विश्वभर के लोग क्या सोचते होगें। जब उन्होंने यह समाचार पढ़ा कि लाारिस कुतों की समस्या के बारे में एक बार नहीं कई बार सुप्रीम कोट में मामला उठाया गया है। सुप्रीम कोर्ट का काम भारत के संविधान और उसके अनुसार देश में शासन चलाने पर नजर रखना है। विश्व के किसी देश में आवारा कुतों का मामला सप्रीम कोर्ट में भी उठाया गया। शांता ने कहा भारत में हजारों की संस्था में छोटे-बड़े मंदिर है, उनमें करोड़ो रुपए की संपत्ति पड़ी है। कई बार यह सुझाव आया कि हर मंदिर को एक गोशाला खोलने की जिम्मेदारी दी जाए। भारत के हर नगर में नगर पालिका और नगर परिषद जैसी बड़ी बड़ी संस्थाएं हैं। इनके पास करोड़ों अरबों रुपए का बजट होता है। सरकार के कई विभाग है। यह सब मिलकर कुतों की समस्या का समाधान क्यों नहीं करते हैं।

# डॉ. संदीप महाजन 23 से कनाडा दौरे पर आधुनिक नेत्र उपचार तकनीकों पर प्रस्तुति

◆ सफेद और काले मोतियाबिंद के आधुनिक इलाज पर कनाडा में करेंगे अनुभव साझा

अनंत ज्ञान

**आशीष दामीर, कांगड़ा।** हिमाचल प्रदेश के प्रसिद्ध नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. संदीप महाजन 23 मई से 14 जून तक कनाडा यात्रा पर रहेंगे। इस दौरान वे टोरंटो, कैलगरी और एडमिंटन के प्रतिष्ठित नेत्र चिकित्सालयों का दौरा करेंगे। यात्रा के दौरान वे वरिष्ठ विशेषज्ञों के साथ आधुनिक नेत्र चिकित्सा तकनीकों, शोध एवं उपचार अनुभवों का आदान-प्रदान करेंगे। डॉ. महाजन सफेद मोतियाबिंद और काला मोतियाबिंद के आधुनिक ऑपरेशन एवं उपचार पद्धतियों पर विशेष प्रस्तुतियां भी देंगे।



वे बताएंगे कि अत्याधुनिक तकनीक और अनुभव के माध्यम से जटिल नेत्र रोगों का सफल उपचार किस प्रकार संभव है। उनका उद्देश्य केवल नई तकनीकों को समझना नहीं, बल्कि विदेशों के मरीजों को हिमाचल प्रदेश में उपलब्ध विश्वस्तरीय नेत्र चिकित्सा सुविधाओं से भी जोड़ना है, ताकि भविष्य में विदेशी मरीज हिमाचल आकर उपचार करवा सकें। उन्होंने बताया कि एसएम नेत्र चिकित्सालय में वर्तमान में सफेद मोतियाबिंद, काला मोतियाबिंद और आंखों के पर्दे की जटिल बीमारियों का अत्याधुनिक तकनीकों से सफल इलाज किया जा रहा है। अब चिकित्सालय में स्वच्छमंडल रोगों एवं स्वच्छमंडल प्रत्यारोपण की सुविधा भी शुरू हो चुकी है। हाल ही में डॉ. सागर उदासी ने दिल्ली के प्रतिष्ठित संस्थान से विशेष प्रशिक्षण प्राप्त किया है। इसके लिए विभिन्न नेत्र बैंकों, टांडा चिकित्सा महाविद्यालय नेत्र बैंक तथा अन्य प्रतिष्ठित संस्थानों जैसे शरॉफ नेत्र केंद्र से स्वच्छ मंडल उपलब्ध करवाकर जरूरतमंद मरीजों में प्रत्यारोपण किया जाएगा। उन्होंने हिमाचल प्रदेश के लोगों से भावुक अपील करते हुए कहा कि नेत्रदान सबसे बड़ा दान है। मृत्यु के बाद दान की गई आंखें कई लोगों के जीवन में प्रकाश ला सकती हैं। एक व्यक्ति के नेत्रदान से कई स्वच्छमंडल अंधता से पीड़ित लोगों की दृष्टि वापस लाई जा सकती है।

## आतंकवाद और हिंसा के खिलाफ एकजुट होने की दिलाई शपथ

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी (एडीएम) शिल्पी बेक्टा ने वीरवार को आतंकवाद विरोधी दिवस के अवसर पर उपायुक्त कार्यालय परिसर में अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आतंकवाद और हिंसा के विरुद्ध एकजुट होकर कार्य करने की शपथ दिलाई। इस अवसर पर सभी उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने हिंसा का विरोध करने का संकल्प लिया। एडीएम कहा कि आतंकवाद समाज और मानवता के लिए एक गंभीर चुनौती है तथा इसके प्रति जागरुकता और एकजुटता अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि युवाओं को आतंकवाद और हिंसा जैसी प्रवृत्तियों से दूर रखने तथा समाज में शांति, सद्भाव और भाईचारे की भावना को मजबूत करने की आवश्यकता है। इस अवसर पर उपस्थित सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने सामाजिक सौहार्द, आपसी समझ तथा मानव जीवन मूल्यों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध रहने का संकल्प लिया।

# भिड़ा उठाऊ पेयजल योजना का जीर्णोद्धार शुरू

## मिट्टी में दबी योजना और पंप-फिल्टर बेड; पेयजल की बढ़ेगी गुणवत्ता, योजना संवारने पर हो रहे लाखों खर्च

अनंत ज्ञान



बेहतर जलापूर्ति की उम्मीद।

**विक्रम ढटवालिया, भिड़ा (हमीरपुर)।** हमीरपुर-भोटा नेशनल हाईवे पर स्थित भिड़ा इलाके की उठाऊ पेयजल योजना का मुकम्मल तौर पर जीर्णोद्धार शुरू हो चुका है। पिछले कई सालों से यह योजना फटेहाल चल रही थी। योजना की मशीनरी उसके फिल्टर बेड, सॉल्यूश बल्ब और बाकी का ढांचा औंधे मुंह गिरा हुआ था। सभी पर आसपास की मिट्टी और झाड़ियां चढ़ी हुई थीं।

योजना पर लाखों रुपए खर्च हो रहे हैं। काम शुरू हो चुका है और अगले कुछ समय में यह योजना बेहतर स्थिति में सामने आ जाएगी। हालांकि, इसका एक ढांचा सिंचाई योजना का अभी भी मुकम्मल तौर पर जंग खा रहा है, उसकी लाखों की मशीनरी बंद कमरे में ज्यों की त्यों खराब हो रही है। यह योजना 1982 में शुरू हुई थी, लेकिन लंबे समय तक यह लोगों के खेतों तक पानी उपलब्ध नहीं करवा पाई। डिस्ट्रीब्यूशन पाइपलाइन ने अब जमीन पर नजर नहीं आती इस योजना पर भी पहले कांग्रेस सरकार ने और उसके बाद भाजपा सरकार ने कुछ काम किया, लेकिन योजना मुकम्मल तौर पर फिट नहीं हुई। ऐसा नहीं है कि इस योजना में पानी की कमी है। गसोती खड्ड में पानी खूब बह रहा है। उसके किनारे इस तरह की दो अलग-अलग योजनाएं मौजूद हैं, लेकिन बदकिस्मती जा रही की इन योजनाओं का रखरखाव उसे हिसाब से समय की जरूरत के मुताबिक नहीं हुआ, जिसकी यहां के बाशिंदों को उम्मीद थी।

योजना स्थल पर इन दोनों काम ठीक-ठाक तेजी के साथ चला हुआ है लेकिन दज के मुताबिक यह काम मुकम्मल होगा या फिर लीपापोती का अंदाज आखिरी टच में कहीं शामिल तो नहीं हो जाएगा इसकी इंतजार रहेगी। मगर एक चीज है कि फिल्टर बेड अब नए रेट से भर दिए गए हैं उनमें अपनी एक-दो दिनों के भीतर डालने का काम भी चालू हो जाएगा। उम्मीद यही है कि अगले 10 -15 दिनों में योजना का यह रूप स्वरूप नई लुक में शुमार होगा। लोगों का कहना था कि पानी की दिक्कत रहती है योजना के बगल में या गांव स्थित है इसके बावजूद भी पानी का प्रेशर उन्हें उतना नहीं मिल पाता, जितना चाहिए होता है। लेकिन अब क्योंकि इसका काम चल रहा है उन्हें इंतजार यह है कि उनकी उम्मीदों पर यह योजना 'खरा' जरूर उतरेगी।

### तीन दशक पहले बनी थी योजना

**करीब** तीन दशक पहले 'कल्लर कटोचां पुरोहितां' के नाम से यह योजना बनी थी, लेकिन उसके बाद यहां राम भरोसे छोड़ दी गई थी आमतौर पर इसके फिल्टर बेड कभी भी पानी की गुणवत्ता को नहीं सुधर पाए बड़ी-बड़ी 'काई' इनमें अक्सर जमा रहती थी। पिछले दो-तीन साल तो इस योजना की हालत और ज्यादा खराब थी।

### क्या कहते हैं एसडीओ राकेश

**हमीरपुर** स्थित विभाग के एसडीओ राकेश कुमार का कहना है कि काम जारी है और अब लगभग 20 फीसदी काम बचा है। बहुत जल्दी सारी योजना दुरुस्त हो जाएगी। इस पर काफी समय के बाद पैसा खर्च हो रहा है, लेकिन अभी उनका कहना था कि सिंचाई योजना की मशीनरी और उसके ढांचे को भी ठीक करने की जरूरत है। उसके लिए जब नेक्स्ट फेस में पैसा आएगा, तो उसका भी जीर्णोद्धार होगा।

# दुकानों में रेट लिस्ट नहीं लगाई तो होगी कार्रवाई

◆ एसडीएम ने लोगों की शिकायतों का लिया संज्ञान निरीक्षण कमेटियां गठित

अनंत ज्ञान

**नादौन।** नादौन उपमंडल के विभिन्न बाजारों के दुकानदारों को रेट रिस्ट लगानी होगी, अन्यथा उनके खिलाफ कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। लोगों की शिकायतों का कड़ा संज्ञान लेते हुए एसडीएम निशांत शर्मा ने उपभोक्ताओं को सही रेट मिले के उद्देश्य से नादौन, गलोड़, कांगू व धनेटा बाजारों के निरीक्षण के लिए कमेटियों का गठन किया है, ताकि ये कमेटियां दुकानों का समय-समय पर निरीक्षण कर सकें और उपभोक्ताओं को सही मूल्य पर वस्तुएं उपलब्ध हो सकें।

रेट लिस्ट लगाए जाने के मामले में यदि किसी प्रकार की कोई कोताही पाई गई तो नियमानुसार कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। एसडीएम ने बताया कि लोगों की शिकायतों को मध्यनजर रखते हुए बाजारों की कमेटियां गठित की है। बाजार निरीक्षण कमेटी नादौन के अध्यक्ष तहसीलदार होंगे, जबकि खाद्य सुरक्षा निरीक्षक, पुलिस थाना प्रभारी होंगे। इसी तरह गलोड़ के अध्यक्ष तहसीलदार गलोड़, खाद्य सुरक्षा निरीक्षक, पुलिस चौकी प्रभारी गलोड़ सदस्य होंगे। कांगू के अध्यक्ष नायब तहसीलदार कांगू होंगे, जबकि खाद्य निरीक्षक व पुलिस चौकी प्रभारी धनेटा सदस्य होंगे। बाजार निरीक्षण कमेटी धनेटा के अध्यक्ष नायब तहसीलदार नादौन होंगे, जबकि खाद्य निरीक्षक व पुलिस चौकी प्रभारी धनेटा सदस्य होंगे।

एसडीएम निशांत ने बताया कि यह समितियां समय-समय पर बाजारों एवं व्यावसायिक प्रतिष्ठानों का निरीक्षण करेंगी तथा यह सुनिश्चित करेंगी कि वस्तुओं एवं सेवाओं की मूल्य सूची प्रमुख स्थान पर प्रदर्शित की गई हो और यह सुनिश्चित करेंगी कि उपभोक्ताओं से उचित मूल्य वसूला जा रहा है।

# गो जमली धाम परिसर में होमगार्ड जवानों ने की सरोवर की सफाई


सरोवर की साफ-सफाई करते होमगार्ड जवान। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान


**हमीरपुर।** गृह रक्षा विभाग हमीरपुर की 10-1 कंपनी टीम ने ठाकुरद्वारा गोशाला जमली धाम परिसर में बने विशाल सरोवर की सफाई की।

इस अभियान में कंपनी कमांडर अशोक कुमार रांगड़ा के नेतृत्व में पलाटून कमांडर पवन कुमार, सतीश कुमार, अलवीर सिंह, कमलेश कुमार, वीर सिंह, स्टेशन फायर अधिकारी अशोक शर्मा सहित अन्य कर्मचारियों और नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवकों ने भाग लिया।

गोशाला कमेटी ने सभी कर्मचारियों के इस पुनीत कार्य के लिए आभार व्यक्त किया और कहा कि निकट भविष्य में आयोजित किसी बड़े कार्यक्रम में टीम को सम्मानित किया जाएगा।

# पीओ सेल टीम ने सुंदरनगर से गिरफ्तार किया उद्घोषित अपराधी

अनंत ज्ञान



**हमीरपुर।** हमीरपुर पुलिस की पीओ सेल ने उद्घोषित अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत एक और सफलता हासिल की है। वीरवार को पीओ सेल हमीरपुर की टीम ने आरोपी शकील अख्तर निवासी वीपीओ भोजपुर, तहसील सुंदरनगर, जिला मंडी, उम्र 48 वर्ष को सुंदरनगर, जिला मंडी से गिरफ्तार किया।

उक्त आरोपी को न्यायालय एसीजेएम नादौन द्वारा दिनांक 02.07.2025 को थाना नादौन में दर्ज धारा 138 एनआई एक्ट के मामले में उद्घोषित अपराधी घोषित किया गया था। पीओ सेल की सतत: निगरानी एवं तकनीकी प्रयासों के फलस्वरूप आरोपी को गिरफ्तार किया गया, जिसे न्यायालय में पेश किया गया।

## आशीष चौहान की मौत पर शोक की लहर

**संजीव चौहान, टौणी देवी।** टौणी देवी विकास खंड के अंतर्गत ऊहल क्षेत्र की भटेड पंचायत के बंदरोह गांव में 25 वर्षीय आशीष चौहान (आशु) की दर्दनाक मृत्यु से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर फैल गई है। जानकारी के अनुसार, पैर फिसलने से हुए हादसे में उनकी मौके पर ही मौत हो गई। 20 मई को पोस्टमार्टम के बाद उनका अंतिम संस्कार किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए और नम आंखों से अंतिम विदाई दी। स्थानीय सामाजिक संस्था निस्वार्थ सेवा संगठन ने भी गहरा शोक व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति और परिवार को इस कठिन समय में धैर्य प्रदान करने की प्रार्थना की।

# नादौन बस स्टैंड पर अव्यवस्था, डीएसपी ने किया निरीक्षण

## अनधिकृत वाहन चालकों में मचा हड़कंप, बसों को भी 15 मिनट पहले होगी एंट्री

◆ इन आउट गेट का किया उल्लंघन तो कटेगा चालान

अनंत ज्ञान



नादौन बस स्टैंड के निरीक्षण के दौरान चालकों को वाहन बस स्टैंड से बाहर ले जाने की हिदायत देते डीएसपी। अनंत ज्ञान

**नादौन।** नादौन बस स्टैंड में बेतरतीब बसों व अनधिकृत वाहनों के खड़े से हो रही असुविधा का कड़ा संज्ञान लेते हुए डीएसपी गौरव जीत सिंह ने बुधवार को नादौन बस स्टैंड का निरीक्षण किया और बस चालों को हिदायत दी कि बसें निधारित समय से 15 मिनट पहले ही बस स्टैंड में प्रवेश करें और इन -आउट गेट व्यवस्था का उल्लंघन किया तो कठोर कार्रवाई होगी।

उन्होंने दुकानों के बाहर अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों को भी हिदायत दी कि वे दुकान से बाहर रखा सामान हटा लें, अन्यथा उनके खिलाफ भी काईवाई अमल में लाई जाएगी। इस अवसर पर उनके साथ नगर परिषद नादौन के कार्यकारी अधिकारी रमन शर्मा,जेई अंशुल, कुलदीप के अलावा यातायात परभारी नरेश कुमार भी उपस्थित रहे। डीएसपी के बस स्टैंड के निरीक्षण की खबर मिलते ही कार व दो पहिए वाहन चालनों ने अपने वाहन निकालने में ही भलाई समझी। उन्होंने हिदायत दी कि यदि किसी ने नियमों का उलंधन किया तो कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। उन्होंने बस स्टैंड पर खड़े अनाधिकृत वाहनों का भी कड़ा संज्ञान लेते हुए कहा कि बस स्टैंड पर कोई भी निजी वाहन खड़ा नहीं होना चाहिए, अन्यथा उनका चालान काटा जाएगा। इससे पहले डीएपी ने बस स्टैंड की व्यवस्था सुधारने के लिए एक बैठक ली, जिसमें लोगों के हित के कड़े फैसले लिए गए। बैठक में नगर परिषद के अधिकारियों, बस ऑपरेटरों, व्यापारियों तथा अन्य संबंधित लोगों ने भाग लिया। बैठक में वाहनों की अव्यवस्थित आवाजाही पर गंभीर चिंता व्यक्त की गई। उन्होंने कहा कि बस स्टैंड को व्यवस्थित करना हम सभी का दायित्व है। उन्होंने सभी से सहयोग दिए जाने का आह्वान किया। ताकि यात्रियों और अन्य वाहन चालकों को परेशानी का सामना न करना पड़े। डीएसपी गौरव सिंह ने कहा कि यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाना प्रशासन की प्राथमिकता है और नियमों की अवहेलना करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। बस अड्डे के बरामदे एवं बाजार में जिन दुकानदारों ने अतिक्रमण कर रखा है, उन्हें भी अपना सामान अपनी दुकान के अंदर रखने के निर्देश दिए गए ।

# दलगत राजनीति से ऊपर उठकर सामान्य वर्ग के प्रत्याशियों के पक्ष में करें मतदान

◆ राजपूत कल्याण सभा की अपील, विकास के नाम पर वोट देने का आह्वान

अनंत ज्ञान

**हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश में शहरी निकाय चुनावों के बाद पंचायतीराज चुनाव प्रचार जोर पकड़ने लगा है। हमीरपुर जिले में भी सभी प्रत्याशियों ने पूर्ण रूप से अपने आप को प्रचार में झोंक दिया है, जबकि राजपूत कल्याण सभा और राजपूत महासभा द्वारा समाज के सभी वर्गों के साथ साथ सामान्य वर्ग से चुनावों में आरक्षित सीटों पर भारी मतदान करके दलगत राजनीति से ऊपर उठकर अपने क्षेत्र के चहुंमुखी विकास के लिए बेहतर प्रत्याशियों के पक्ष में मतदान करने का आह्वान किया है।

उन्होंने सामान्य वर्ग से आह्वान किया है कि जाति आधारित आरक्षण के कारण बहुत कम सीटें अनारक्षित और सामान्य वर्ग की महिलाओं के लिए बची होने के कारण इन सीटों पर केवल और केवल सामान्य वर्ग के प्रत्याशियों के पक्ष में ही मतदान करें, ताकि पंचायती राज संस्थाओं में सभी वर्गों के साथ साथ सामान्य वर्ग को भी उचित प्रतिनिधित्व मिल सके।

सभा ने पहले भी सभी राजनीतिक दलों से अनुरोध किया है कि किसी भी अनारक्षित सीट पर हर हाल में केवल सामान्य वर्ग के प्रत्याशी को ही सभी दल अपना समर्थित प्रत्याशी घोषित करें। जिला भर में जहां जहां भी किसी दल ने अनारक्षित सीट पर आरक्षित वर्ग के प्रत्याशी को अपना समर्थित प्रत्याशी घोषित किया है। सभा एक बार फिर सामान्य वर्ग के प्रबुद्ध भाइयों बहनों और नौजवानों से किसी भी दलगत राजनीति से ऊपर उठकर सामान्य वर्ग के प्रत्याशी के पक्ष में ही मतदान करने का आह्वान करती है और इस तरह के किसी भी दल के सामान्य वर्ग के प्रति उपेक्षापूर्ण रवैए का कड़ा जवाब दें।

ये बयान राजपूत कल्याण सभा के अध्यक्ष और राजपूत महासभा के महासचिव जोगिंदर ठाकुर, पैट्रन यशपाल मन्हास, कार्यकारिणी सदस्य प्रदीप ठाकुर, महिंद्र भारद्वाज ,उपाध्यक्ष राजेश ठाकुर और प्रवक्ता विक्रम ठाकुर ने संयुक्त रूप से जारी किया।

# अनुराग ठाकुर बोले- एक साथ चुनाव से विकास कार्यों को मिलेगी गति

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** सांसद अनुराग ठाकुर ने गुजरात में आयोजित 'वन नेशन, वन इलेक्शन' पर संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) की हितधारक परामर्श बैठक में भाग लिया। यह बैठक समिति अध्यक्ष पी. पी. चौधरी के नेतृत्व में आयोजित की गई, जिसमें विभिन्न राज्यों के प्रतिनिधियों और हितधारकों से व्यापक संवाद किया गया। गुजरात प्रवास के दौरान समिति ने भूपेंद्र पटेल, उपमुख्यमंत्री हर्ष सांघवी, विधानसभा अध्यक्ष, वरिष्ठ मंत्रियों और विधायकों के साथ विस्तार से चर्चा की। बैठक में देश में एक साथ चुनाव कराने के संभावित प्रभावों और व्यावहारिक पहलुओं पर विचार-विमर्श हुआ। गुजरात सरकार ने इस पहल का समर्थन करते हुए इसे सुशासन और विकास के लिए महत्वपूर्ण बताया। चर्चा के दौरान चुनावी खर्च में कमी, प्रशासनिक मशीनरी का बेहतर उपयोग, सुरक्षा बलों की दक्षता और एकीकृत मतदाता सूची जैसे मुद्दों पर विशेष जोर दिया गया। अनुराग ठाकुर ने कहा कि बार-बार चुनाव होने से विकास कार्य प्रभावित होते हैं और आचार संहिता के कारण योजनाएं लंबित रह जाती हैं। उन्होंने कहा कि एक साथ चुनाव से सरकारें विकास कार्यों पर अधिक ध्यान केंद्रित कर सकेंगी। उन्होंने सभी राजनीतिक दलों और नागरिकों से अपील की कि वे इस सुधार का समर्थन करें, जो 'विकसित भारत 2047' की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हो सकता है।

# हिंसा का विरोध व आपसी सद्भाव को बढ़ावा देने की दिलाई शपथ


जिले में आतंकवाद विरोधी दिवस के रूप में मनाई पूर्व पीएम राजीव गांधी की पुण्यतिथि। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

हमीरपुर। पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की पुण्यतिथि वीरवार को जिले में भी आतंकवाद विरोधी दिवस के रूप में मनाई गई।

इस उपलक्ष्य पर उपायुक्त कार्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम के दौरान उपायुक्त गंधर्वा राठौड़ ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आतंकवाद और किसी भी तरह की अन्य हिंसा का विरोध करने तथा आपसी सद्भाव को बढ़ावा देने की शपथ भी दिलाई। इस अवसर पर एडीसी अभिषेक गर्ग, सहायक आयुक्त चिराग शर्मा, जिला राजस्व अधिकारी नरेश पटियाल और अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी भी उपस्थित थे।

## हीरानगर के चिल्ड्रन पार्क में 23 को चलेगा सफाई अभियान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर।** जिला रेडक्रॉस सोसायटी 23 मई को हीरानगर के चिल्ड्रन पार्क में सफाई अभियान चलाएगी। सुबह 7 बजे आरंभ होने वाले इस सफाई अभियान में विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी, स्वयंसेवी संस्थाओं के कार्यकर्ता, अन्य संगठनों के कार्यकर्ता और आम नागरिक भाग लेकर श्रमदान करेंगे। उपायुक्त एवं जिला रेडक्रॉस सोसायटी की अध्यक्ष गंधर्वा राठौड़ ने हमीरपुरवासियों से इस अभियान में भाग लेने की अपील की है।

# लोगों ने शौचालय और सोलर लाइटें ठीक करने की उठाई मांग

◆ भरेड़ी के निचले चौक पर रात को यात्री होते परेशान

अनंत ज्ञान

**भोरंज।** भरेड़ी क्षेत्र के लोगों ने निचले चौक पर सार्वजनिक शौचालय निर्माण और पिछले एक माह से खराब पड़ी सोलर लाइटों को जल्द दुरुस्त करने की मांग उठाई है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि प्रशासन और संबंधित विभाग की अनदेखी के कारण क्षेत्रवासियों तथा राहगीरों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

ग्रामीणों और दुकानदारों के अनुसार निचले चौक पर लगी सोलर लाइट करीब एक महीने से बंद पड़ी है। लोगों का कहना है कि बीएसएनएल की केबल बिछाने का कार्य कर रहे ठेकेदार की लापरवाही के चलते सोलर लाइट क्षतिग्रस्त हो गई। आरोप है कि ठेकेदार ने केबल को सोलर लाइट के साथ बांध दिया, जिससे बल्ब टूट गया और पूरी व्यवस्था खराब हो गई। इसके बावजूद अब तक कोई मरम्मत कार्य नहीं किया गया।

स्थानीय लोगों का कहना है कि बड़ी मुश्किल से यहां सोलर लाइट लगाई गई थी, जिससे बाजार और बस स्टॉप क्षेत्र में रात के समय लोगों को राहत मिली थी। अब लाइट खराब होने से पूरे चौक में अंधेरा छा गया है। रात 9 बजे से 11 बजे तक बसों का इंतजार करने वाले यात्रियों, महिलाओं और बुजुर्गों को परेशानी झेलनी पड़ रही है। साथ ही आवारा कुत्तों के बढ़ते आतंक से लोगों में डर का माहौल बना हुआ है।

ग्रामीणों ने निचले चौक पर सार्वजनिक शौचालय निर्माण की मांग भी उठाई है। स्थानीय लोगों यशवंत कुमार, निर्मल कुमार, सुभाष कुमार, रूप लाल, प्रताप और पृथी चंद ने चेतावनी दी कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो केबल बिछाने के कार्य का विरोध किया जाएगा।

# विद्यालयों में चलाया एचपीवी टीकाकरण जागरुकता अभियान


सर्विकल कैंसर से बचाव को लेकर स्कूलों में जागरूकता अभियान तेज। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, हमीरपुर।** सर्विकल कैंसर (गर्भाशय ग्रीवा का कैंसर) से बचाव हेतु आरंभ किए गए एचपीवी टीकाकरण अभियान का शत-प्रतिशत लक्ष्य हासिल करने के लिए स्वास्थ्य विभाग ने हमीरपुर के स्कूलों में जागरुकता अभियान आरंभ किया है।

हिम अकादमी पब्लिक स्कूल विकासनगर, न्यू गुरुकुल स्कूल गोपालनगर और राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मटाहणी में आयोजित जागरुकता कार्यक्रमों के दौरान स्वास्थ्य विभाग की डॉ. सुप्रिया, स्वास्थ्य कर्मी सुशीला कुमारी और निशा राणा की टीम ने 14-15 वर्ष के आयु वर्ग की छात्राओं को एचपीवी संक्रमण, सर्विकल कैंसर के जोखिम तथा टीकाकरण के महत्व के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की। उन्होंने छात्राओं को बताया कि एचपीवी वैक्सीन सर्विकल कैंसर की रोकथाम में बहुत ही प्रभावी है व इसके लिए उचित आयु में टीकाकरण करवाना अत्यंत आवश्यक है।

इस अवसर पर छात्राओं एवं शिक्षकों की कई शंकाओं एवं जिज्ञासाओं का निवारण भी किया गया तथा अभिभावकों से अपनी बेटियों का एचपीवी टीकाकरण करवाने की अपील की गई।

# सुप्रीम कोर्ट में लंबित मामलों को मध्यस्थता से निपटाने का मौका

◆ 25 को हमीरपुर के एडीआर सेंटर में भी होंगी सुलह एवं मध्यस्थता बैठकें

◆ सुप्रीम कोर्ट में विचाराधीन मामलों के पक्षकार स्वयं या वर्चुअल माध्यम से लें भाग

अनंत ज्ञान

**हमीरपुर।** जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण हमीरपुर के सचिव कुलदीप शर्मा ने बताया कि आम लोगों के लिए न्याय सुलभ बनाने के सर्वोच्च न्यायालय के प्रयासों की कड़ी में 21 अप्रैल से सर्वोच्च न्यायालय के परिसर में समाधान समारोह का शुभारंभ किया गया है। इस विशेष अभियान के दौरान विभिन्न केसों का निपटारा आपसी सहमति, संवाद और मध्यस्थता से किया जा रहा है। 21, 22 तथा 23 अगस्त को सर्वोच्च न्यायालय के परिसर में विशेष लोक अदालतों के आयोजन के साथ ही इस विशेष अभियान का समापन होगा।

कुलदीप शर्मा ने बताया कि 25 मई को सुबह 11 बजे पक्का भरो में स्थित जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण हमीरपुर के एडीआर सेंटर में भी सुलह एवं मध्यस्थता बैठकें आयोजित की जाएंगी। अधिवक्ताओं एवं सभी संबंधित पक्षकारों से आग्रह किया है कि वे इन बैठकों में स्वयं या पर वर्चुअल माध्यम से भाग लेकर सर्वोच्च न्यायालयों में लंबित अपने मामलों को विशेष लोक अदालतों में निपटाने की प्रक्रिया आरंभ करवाएं। अधिक जानकारी के लिए जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के दूरभाष नंबर पर या ईमेल पर संपर्क किया जा सकता है। लंबित मामलों को समाधान समारोह (विशेष लोक अदालत) में शामिल करने के लिए एक सरल गूगल फार्म तैयार किया गया है, जो सर्वोच्च न्यायालय की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध है। इच्छुक पक्षकार दिए गए लिंक के माध्यम से 31 मई तक गूगल फार्म भरकर अपने मामले को इस विशेष लोक अदालत में शामिल करवा सकते हैं।

# जिला परिषद चुनाव प्रचार की कमान संभालते ही मैदान में उतरे लखनपाल

अनंत ज्ञान


विधायक इंद्रदत्त लखनपाल ने रैली, घोड़ी-धबीरी और महाराल पंचायतों में जनसभाएं और बैठकें की। अनंत ज्ञान

**बड़सर।** भाजपा नेता एवं बड़सर से विधायक इंद्रदत्त लखनपाल ने जिला परिषद चुनावों के प्रचार अभियान की कमान अपने हाथों में संभालते हुए आज झंझियाणी जिला परिषद वार्ड में ताबड़तोड़ जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न पंचायतों में जाकर भाजपा समर्थित प्रत्याशियों के पक्ष में प्रचार किया और लोगों से भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील की।

लखनपाल ने वीरवार रैली, घोड़ी धबीरी और महाराल पंचायतों में व्यापक प्रचार अभियान चलाते हुए जनसभाओं एवं बैठकों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार हर मोर्चे पर विफल साबित हुई है और जनता सरकार की जनविरोधी नीतियों से पूरी तरह निराश हो चुकी है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार ने चुनावों से पहले किए गए वादों को पूरा करने के बजाय केवल जनता को गुमराह करने का कार्य किया है। लखनपाल ने कहा कि प्रदेश में बढ़ती बेरोजगारी, विकास कार्यों की धीमी गति और प्रशासनिक अव्यवस्था के कारण आम जनता कांग्रेस सरकार से परेशान है। उन्होंने दावा किया कि नगर निकाय चुनावों में भाजपा को मिले जनसमर्थन ने यह स्पष्ट कर दिया है कि प्रदेश की जनता परिवर्तन चाहती है और आने वाले जिला परिषद और नगर निगम चुनावों में भाजपा ऐतिहासिक जीत दर्ज करेगी। उन्होंने कहा कि जिला परिषद चुनावों में भाजपा की बड़ी जीत प्रदेश की राजनीति में नया संदेश देगी और यही जनसमर्थन वर्ष 2027 के विधानसभा चुनावों में भाजपा की विजय का मार्ग प्रशस्त करेगा। इन्द्रदत्त लखनपाल ने कार्यकर्ताओं से बूथ स्तर तक मजबूती से कार्य करने का आह्वान करते हुए कहा कि भाजपा संगठन पूरी ताकत के साथ चुनाव मैदान में उतरा है और जनता का भरपूर समर्थन पार्टी को मिल रहा है।

## न्यूज ब्रीफ

### आतंकवाद एवं हिंसा के विरुद्ध दिलाई शपथ

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** आतंकवाद विरोधी दिवस के अवसर पर उपमंडल अधिकारी (नागरिक) जोगिंद्रनगर मनीश चौधरी ने कार्यालय परिसर में सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आतंकवाद और हिंसा के विरुद्ध शपथ दिलाई। इस दौरान अधिकारियों व कर्मचारियों ने देश की एकता, अखंडता और शांति बनाए रखने का संकल्प लिया। शपथ में कहा गया कि हम भारतवासी अपने देश की अहिंसा एवं सहनशीलता की परम्परा में दृढ़ विश्वास रखते हैं तथा निष्ठापूर्वक शपथ लेते हैं कि हम सभी प्रकार के आतंकवाद और हिंसा का डटकर विरोध करेंगे। हम मानव जाति के सभी वर्गों के बीच शान्ति, सामाजिक सद्भाव तथा सूझबूझ कायम करने और मानव जीवन मूल्यों को खतरा पहुंचाने वाली एवं विघटनकारी शक्तियों से लड़ने की भी शपथ लेते हैं। 'इस अवसर पर एसडीएम मनीश चौधरी ने कहा कि आतंकवाद मानवता के लिए सबसे बड़ा खतरा है और इससे समाज में भय एवं अस्थिरता का माहौल पैदा होता है। उन्होंने कहा कि शांति, भाईचारे और सामाजिक सद्भाव को बनाए रखने के लिए सभी नागरिकों को जागरूक होकर अपनी जिम्मेदारी निभानी चाहिए। उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मचारियों से राष्ट्र की एकता और अखंडता को मजबूत बनाने में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान करते हुए कहा कि देशहित सर्वोपरि है तथा सभी को मिलकर आतंकवाद जैसी विघटनकारी शक्तियों के खिलाफ एकजुट होकर कार्य करना चाहिए।

### पोस्टर से बताया मधुमक्खियों का महत्व

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** विश्व मधुमक्खी दिवस के अवसर पर डॉ. वाईएस परमार औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय के अंतर्गत औद्यानिकी एवं वानिकी महाविद्यालय गोहर (स्थित गुडाहरी) में पोस्टर प्रदर्शनी एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन बुधवार को किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने मधुमक्खियों के संरक्षण, परागण में उनकी भूमिका तथा पर्यावरण संतुलन में उनके महत्व पर अपने विचार प्रस्तुत किए। कार्यक्रम समन्वयक डॉ. मंजू देवी, सहायक प्राध्यापक, कीट विज्ञान ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए मधुमक्खियों के महत्व एवं जैव विविधता संरक्षण में उनकी भूमिका के प्रति जागरूक किया। उन्होंने कहा कि मधुमक्खियां केवल शहद उत्पादन तक सीमित नहीं हैं, बल्कि कृषि उत्पादन एवं खाद्य सुरक्षा के लिए भी अत्यंत आवश्यक हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को व्यक्तिगत स्तर पर मधुमक्खी संरक्षण की दिशा में प्रयास करने के लिए प्रेरित किया, जिससे सतत एवं स्वच्छ पर्यावरण के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दिया जा सके।

### दूसरे चरण का चुनावी पूर्वाभ्यास आयोजित



**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** गोपालपुर खंड में पंचायती राज संस्थाओं के सामान्य चुनाव-2026 को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न करवाने के उद्देश्य से वीरवार को राजकीय डिग्री कॉलेज सरकाघाट में दूसरे चरण का चुनावी पूर्वाभ्यास आयोजित किया गया। पूर्वाभ्यास कार्यक्रम की अध्यक्षता रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम सरकाघाट राजेन्द्र कुमार गौतम ने की। पूर्वाभ्यास में कुल 525 अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भाग लिया, जिनमें 240 पीठासीन एवं सहायक पीठासीन अधिकारी तथा 285 मतदान अधिकारी शामिल रहे। प्रशिक्षण के दौरान चुनाव प्रक्रिया से संबंधित विभिन्न पहलुओं की विस्तृत एवं व्यवहारिक जानकारी प्रदान की गई। मास्टर ट्रेनर जयपाल भरमौरिया ने चुनावी ड्यूटी में तैनात अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बैलेट बॉक्स की सीलिंग एवं अनसीलिंग, बैलेट बॉक्स संचालन तथा वीडीएमएस ऐप के उपयोग सहित मतदान प्रक्रिया के विभिन्न चरणों का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया। उन्होंने मतदान केंद्रों पर अपनाई जाने वाली प्रक्रियाओं, निर्वाचन सामग्री के प्रबंधन तथा मतदान संबंधी दिशा-निर्देशों की भी विस्तार से जानकारी दी।

### पुण्यतिथि पर राजीव गांधी को दी श्रद्धांजलि

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** भारत के पूर्व प्रधानमंत्री, युवा सोच के प्रतीक और आधुनिक भारत के निर्माता स्वर्गीय राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर सुंदरनगर में कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं गणमान्य लोगों ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा में राजीव गांधी के देश के प्रति योगदान, दूरदर्शी नेतृत्व, सूचना एवं संचार क्रांति की नींव रखने में उनकी भूमिका तथा युवाओं को सशक्त बनाने की उनकी सोच को विस्तार से स्मरण किया गया। पूर्व सीपीएस सोहन लाल ठाकुर ने कहा कि राजीव गांधी ने अपने कार्यकाल में देश को आधुनिक तकनीक, पंचायती राज व्यवस्था और युवाओं की भागीदारी की नई दिशा प्रदान की, जिसके दूरगामी परिणाम आज भी देश के विकास में दिखाई देते हैं। कार्यक्रम में सुंदरनगर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के नवनियुक्त अध्यक्ष जसवंत सिंह, पूर्व अध्यक्ष हेमंत शर्मा सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सभी ने राजीव गांधी के बताए मार्ग पर चलने, लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूत करने तथा देशहित में निरंतर कार्य करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने राजीव गांधी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि दी और उनके विचारों को वर्तमान समय में भी प्रासंगिक बताते हुए युवाओं से राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।

### उपायुक्त ने दिलाई आतंकवाद विरोधी शपथ

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** आतंकवाद विरोधी दिवस के अवसर पर उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन ने उपायुक्त कार्यालय में अधिकारियों और कर्मचारियों को आतंकवाद एवं हिंसा के विरुद्ध शपथ दिलाई। इस अवसर पर उपायुक्त ने सभी को शपथ दिलाई कि वे देश की अहिंसा एवं सहनशीलता की परम्परा में दृढ़ विश्वास रखते हुए सभी प्रकार के आतंकवाद और हिंसा का डटकर विरोध करेंगे। साथ ही मानव जाति के सभी वर्गों के बीच शांति, सामाजिक सदभाव और सुझबूझ बनाए रखने तथा मानव जीवन मूल्यों को खतरा पहुंचाने वाली विघटनकारी शक्तियों से लड़ने का भी संकल्प लिया गया। उपायुक्त ने कहा कि प्रत्येक वर्ष 21 मई को आतंकवाद विरोधी दिवस के रूप में मनाया जाता है। इसका उद्देश्य युवाओं और आम जनता को आतंकवाद और हिंसा के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना तथा शांति और राष्ट्रीय एकता का संदेश देना है। उन्होंने बताया कि यह दिवस पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर मनाया जाता है। इस अवसर पर अतिरिक्त उपायुक्त गुरसिमर सिंह, जिला पंचायत अधिकारी अंचित डोगरा, सहायक आयुक्त कुलदीप सिंह पटियाल, तहसीलदार निर्वाचन राजेश शर्मा , सीपीओ रमन सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### चौंतड़ा में दूसरी चुनावी रिहर्सल आयोजित

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** आगामी पंचायत चुनावों को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न करवाने के उद्देश्य से चौंतड़ा में आज दूसरी चुनावी रिहर्सल का आयोजन किया गया। रिहर्सल में कुल 436 चुनाव कर्मियों ने भाग लिया, जिनकी लगभग 109 टीमों का गठन किया गया। इस दौरान चुनाव प्रक्रिया से जुड़े विभिन्न पहलुओं की विस्तृत जानकारी मतदान कर्मियों को दी गई ताकि मतदान दिवस पर सभी प्रक्रियाएं सुचारू रूप से संपन्न हो सकें। रिहर्सल के दौरान पर्यवेक्षक के रूप में भारतीय वन सेवा अधिकारी सुभाष पराशर विशेष रूप से उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त सहायक निर्वाचन अधिकारी एवं एसडीएम जोगिंद्रनगर मनीश चौधरी तथा सहायक आयुक्त विकास एवं बीडीओ चौंतड़ा अनुभव तनवर भी मौजूद रहे और उन्होंने रिहर्सल की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। इस अवसर पर मास्टर ट्रेनर खजान सिंह तथा अखिल सूद ने मतदान कर्मियों को चुनाव संबंधी सभी आवश्यक प्रक्रियाओं की विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की। उन्होंने मतदान सामग्री के रख-रखाव, मतदान केंद्रों पर अपनाई जाने वाली सावधानियों, मतदाताओं की पहचान, चुनाव आयोग के दिशा-निर्देशों तथा मतदान समाप्ति के उपरांत अपनाई जाने वाली प्रक्रियाओं के बारे में विस्तार से प्रशिक्षण दिया।

### जिला भाजपा अध्यक्ष हीरालाल ने वर्कर्स में भरा जोश

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** जिला परिषद वार्ड टिहरा से भाजपा समर्थित प्रत्याशी वंदना गुलेरिया के पक्ष में चुनाव प्रचार लगातार गति पकड़ रहा है। इसी कड़ी में आज भारतीय जनता पार्टी जिला सुंदरनगर के सम्माननीय जिला अध्यक्ष श्री हीरालाल जी ने टिहरा क्षेत्र का दौरा किया तथा कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय लोगों के साथ बैठक कर चुनावी रणनीति पर चर्चा की। इस दौरान भाजपा टिहरा मंडल अध्यक्ष विनोद जी भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर हीरालाल ने भाजपा कार्यकर्ताओं से घर-घर जाकर जनसंपर्क अभियान को और अधिक मजबूत करने का आह्वान किया तथा वंदना गुलेरिया के पक्ष में अधिक से अधिक मतदान सुनिश्चित करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि भाजपा की नीतियों, विकासात्मक सोच और जनसेवा के प्रति समर्पण को देखते हुए क्षेत्र की जनता का भरपूर समर्थन पार्टी को मिल रहा है। उन्होंने क्षेत्रवासियों से अपील करते हुए कहा कि जिला परिषद वार्ड टिहरा के समग्र विकास, पारदर्शी कार्यप्रणाली और मजबूत नेतृत्व के लिए भाजपा समर्थित प्रत्याशी वंदना गुलेरिया को भारी मतों से विजयी बनाएं। इस दौरान कार्यकर्ताओं और स्थानीय जनता में भारी उत्साह देखने को मिला। क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर लोगों ने वंदना गुलेरिया का गर्मजोशी से स्वागत किया तथा उन्हें अपना समर्थन और आशीर्वाद देने का भरोसा दिलाया। वंदना गुलेरिया ने भी सभी कार्यकर्ताओं एवं क्षेत्र की जनता का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें जो प्यार, स्नेह और समर्थन मिल रहा है, वह टिहरा के उज्ज्वल भविष्य के प्रति जनता के विश्वास को दर्शाता है। उन्होंने विश्वास दिलाया कि जनता की अपेक्षाओं पर पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ कार्य किया जाएगा।

# हमें मैसेज आए, चाहे न आए आज ही गैस चाहिए, तो चाहिए

## जोगिंद्रनगर के गरोड़ू में फूटा महिलाओं का गुस्सा, अव्यवस्था पर उठाए सवाल

अनंत ज्ञान

**अंकित कुमार, जोगिंद्रनगर।** जोगिंद्रनगर के वार्ड-2 गरोड़ू में वीरवार को इंडेन गैस वितरण के दौरान उस समय हंगामे जैसी स्थिति बन गई, जब गैस लेने पहुंची महिलाओं और स्थानीय लोगों ने वितरण व्यवस्था पर नाराजगी जाहिर की। करीब दो महीने बाद क्षेत्र में गैस सप्लाई की गाड़ी पहुंचने से सुबह से ही लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई थी। लंबे समय से गैस सिलेंडर का इंतजार कर रहे उपभोक्ताओं में गैस लेने की होड़ मच गई और वितरण स्थल पर अफरा-तफरी का माहौल देखने को मिला।

जैसे ही इंडेन गैस की गाड़ी गरोड़ू पहुंची, लोगों ने अपनी-अपनी कॉपियां जमा करवानी शुरू कर दीं और सिलेंडर वितरण का कार्य आरंभ हो गया। लेकिन कुछ ही देर बाद स्थानीय महिलाओं ने आरोप लगाया कि गरोड़ू के उपभोक्ताओं को गैस देने की बजाय पहले दूसरे क्षेत्रों से पहुंचे लोगों को



एलपीजी वितरण व्यवस्था पर नाराजगी जाहिर करते लोग। अनंत ज्ञान

सिलेंडर दिए जा रहे हैं। इस बात को लेकर महिलाओं में रोष फैल गया और उन्होंने मौके पर ही विरोध जताना शुरू कर दिया।

महिलाओं का कहना था कि गैस की गाड़ी विशेष रूप से गरोड़ू क्षेत्र के लिए भेजी गई थी, ऐसे में सबसे पहले स्थानीय लोगों को गैस मिलनी चाहिए थी। महिलाओं ने नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि घरों में पिछले कई दिनों से गैस खत्म हो चुकी है और लोगों को लकड़ी व अन्य वैकल्पिक साधनों से खाना बनाने को मजबूर होना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि दो महीने बाद गैस की गाड़ी पहुंची है और अब यदि मैसेज न आने का बहाना बनाकर गैस नहीं दी गई तो यह सरासर गलत होगा।

गुस्साई महिलाओं ने साफ शब्दों में कहा, 'मैसेज आए चाहे न आए, आज गैस चाहिए, तो चाहिए।' महिलाओं का कहना था कि कई बार तकनीकी कारणों से मोबाइल पर मैसेज नहीं आते, लेकिन इसका खामियाजा उपभोक्ताओं को नहीं भुगतना चाहिए। उन्होंने वितरण में पारदर्शिता की मांग करते हुए कहा कि पहले स्थानीय उपभोक्ताओं की सूची के अनुसार गैस वितरित की जानी चाहिए थी।

### गैस वितरण की उचित व्यवस्था बनाने की मांग

**अन्य** लोगों ने भी वितरण व्यवस्था पर सवाल उठाए। उनका कहना था कि यदि सही ढंग से लाइन और नंबर प्रणाली लागू की जाती, तो विवाद की स्थिति पैदा नहीं होती। लोगों ने प्रशासन और गैस एजेंसी से मांग की कि भविष्य में गैस वितरण की उचित व्यवस्था बनाई जाए तथा समय-समय पर नियमित सप्लाई सुनिश्चित की जाए ताकि लोगों को परेशानियों का सामना न करना पड़े। स्थानीय लोगों का यह भी कहना था कि ग्रामीण क्षेत्रों में गैस सप्लाई पहले ही अनियमित रहती है, ऐसे में जब लंबे अंतराल के बाद गाड़ी पहुंचती है तो लोगों की उम्मीदें बढ़ जाती हैं। यदि वितरण के दौरान अव्यवस्था हो तो लोगों में नाराजगी स्वाभाविक है। घटना के दौरान कुछ समय के लिए माहौल तनावपूर्ण जरूर रहा, लेकिन बाद में लोगों को समझाकर वितरण कार्य जारी रखा गया।

# कन्सा खड्ड में बेरोकटोक हो रहा अवैध खनन, पानी का स्तर गिरा

अनंत ज्ञान




कन्सा खड्ड में अवैध खनन के चलते बनीं गहरी खाइयां।

**महेंद्र राणा, भौर।** कन्सा खड्ड में वर्षों से जारी अवैध खनन अब आसपास के गांवों के लोगों के लिए बड़ी मुसीबत बनता जा रहा है। डीनक, डुगराई, रड्डू, छलखी, ढाबन और पाटा गांवों के ग्रामीणों का कहना है कि लगातार हो रहे अवैध खनन ने खड्ड को जगह-जगह गहरी खाइयों में बदल दिया है, जिससे पानी का स्तर काफी नीचे चला गया है। स्थानीय लोगों के अनुसार कई लोग बरसात में इन गहरी खाइयों में डूब चुके हैं, लेकिन इसके बावजूद प्रशासन और जनप्रतिनिधियों की ओर से कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया।

ग्रामीणों का आरोप है कि पहले खनन केवल खड्ड तक सीमित था, लेकिन अब मशीनें और टिप्पर लोगों के घरों के समीप तक पहुंच गए हैं, जिससे मकानों की सुरक्षा पर भी खतरा मंडराने लगा है। लोगों का कहना है कि दिन-रात चल रही मशीनों और वाहनों के शोर से पूरा क्षेत्र प्रदूषण की चपेट में है, जबकि प्रकृति का संतुलन भी लगातार बिगड़ रहा है।

नाम न छापने की शर्त पर एक प्रकृति प्रेमी ने बताया कि अवैध खनन बिना मिलीभगत के संभव नहीं हो सकता और यही कारण है कि वर्षों से यह धंधा बेरोकटोक जारी है।

### ◆ग्रामीणों ने प्रशासन पर चुप्पी साधने के जड़े आरोप

ग्रामीणों ने कहा कि प्रशासनिक अधिकारी कभी मौके पर लोगों की समस्याएं सुनने नहीं पहुंचे और न ही खनन के दुष्प्रभावों को लेकर कोई जागरूकता अभियान चलाया गया। क्षेत्र के बुद्धिजीवियों ने उपायुक्त मंडी और मंडी संसदीय क्षेत्र की सांसद कंगना रनौत से मांग की है कि समय रहते अवैध खनन में संलिप्त लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में किसी बड़े हादसे को रोका जा सके।

# जनविरोधी फैसलों पर हाईकोर्ट की रोक से सरकार बेनकाब : जयराम

अनंत ज्ञान



### ◆विजिलेंस को सूचना के अधिकार से बाहर करने के फैसले पर साधा निशाना

**ब्यूरो, मंडी।** पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ने प्रदेश सरकार की कार्यप्रणाली पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि सुक्खू सरकार के जनविरोधी और असंवैधानिक फैसलों पर हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट द्वारा लगाई गई रोक न्याय और कानून की बड़ी जीत है। उन्होंने कहा कि सरकार अपने भ्रष्टाचार और तानाशाही पर पर्दा डालने के लिए लगातार ऐसे फैसले ले रही है, जिनका जनता के हितों से कोई सरोकार नहीं है। जयराम ठाकुर ने आरोप लगाया कि प्रदेश के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल आईजीएमसी में मरीजों के भोजन शुल्क को 14 रुपये से बढ़ाकर 50 रुपये करना गरीब और मध्यम वर्गीय मरीजों पर आर्थिक बोझ डालने जैसा है। उन्होंने कहा कि दूरदराज के क्षेत्रों से इलाज के लिए आने वाले परिवार पहले ही आर्थिक परेशानियों से जूझ रहे हैं और ऐसे में अस्पताल प्रशासन द्वारा मेस व्यवस्था को ठेके पर देना सरकार की संवेदनहीनता को दर्शाता है। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि अस्पताल में भर्ती मरीजों का भोजन खर्च 420 रुपए से बढ़कर करीब 1500 रुपए तक पहुंच जाएगा, जिससे गरीब मरीजों और उनके परिजनों की मुश्किलें और बढ़ेंगी। उन्होंने सरकार के उस फैसले को भी कठघरे में खड़ा किया, जिसमें राज्य सतर्कता एवं भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो को सूचना के अधिकार अधिनियम के दायरे से बाहर करने की अधिसूचना जारी की गई थी। उन्होंने कहा कि हाईकोर्ट द्वारा इस अधिसूचना पर अंतरिम रोक लगाना सरकार की तानाशाही सोच पर करारा तमाचा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता अब सरकार का असली चेहरा पहचान चुकी है।

# चोलथरा स्कूल में पोलिंग स्टेशन का किया निरीक्षण

## अनंत ज्ञान समाचार पत्र में खबर छपते ही हरकत में आया प्रशासन

अनंत ज्ञान

**रितेश चौहान, सरकाघाट।** चोलथरा स्कूल में दो पंचायतों के पोलिंग बूथ के लिए रास्ता टूटने और दिव्यांग मतदाताओं को होने वाली परेशानी को लेकर खबर छपने के बाद प्रशासन तुरंत हरकत में आया है खबर प्रकाशित होते ही वीरवार सुबह एसडीएम सरकाघाट राजेंद्र गौतम ने मौके पर राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला चोलथरा पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया और एनएच निर्माण कंपनी द्वारा स्कूल जाने वाले रास्ते सड़क और मेन गेट पर लगाई गई दीवार का निरीक्षण किया। स्थानीय निवासियों ने बताया कि राष्ट्रीय उच्च मार्ग निर्माण कार्य के चलते स्कूल तक पहले से मौजूद सड़क मार्ग पूरी तरह प्रभावित हो चुका है। पहले


समस्या चोलथरा स्कूल का रास्ता टूटा, मार्ग बंद होने से दो पंचायतों के दर्जनों मतदाता हो सकते हैं प्रभावित
बुजुर्ग और दिव्यांग वोटर्स के मतदान करने पर मंडराया संकट

अनंत ज्ञान समाचार पत्र में छपी खबर। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान इंपैक्ट

जहां वाहन सीधे स्कूल परिसर तक पहुंच जाते थे, वहीं अब आगामी पंचायत चुनावों में पोलिंग बूथ तक पहुंचने के लिए मतदाताओं को ऊंची सीढ़ियों और कठिन रास्ते का सहारा लेना पड़ेगा। इस कारण विशेष रूप से बुजुर्गों, दिव्यांगों, महिलाओं और बीमार मतदाताओं को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। ग्रामीणों ने मांग रखी कि स्कूल को पहले की तरह सड़क सुविधा से जोड़ा जाए। लोगों ने साफ कहा कि यदि समय रहते समाधान नहीं निकाला गया, तो पंचायत चुनावों के बहिष्कार जैसे कठोर निर्णय पर भी विचार किया जा सकता है। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसडीएम सरकाघाट ने मौके पर ही मोर्थ के अधिकारियों को निर्देश दिए कि एक दिन के भीतर मतदाताओं के लिए पोलिंग बूथ तक पहुंचने की उचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। साथ ही स्कूल के लिए सड़क मार्ग को स्थायी रूप से पुन: बहाल करने के भी निर्देश दिए गए।

### ◆एसडीएम ने मतदाताओं के लिए पोलिंग बूथ तक पहुंचने की उचित व्यवस्था करने के दिए निर्देश

### वैकल्पिक मार्ग तैयार करने का दिया भरोसा

**मोर्थ** अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि अगले दिन तक मतदान केंद्र तक पहुंचने के लिए वैकल्पिक मार्ग तैयार कर दिया जाएगा तथा आगामी समय में पाठशाला का सड़क मार्ग भी पुनः बहाल किया जाएगा। इस दौरान मोर्थ की ओर से मौके पर उपस्थित एसडीओ शुभम और प्रोजेक्ट इंजीनियर श्रीकांत ने आश्वासन दिया कि पाठशाला की ओर डंगा निर्माण के दौरान बने गड्ढों और खतरनाक हिस्सों को प्राथमिकता के आधार पर भरा जाएगा। साथ ही पाठशाला तक सुरक्षित पहुंच के लिए रास्ते का निर्माण किया जाएगा।

# करनेहड़ा-गलमा के मतदान केंद्र महिलाओं के हवाले

## केंद्रों पर प्रीसाइडिंग, पोलिंग अधिकारी तथा अन्य स्टाफ के रूप में महिला कर्मी देंगी सेवाएं

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, मंडी।** महिला सशक्तिकरण एवं लोकतांत्रिक प्रक्रिया में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से ब्लॉक बल्ह में पंचायती राज चुनाव के अंतर्गत एक अभिनव पहल की जा रही है। इसके तहत पंचायत करनेहड़ा एवं पंचायत गलमा के सभी मतदान केंद्र पूर्णत: महिला मतदान कर्मियों द्वारा संचालित किए जाएंगे। प्राधिकृत अधिकारी बल्ह समृतिका नेगी ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रथम चरण में 26 मई को पंचायत करनेहड़ा की 5 वार्डों तथा द्वितीय चरण में 28 मई को पंचायत गलमा की 5 वार्डों में सभी मतदान केंद्रों पर केवल महिला कर्मचारियों की



तैनाती की जाएगी। इन केंद्रों पर प्रीसाइडिंग अधिकारी, पोलिंग अधिकारी तथा अन्य सहयोगी स्टाफ के रूप में महिला कर्मी सेवाएं देंगी।

उन्होंने बताया कि इस पहल का उद्देश्य जमीनी स्तर पर महिला नेतृत्व को प्रोत्साहित करना तथा लोकतांत्रिक प्रक्रिया में महिलाओं की प्रभावी सहभागिता सुनिश्चित करना है। मतदाता जागरूकता एवं आकर्षण के लिए इन पंचायतों में विभिन्न थीम आधारित मॉडल बूथ एवं सेल्फी प्वाइंट भी स्थापित किए जाएंगे। इनमें प्रमुख रूप से नशा मुक्त पंचायत बूथ, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ सेल्फी बूथ, महिला शक्ति बूथ, पर्यावरण सुरक्षित पंचायत बूथ तथा स्वच्छ पंचायत बूथ शामिल रहेंगे। महिला शक्ति बूथों पर स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से मतदाताओं के लिए नि:शुल्क सामान्य स्वास्थ्य जांच सुविधा भी उपलब्ध करवाई जाएगी।

इसके अतिरिक्त महिला मतदाताओं एवं मतदान कर्मियों की सुविधा हेतु चयनित वार्डों में क्रेच एवं बाल देखभाल सुविधा स्थापित करने का भी प्रस्ताव है। एसडीएम बल्ह ने बताया कि संबंधित भवनाध्यक्षों को मतदान केंद्रों पर स्वच्छता, पेयजल, विद्युत, शौचालय, बैठने की व्यवस्था, रैंप तथा अन्य आवश्यक मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश जारी किए गए हैं। साथ ही संबंधित विद्यालयों से विद्यार्थियों द्वारा तैयार चार्ट, पेंटिंग, स्लोगन एवं जागरूकता सामग्री उपलब्ध करवाने का आग्रह भी किया गया है, ताकि मतदान केंद्रों को आकर्षक एवं जागरूकता आधारित बनाया जा सके।

# महादेव पंचायत में स्वयंसेवी विजय कुमार कर रहे डिजिटल चुनाव प्रचार

अनंत ज्ञान

**भीम बसेड़ू राजपूत, महादेव।** नाचन विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आती ग्राम पंचायत महादेव में चुनाव प्रचार जोरों पर है। बता दें कि पंचायती राज यानि ग्राम सता का नशा सर चढ़कर केवल पुराने लोगों में ही नहीं बोल रहा है बल्कि अबकी बार शिक्षित नए लोग लोकतंत्र के इस उत्सव में बढ़ चढ़ कर भाग ले रहे हैं परिणाम जो भी हो परंतु निरंतर पंचायत संबंधी विभिन्न पदों को पा जाने के लिए जना जनार्दन के यहां दस्तक दे रहे हैं। प्रत्याशी जहां एक ओर घर -घर जाकर अपने अपने पक्ष में वोट मांगे जा रहे हैं वहीं सोशल मीडिया के अलावा जमीनी स्तर पर कार्य जारी है पोस्टरबाजी जोरदार ढंग से की जा रही है। भरपूर सेवाभाव लिए यहां एक युवा हैं जो पंचायत के घुकनू गांव से



संबंध रखते हैं पंचायतीराज चुनाव को लेकर पुराने चुनाव प्रचार के तरीके से हटकर डिजिटल इंडिया को आत्मसात कर रहे हैं। ग्राम पंचायत महादेव से पहली बार मैदान में सोशल मीडिया के माध्यम से जन- जन तक अपनी पहुंच बना रहे हैं। यही नहीं मैदान में उतरकर यानि लोगों से व्यक्तिगत संपर्क केवल वोट मांगने के लिए ही नहीं कर रहे हैं बल्कि स्मार्टफोन में नई- नई खोजबीन कर पंचायत सहित अन्य जानकारियां लोगों को पूरी तरह से समझाने का भी भरसक प्रयास कर रहे हैं ताकि उन्हें पंचायत से संबंधित प्रत्याशियों वार्डों, मतदाताओं संख्या इत्यादि का पता चल पहले ऐसे युवा हैं, जिनके इस कार्य के लिए उत्साहित हुए लोग उनकी पीठ थपथपा रहे हैं क्योंकि वे लोगों को पूरी तरह डिजिटल तरीका समझाने का मन बना चुके हैं।

### बीएसएल सुंदरनगर में पढ़ाया स्वच्छता का पाठ

**अनंत ज्ञान, जंगमबाग।** भारत सरकार एवं बीबीएमबी प्रशासन के दिशा-निर्देशों के तहत बीएसएल परियोजना सुंदरनगर में 16 से 30 मई तक मनाए जा रहे स्वच्छता पखवाड़े के अंतर्गत लोगों को जागरूक करने के लिए लगातार विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में मुख्य अभियंता कार्यालय, बीएसएल परियोजना सुंदरनगर में स्वच्छता के महत्व पर विशेष जागरूकता सेमिनार आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन मुख्य अभियंता बीएसएल परियोजना बी.एस. नारा तथा उप मुख्य अभियंता कश्मीर सिंह ठाकुर के मार्गदर्शन में किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में अधिकारियों और कर्मचारियों ने भाग लिया। इस अवसर पर उप मुख्य अभियंता कश्मीर सिंह ठाकुर ने कहा कि स्वच्छता केवल सफाई तक सीमित नहीं बल्कि स्वास्थ्य, मानसिक संतुलन और राष्ट्र के समग्र विकास से जुड़ा विषय है। उन्होंने कहा कि रोगमुक्त समाज के निर्माण के लिए घरों के साथ सार्वजनिक स्थलों की स्वच्छता बनाए रखना भी हर नागरिक की जिम्मेदारी है।

**अवैध कटान** कांढा पतन मंदिर परिसर में प्रूनिंग की आड़ में बड़े पेड़ों का कटान करने के आरोप

# धर्मपुर में आमों से लदे पेड़ों पर चली कुल्हाड़ी

अनंत ज्ञान

**रितेश चौहान, सरकाघाट।** धर्मपुर विधानसभा क्षेत्र एक बार फिर कथित अवैध कटान को लेकर सुर्खियों में आ गया है। प्रसिद्ध धार्मिक स्थल कांढा पतन स्थित श्री नीलकंठ महादेव मंदिर परिसर में आम से लदे बड़े-बड़े पेड़ों के कटान को लेकर विवाद गहरा गया है। हिमालय इकोरुट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष विधि चंद भरमौरिया ने इस पूरे मामले को अमानवीय बताते हुए आरोप लगाया कि प्रशासन की सरपरस्ती में प्रतिबंधित किस्म के पेड़ों पर आरा चलाया गया और प्रूनिंग की आड़ में पेड़ों को जड़ से काट दिया गया।

उन्होंने कहा कि जब पेड़ों पर असंख्य आम लगे हुए थे तब उन्हें काट दिया गया, जिससे धार्मिक आस्था, पर्यावरण और कानून तीनों की धज्जियां उड़ी हैं। भरमौरिया ने

अनंत ज्ञान स्पैशल

आरोप लगाया कि मंदिर कमेटी के चेयरमैन स्वयं एसडीएम धर्मपुर हैं और 28 अप्रैल 2026 को बीएनएनएस की धारा 152 के तहत जारी आदेश में केवल तीन पेड़ों की कांट-छांट की अनुमति दी गई थी, लेकिन मौके पर पेड़ पूरी तरह कटे मिले।

उन्होंने सवाल उठाया कि जब पेड़ पहले से मौजूद थे तो उनके नीचे सराय निर्माण क्यों कराया गया और मंदिर कमेटी के सचिव को शिकायतकर्ता बनाकर अनुमति क्यों ली गई। उनका कहना है कि यह पूरा मामला मिलीभगत की ओर इशारा करता है तथा इसकी उच्चस्तरीय जांच कर जिम्मेदार अधिकारियों व संबंधित लोगों के



कांढा पतन मंदिर परिसर में कटे पड़े आम के पेड़। अनंत ज्ञान

खिलाफ एफआईआर दर्ज की जानी चाहिए, अन्यथा जनता के सहयोग से उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया जाएगा। भरमौरिया ने यह भी आरोप लगाया कि धर्मपुर क्षेत्र में प्रूनिंग के नाम पर हजारों पेड़ काटे गए हैं और एसडीएम कार्यालय धर्मपुर का पूरा रिकॉर्ड जब्त कर जांच होनी चाहिए कि अब तक कितनी प्रूनिंग की अनुमति दी गई। उन्होंने दावा किया कि वन परिक्षेत्र कार्यालय के समीप सैकड़ों वर्ष पुराने तुनी के पेड़ों को भी इसी तरह खुर्द-बुर्द किया गया था। स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि पहले भी मंदिर कमेटी द्वारा पेड़ों के कटान में गोलमाल किया गया और लकड़ी से हुई आय का कोई स्पष्ट हिसाब सार्वजनिक नहीं किया गया।

समाजसेवी विधि चंद भरमौरिया ने आरोप लगाया कि धर्मपुर क्षेत्र में प्रूनिंग के नाम पर बड़े स्तर पर पेड़ों का कटान किया गया है।

उन्होंने मांग उठाई कि एसडीएम कार्यालय धर्मपुर का रिकॉर्ड सीज कर निष्पक्ष जांच करवाई जाए ताकि यह सामने आ सके कि अब तक कितने पेड़ों की छंटाई की अनुमति दी गई और कितने पेड़ वास्तव में काटे गए। उनका कहना है कि विपक्ष भी इस मुद्दे को उठा चुका है और कई स्थानों पर पुराने पेड़ों को कथित तौर पर खुर्द-बुर्द किया गया है।

### वन विभाग को दिए थे जांच के निर्देश : एसडीएम

**धर्मपुर** के एसडीएम जोगेंद्र पटियाल ने मामले पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि वह इन दिनों चुनाव प्रक्रिया में व्यस्त हैं। उन्होंने कहा कि वन विभाग को मामले की जांच करने के निर्देश दिए गए थे और विभाग ने मौके पर जाकर आवश्यक कार्रवाई की होगी।

**किताबों** में वजन होता है! ये यूं ही किसी के जीवन की दशा और दिशा नहीं बदल देतीं। -इला प्रसाद

## संपादकीय

# बढ़ता जा रहा ईरान संकट

मध्य पूर्व की राजनीति एक बार फिर उस निर्णायक मोड़ पर पहुंचती हुई दिखाई दे रही हैं, जहां कूटनीति की सीमाएं सैन्य रणनीति के दबाव में कमजोर पड़ सकती हैं। ईरान युद्ध को लेकर अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य में हालिया घटनाक्रम-अमेरिकी संसद में युद्ध या सैन्य कार्रवाई को सीमित करने की दिशा में प्रस्तावों का आगे बढ़ना, और दूसरी ओर अमेरिका तथा उसके प्रमुख सहयोगी इसराइल के बीच रणनीतिक मतभेदों का खुलकर सामने आना-दुनिया को एक नए भू-राजनीतिक तनाव की ओर धकेल रहे हैं।

इन सबके बीच सबसे बड़ा सवाल यह है कि क्या दुनिया एक और बड़े तेल संकट की ओर बढ़ रही है? वर्तमान तनाव के केंद्र में दो प्रमुख राजनीतिक नेतृत्व और उनकी भिन्न रणनीतिक सोच दिखाई देती है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और इसराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के बीच ईरान नीति को लेकर मतभेद अब केवल कूटनीतिक फुसफुसाहट नहीं रहे, बल्कि खुले राजनीतिक अंतर के रूप में सामने आ चुके हैं। ट्रंप प्रशासन का झुकाव फिलहाल बातचीत, दबाव और संभावित समझौते की दिशा में माना जा रहा है, जबकि नेतन्याहू का रुख स्पष्ट रूप से कठोर सैन्य कार्रवाई और निरंतर दबाव की नीति के पक्ष में है।

यह मतभेद केवल व्यक्तिगत नेतृत्व का अंतर नहीं है, बल्कि दो अलग रणनीतिक स्कूलों का टकराव है। एक ओर वह दृष्टिकोण है जो मानता है कि दीर्घकालिक स्थिरता बातचीत, प्रतिबंधों और कूटनीति से संभव है, दूसरी ओर वह सोच है जो मानती है कि ईरान जैसे देशों के संदर्भ में निर्णायक सैन्य दबाव ही वास्तविक परिणाम दे सकता है। यह विभाजन अंतरराष्ट्रीय राजनीति में कोई नया नहीं है, लेकिन इसकी तीव्रता वर्तमान परिस्थितियों में विशेष रूप से खतरनाक हो गई है।

ईरान लंबे समय से पश्चिमी देशों और इसराइल के साथ तनावपूर्ण संबंधों में रहा है। परमाणु कार्यक्रम, क्षेत्रीय प्रभाव और सुरक्षा चिंताओं ने इस तनाव को लगातार बनाए रखा है, लेकिन वर्तमान स्थिति इसलिए अधिक संवेदनशील है क्योंकि यह केवल द्विपक्षीय तनाव नहीं रह गया है, बल्कि इसमें वैश्विक ऊर्जा बाजार और अंतरराष्ट्रीय अर्थव्यवस्था सीधे प्रभावित हो रहे हैं। ईरान के आसपास का भू-राजनीतिक क्षेत्र वैश्विक तेल आपूर्ति के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। होर्मुज जलडमरूमध्य जैसे रणनीतिक मार्गों से होकर दुनिया के बड़े हिस्से का कच्चा तेल गुजरता है। ऐसे में किसी भी प्रकार की सैन्य गतिविधि या तनाव आपूर्ति श्रृंखला को बाधित कर सकती है। यही कारण है कि तेल बाजार हर छोटे राजनीतिक संकेत पर प्रतिक्रिया देने लगता है।

आज की वैश्विक अर्थव्यवस्था पहले से ही कई दबावों से गुजर रही है-महंगाई, ऊर्जा लागत में अस्थिरता, और वैश्विक व्यापार में धीमापन। ऐसे में यदि मध्य पूर्व में तनाव बढ़ता है तो इसका सबसे पहला प्रभाव तेल की कीमतों पर पड़ेगा। और तेल कीमतों में वृद्धि केवल ऊर्जा बाजार तक सीमित नहीं रहती, बल्कि यह परिवहन, उत्पादन, खाद्य आपूर्ति और मुद्रास्फीति तक को प्रभावित करती है। अमेरिकी संसद में सैन्य कार्रवाई को सीमित करने वाले प्रस्तावों का आगे बढ़ना यह संकेत देता है कि अमेरिका के भीतर भी अब विदेश नीति को लेकर गहरा पुनर्विचार चल रहा है। इराक और अफगानिस्तान जैसे लंबे युद्धों के बाद अमेरिकी राजनीतिक व्यवस्था में 'युद्ध से बचने' की प्रवृत्ति मजबूत हुई है।

यह प्रवृत्ति कार्यपालिका और विधायिका के बीच संतुलन को भी नया रूप दे रही है, जहां संसद अब सैन्य निर्णयों पर अधिक नियंत्रण चाहती है, लेकिन दूसरी ओर इसराइल की सुरक्षा चिंताएं उसे अधिक आक्रामक नीति की ओर धकेलती हैं। नेतन्याहू का यह रुख कि ईरान पर हमले रोकना एक रणनीतिक गलती होगी, इस बात को दर्शाता है कि इसराइल ईरान को केवल एक राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी नहीं, बल्कि एक प्रत्यक्ष सुरक्षा खतरे के रूप में देखता है। इसीलिए वह किसी भी तरह की नरमी को जोखिम के रूप में देखता है।

इस पूरे घटनाक्रम में सबसे जटिल स्थिति अमेरिका की है। उसे एक ओर अपने पारंपरिक सहयोगी इसराइल की सुरक्षा चिंताओं का ध्यान रखना है, और दूसरी ओर वैश्विक युद्ध से बचने तथा ऊर्जा संकट को रोकने की जिम्मेदारी भी निभानी है। यह दोहरा दबाव अमेरिकी विदेश नीति को अत्यंत कठिन बना देता है।

वैश्विक तेल संकट का इतिहास बताता है कि मध्य पूर्व में तनाव का सीधा असर दुनियाभर की अर्थव्यवस्था पर पड़ता है। 1970 के दशक का तेल संकट हो या बाद के युद्ध-हर बार ऊर्जा कीमतों में वृद्धि ने वैश्विक मंदी की आशंकाओं को बढ़ाया है। आज स्थिति और भी जटिल है क्योंकि, वैश्विक अर्थव्यवस्था अत्यधिक परस्पर जुड़ी हुई है। यदि वर्तमान तनाव बढ़ता है, तो सबसे पहले निवेश बाजारों में अस्थिरता देखने को मिलेगी।

## आज की प्रमुख हस्ती

### 'रुस्तम-ए-हिंद'

**गामा पहलवान**, जिनका वास्तविक नाम गुलाम मोहम्मद बख्श बट था, भारतीय कुश्ती इतिहास के सबसे महान पहलवानों में गिने जाते हैं।



गामा पहलवान
जन्म : 22 मई, 1878
मृत्यु : 21 मई, 1960

उनका जन्म 22 मई 1878 को अमृतसर के जब्बोवाल गांव में हुआ माना जाता है, जबकि कुछ स्रोत उनका जन्म दतिया, मध्य प्रदेश बताते हैं। बचपन से ही उन्हें कुश्ती का शौक था और उन्होंने अपने भाई इमामबख्श के साथ प्रसिद्ध पहलवान माधोसिंह से दांव-पेंच सीखे।

गामा ने कम उम्र में ही अपनी असाधारण ताकत और फुर्ती से बड़े-बड़े पहलवानों को हराना शुरू कर दिया। 19 वर्ष की आयु में उन्होंने भारत केसरी रहीमबख्श सुल्तानीवाला को चुनौती दी। गामा ने रहीमबख्श को हराकर 'रुस्तम-ए-हिंद' का खिताब जीता। 1910 में गामा इंग्लैंड गए, जहां उन्होंने विश्व दंगल में हिस्सा लिया। वहां उन्होंने अमेरिकी पहलवान बैंजामिन रोलर सहित कई विदेशी पहलवानों को हराया। सबसे प्रसिद्ध मुकाबला पोलैंड के विश्व विजेता स्टेनिस्लस जिबेस्को से हुआ।

पहली कुश्ती अनिर्णीत रही, लेकिन दूसरी बार जिबेस्को मैदान में नहीं पहुंचा और गामा को विश्व विजेता घोषित कर दिया। इसके बाद उन्हें 'रुस्तम-ए-जमां' और 'द ग्रेट गामा' जैसी उपाधियां मिलीं। गामा अपने पूरे जीवन में कभी कोई कुश्ती नहीं हारे। उनकी कसरत और शक्ति के किस्से आज भी प्रसिद्ध हैं। 1947 के विभाजन के बाद वे पाकिस्तान चले गए। जीवन के अंतिम वर्षों में उन्हें आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। 21 मई 1960 को लाहौर में उनका निधन हुआ।



कविता

### क्यों चले गए ?

नमिता शर्मा, शिक्षिका

**पर** आप अकेले नहीं गए, आप मेरा रूप ले गए
मेरा श्रृंगार ले गए, मेरी हंसी मेरे चेहरे से रौनक ले गए
आप मेरा गुरूर ले गए, मेरा वजूद ले गए
मेरा स्वाभिमान ले गए, अपने बच्चों की मासूमियत ले गए
इस घर से इसका घर होना ले गए
हमारी पूरी दुनिया थे आप, हमसे हमारी दुनिया ले गए
सिर्फ ले ही तो नहीं गए, दे भी बहुत कुछ गए
उम्रभर के जख्म दे गए, ताउम्र रिसती रहे वो कहानी दे गए
ये अकेलापन, ये खामोशी, ये उदासी
हर वक्त की यादें, हर समय का सन्नाटा
एक अजीब सी खामोशी, ये सब भी तो दे ही।।

# आग की लपटों और वन माफिया के घेरे में वन संपदा



तुलसी राम डोगरा
स्वतंत्र लेखक, पालमपुर

हिमाचल प्रदेश देवभूमि के नाम से विश्वविख्यात है, जो अतुलनीय सुषमा व प्रचुर प्राकृतिक संपदा से लबालब है। राज्य में कलकल करती नदियां, दुर्गम और घनी हरियाली से घिरे ऊंचे-ऊंचे पहाड़, बहते झील-झरनों के कर्णप्रिय नाद, हरे-भरे देवदार, कैल, चीड़, चाय बागान आदि यहां की जलवायु को प्रेरणादायी बनाते हैं। इन सबमें हिमाचल प्रदेश की दूसरी सबसे महत्वपूर्ण प्राकृतिक संपदा घने वन हैं जिनका वर्णन विस्तृत रूप से करना कठिन ही नहीं, बल्कि नामुमकिन है।

यहां की भूमि कई प्रकार के वृक्षों,वन्य जीव प्राणियों और जड़ी-बूटियों से सराबोर है। यही इस राज्य की खूबसूरती है। राज्य को कुदरत ने वन संपदा का एक अनूठा प्राकृतिक सौंदर्य का उपहार दिया है, जिसको निहारने के लिए देश-विदेश के पर्यटक इस ओर बरबस खिंचे चले आते हैं। अगर यह कहा जाए की प्राकृतिक संपदा से आच्छादित यह राज्य संपन्न है, तो शायद कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी, लेकिन वर्षों से राज्य सरकार के वन विभाग की ओर से जो इसके संरक्षण और उचित देखभाल होनी चाहिए उसमें कोई ठोस नीति अथवा कारगर कदम नहीं उठाए गए हैं। अरबों रुपए की इस वन संपदा का दोहन व संरक्षण अभी तक सही रूप से नहीं हो पा रहा है। दूसरी ओर, वन माफिया रात के अंधेरे अथवा ब्रह्म मुहूर्त में जंगलों से आए-दिन कीमती पेड़ों की बेशुमार और अंधाधुंध अवैध कटान वन विभाग की कार्यप्रणाली पर प्रश्नचिन्ह लगाते हैं। कई मर्तबा प्रकाश में आता है कि वनकाटु खैर, चंदन तथा अन्य बेशकीमती पेड़ों को उखाड़ कर जंगलों को खाली करने पर उतारु रहते हैं और इस कार्य को अंजाम यह वन काटु अल सुबह अथवा जहां जिस बीट में वन रक्षक की तैनाती नहीं होती है, उस मौके का फायदा उठाकर बिना डर के करते हैं।

यूं तो जंगलों से अवैध कटान के मामले आए दिन मीडिया में छाए रहते हैं, लेकिन वन विभाग को जो सतर्कता बरतनी चाहिए, उसमें चूक और लापरवाही अक्सर देखी गई है। उदाहरण के तौर पर गत वर्ष ज्वालामुखी के सपड़ी भाटी इलाके से 400 से ज्यादा खैर के मोछे बरामद किए गए, लेकिन उस समय वहां मात्र कुल्हाड़ी ही हाथ लगी और इसमें संलिप्त आरोपी हाथ तक नहीं आए। दूसरी ओर, गत मंगलवार यानी 19 मई की रात्रि को नादौन के रंगस में वन विभाग की टीम ने बालन से भरा ट्रक पकड़ा जो पंजाब की ओर जा रहा था।

यही नहीं, वनों से अविवेकपूर्ण ढंग से अंधाधुंध कटाई व चीड़ के पेड़ों से बड़ी बेरहमी से ज्वलनशील पदार्थ डालकर बिरोजा



निकालने की घटनाएं भी प्रकाश में आती रहती हैं। यह विचारणीय विषय है। दूसरी ओर, राज्य के जंगल हर वर्ष आग की लपटों से घिरे रहते हैं। भीषण गर्मी में आग जंगलों को अपनी बाहों में समेट लेती है। वन विभाग में कार्यरत वन रक्षक व स्क्वॉयड भी ऐसे मौके पर निष्क्रिय से लगते हैं क्योंकि जो आग बुझाने के साधन अथवा यंत्र होने चाहिए वह अपर्याप्त होते हैं।

कई वर्षों से जंगलों में आग लगने की घटनाएं तो आम बात हो गई है। जंगलों की आग से वन्य जीवप्राणी व औषधि आदि संपदा को अत्याधिक नुकसान होता है। इसका आकलन किया जाए तो प्रतिवर्ष करोड़ों रुपए की क्षति प्रदेश को हो रही है। दूसरी ओर, कुछ असामाजिक तत्व अपनी रोटियां सेंकने के लिए जंगलों को आग की भेंट चढ़ा देते हैं। जंगलों में इन आग की घटनाओं से निपटने के लिए जब संबंधित अग्निशमन दल को सूचना दी जाती है तो उस स्थल तक पहुंचने में देरी हो चुकी होती है अथवा अपर्याप्त रास्ता न होने के कारण फायर ब्रिगेड का वहां पहुंचना कठिन ही नहीं नामुमकिन हो जाता है। हर वर्ष जंगलों में लग रही आग की घटनाएं हमारे सामने यक्ष की तरह अनगिनत प्रश्न लिए खड़ी रहती हैं। क्या आग खुद ही लग जाती है अथवा आग लगवाने के पीछे कोई शरारती तत्व सक्रिय हैं अथवा सरकारी उदासीनता भी शक के घेरे में आ जाती है। पूर्व मुख्यमंत्री व उस समय केंद्रीय उपभोक्ता मामले व सार्वजनिक वितरण मंत्री शांता कुमार,जो स्वयं पर्यावरण प्रेमी हैं, ने पर्यावरण को संतुलित करने के लिए 'वन लगाओ रोजी कमाओ' जैसी योजना को क्रियान्वित किया था, ताकि इसके माध्यम से पर्यावरण संबंधी समस्याओं से सुचारु रूप से निपटा जाए, वहीं स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर भी मिलेंगे। पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर द्वारा 10 फरवरी 1991 को पालमपुर में शुरू की गई 'वन लगाओ, रोजी कमाओ' योजना ने पर्यावरण संरक्षण और रोजगार सृजन दोनों क्षेत्रों में सराहनीय परिणाम दिए थे। इस योजना से स्थानीय लोगों को रोजगार मिला तथा अवैध कटान और जंगलों में आग की घटनाओं पर काफी हद तक नियंत्रण हुआ। पर्यावरणविदों और प्रबुद्ध वर्ग ने भी इसकी प्रशंसा की थी, किंतु वर्तमान समय में हिमाचल प्रदेश के जंगल पुनः अवैध कटान और आग की घटनाओं से गंभीर संकट का सामना कर रहे हैं।

हर वर्ष जंगलों में आग लगने की घटनाएं बढ़ रही हैं, जिससे वन्य जीव, औषधीय पौधे और पर्यावरण को भारी नुकसान हो रहा है। कई बार यह आग लोगों की लापरवाही, जैसे बीड़ी-सिगरेट के जलते टुकड़े फेंकने, के कारण लगती है, जबकि कई मामलों में वन माफिया और असामाजिक तत्व भी जिम्मेदार पाए जाते हैं। राज्य में कीमती लकड़ी की तस्करी और वन माफिया की गतिविधियां वन विभाग की कार्यप्रणाली पर भी प्रश्नचिन्ह लगाती हैं। यदि समय रहते कठोर कदम नहीं उठाए गए, तो हिमाचल की अमूल्य वन संपदा को भारी नुकसान पहुंच सकता है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# जैव विविधता का संरक्षण मानव अस्तित्व की अनिवार्य आवश्यकता



धर्म देवा
प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक, चंबा

प्रकृति केवल हमारे जीवन का आधार नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति, सभ्यता और अस्तित्व की पहचान भी है। पर्वतों की हरियाली, नदियों की निर्मल धारा, पक्षियों का मधुर कलरव और जंगलों की जैव संपदा मिलकर पृथ्वी को जीवंत बनाते हैं।

मानव जीवन का प्रत्येक क्षण प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से प्रकृति पर निर्भर करता है। यही कारण है कि जैव विविधता का संरक्षण आज पूरे विश्व की सबसे बड़ी आवश्यकता बन चुका है। यदि प्रकृति सुरक्षित रहेगी, तभी मानव सभ्यता का भविष्य भी सुरक्षित रहेगा।

धरती पर जीवन केवल मनुष्यों के कारण सुंदर नहीं है, बल्कि पेड़-पौधों, पशु-पक्षियों, नदियों, जंगलों और सूक्ष्म जीवों की उपस्थिति से यह संसार संतुलित, समृद्ध और जीवंत बना हुआ है। आज जब पृथ्वी जलवायु परिवर्तन, प्रदूषण और प्राकृतिक संसाधनों के अत्यधिक दोहन जैसी गंभीर समस्याओं से जूझ रही है, तब जैव विविधता का संरक्षण पहले से कहीं अधिक आवश्यक हो गया है। इसी उद्देश्य से प्रत्येक वर्ष 22 मई को अंतरराष्ट्रीय जैव विविधता दिवस मनाया जाता है। इस दिवस का मुख्य उद्देश्य लोगों को जैव विविधता के महत्व तथा उसके संरक्षण के प्रति जागरूक करना है। संयुक्त राष्ट्र महासभा ने दिसंबर 2000 में 22 मई को अंतरराष्ट्रीय जैव विविधता दिवस के रूप में घोषित किया था। यह तिथि 22 मई 1992 को नैरोबी में हुए जैव विविधता सम्मेलन की स्मृति में चुनी गई थी। वर्ष 2026 में अंतरराष्ट्रीय जैव विविधता दिवस की थीम 'वैश्विक प्रभाव के लिए स्थानीय स्तर पर कार्य करना' रखी गई है। यह थीम हमें यह संदेश देती है कि यदि प्रत्येक व्यक्ति, समुदाय और क्षेत्र अपने स्तर पर प्रकृति संरक्षण के लिए छोटे-छोटे प्रयास करे, तो उसका सकारात्मक प्रभाव पूरे विश्व पर पड़ सकता है। पौधरोपण, जल संरक्षण, प्लास्टिक का कम उपयोग तथा स्थानीय जैव



विविधता की रक्षा जैसे कार्य वैश्विक पर्यावरण संरक्षण में महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं।

जैव विविधता हमारे जीवन के प्रत्येक क्षेत्र से गहराई से जुड़ी हुई है। हमें भोजन, औषधियां, स्वच्छ वायु, जल तथा अनेक प्राकृतिक संसाधन जैव विविधता से ही प्राप्त होते हैं। जंगल वर्षा लाने में सहायक होते हैं, नदियां जीवन को पोषित करती हैं और पशु-पक्षी पर्यावरणीय संतुलन बनाए रखते हैं। यदि प्रकृति की यह श्रृंखला टूट जाती है, तो मानव जीवन भी संकट में पड़ जाएगा। वास्तव में, जैव विविधता पृथ्वी की धड़कन है। हिमाचल प्रदेश प्राकृतिक संपदा और जैव विविधता से समृद्ध राज्य है। यहां के घने देवदार वन, हिमालयी औषधीय पौधे, दुर्लभ वन्यजीव और स्वच्छ नदियां इसकी विशेष पहचान हैं। हिम तेंदुआ, कस्तूरी मृग, मोनाल तथा अनेक औषधीय वनस्पतियां जैव विविधता की अमूल्य धरोहर हैं। ग्रेट हिमालयन राष्ट्रीय उद्यान को यूनेस्को द्वारा विश्व धरोहर स्थल का दर्जा प्राप्त है, जो हिमाचल की समृद्ध जैव विविधता का उत्कृष्ट उदाहरण है। इसके अतिरिक्त पिन वैली राष्ट्रीय उद्यान तथा सिंबलवाडा राष्ट्रीय उद्यान भी वन्यजीव संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

भारत विश्व की लगभग 8% जैव विविधता का प्रतिनिधित्व करता है। देश में हजारों प्रकार के पौधे, जीव-जंतु और औषधीय वनस्पतियां पाई जाती हैं। हिमाचल प्रदेश का लगभग 66% भू-भाग वन क्षेत्र से आच्छादित है, जो पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में सहायक है, किंतु आधुनिक विकास, वनों की कटाई, प्लास्टिक प्रदूषण, औद्योगीकरण और जलवायु परिवर्तन ने प्रकृति को गंभीर नुकसान पहुंचाया है। नदियां प्रदूषित हो रही हैं और अनेक जीव-जंतु विलुप्ति के कगार पर पहुंच गए हैं।

जैव विविधता संरक्षण हेतु सरकारें भी निरंतर प्रयास कर रही हैं। भारत सरकार द्वारा 1973 में शुरू किया गया 'प्रोजेक्ट टाइगर' इसका महत्वपूर्ण उदाहरण है। जिम कॉर्बेट राष्ट्रीय उद्यान जैसे राष्ट्रीय उद्यान वन्यजीव संरक्षण में अहम भूमिका निभा रहे हैं। आज आवश्यकता है कि प्रत्येक व्यक्ति प्रकृति संरक्षण में अपनी भूमिका निभाए।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# पश्चिम एशिया तेल संकट और भारत में चार-दिन कार्य सप्ताह की आवश्यकता



अरविंद शर्मा
स्तंभकार, धर्मशाला

पश्चिम एशिया में ईरान और इसराइल के बीच बढ़ते तनाव तथा संयुक्त राज्य अमेरिका की रणनीतिक भागीदारी ने वैश्विक तेल बाजार को अस्थिर बना दिया है। विशेष रूप से होर्मुज जलडमरूमध्य में संभावित संकट को लेकर पूरी दुनिया चिंतित है, क्योंकि यह मार्ग वैश्विक तेल आपूर्ति का प्रमुख केंद्र माना जाता है।

भारत जैसे देश, जो अपनी लगभग 85 प्रतिशत कच्चे तेल की आवश्यकता आयात से पूरी करते हैं, ऐसे संकटों से सबसे अधिक प्रभावित होते हैं। तेल की कीमतों में वृद्धि केवल परिवहन लागत तक सीमित नहीं रहती, बल्कि महंगाई, बिजली उत्पादन, खाद्य पदार्थों की कीमतों और औद्योगिक उत्पादन पर भी गहरा असर डालती है। ऐसे समय में भारत में चार-दिन के कार्य सप्ताह की बहस फिर से तेज हो गई है। चार-दिन कार्य सप्ताह का विचार केवल श्रम सुधार तक सीमित नहीं है, बल्कि इसे ऊर्जा संरक्षण और आर्थिक स्थिरता के उपाय के रूप में देखा जा रहा है। यदि गैर-आवश्यक सरकारी, निजी, कॉर्पोरेट, IT और शैक्षणिक क्षेत्रों में सप्ताह में केवल चार दिन कार्य किया जाए, तो प्रतिदिन होने वाले आवागमन में उल्लेखनीय कमी आ सकती है। इससे पेट्रोल और डीज़ल की खपत कम होगी, ट्रैफिक जाम घटेंगे और प्रदूषण में भी कमी आएगी। बड़े-बड़े कार्यालयों और व्यावसायिक भवनों में बिजली की बचत भी संभव होगी।

कोरोना महामारी के दौरान भारत ने यह अनुभव किया कि डिजिटल तकनीक और घर से काम करने की व्यवस्था कई क्षेत्रों में सफल हो सकती है। आज IT, बैंकिंग, प्रशासन और सेवा क्षेत्र में ऑनलाइन कार्य प्रणाली पहले की तुलना में कहीं अधिक विकसित हो चुकी है। इसलिए संकट की



घड़ी में सीमित अवधि के लिए चार-दिन कार्य सप्ताह लागू करना व्यावहारिक विकल्प माना जा सकता है। इससे कर्मचारियों को मानसिक राहत और बेहतर कार्य-जीवन संतुलन भी मिलेगा। कई शोधों में यह पाया गया है कि कम लेकिन केंद्रित कार्य घंटे उत्पादकता को बढ़ा सकते हैं। हालांकि, भारत जैसे विशाल और विविधतापूर्ण देश में इस व्यवस्था को पूरी तरह लागू करना आसान नहीं होगा। देश की बड़ी आबादी कृषि, निर्माण, परिवहन, होटल, खुदरा व्यापार और असंगठित क्षेत्र पर निर्भर है, जहां रोजाना काम बंद होने का सीधा असर आमदनी पर पड़ सकता है। लाखों दिहाड़ी मजदूरों के लिए काम के दिनों में कमी आर्थिक संकट पैदा कर सकती है। इसके अलावा स्वास्थ्य सेवाएँ, पुलिस, बिजली-पानी आपूर्ति, सार्वजनिक परिवहन और तेल वितरण जैसी आवश्यक सेवाएँ लगातार चलती रहनी चाहिए।

इसी कारण विशेषज्ञ एक संतुलित और चरणबद्ध नीति की वकालत करते हैं। पूरे देश में एक साथ चार-दिन कार्य सप्ताह लागू करने के बजाय, इसे केवल चुनिंदा गैर-आवश्यक शहरी क्षेत्रों में अस्थायी रूप से लागू किया जा सकता है। सरकारी कार्यालयों में रोटेशनल स्टाफिंग, हाइब्रिड वर्क मॉडल और अलग-अलग समय पर कार्यालय संचालन जैसी व्यवस्थाएं भी ईंधन बचत में सहायक हो सकती हैं। इसके साथ ही मॉल, सिनेमा हॉल और बड़े व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में ऊर्जा संरक्षण के नियम लागू किए जा सकते हैं।

भारत के लिए यह बहस केवल काम के दिनों को कम करने का प्रश्न नहीं है, बल्कि ऊर्जा सुरक्षा, पर्यावरण संरक्षण और आर्थिक लचीलापन सुनिश्चित करने का विषय भी है। यदि सही योजना, श्रमिक हितों की सुरक्षा और तकनीकी संसाधनों के साथ इस नीति को लागू किया जाए, तो यह तेल संकट के दौरान एक प्रभावी समाधान साबित हो सकती है। बदलते वैश्विक परिदृश्य में भारत को पारंपरिक कार्य प्रणालियों से आगे बढ़कर ऐसे लचीले विकल्पों पर गंभीरता से विचार करना होगा, जो देश को ऊर्जा संकट और आर्थिक चुनौतियों से अधिक मजबूत बना सकें।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# अशांति के दौर में माइंडफुलनेस : खोती मानवता का सबसे जरूरी सहारा



डॉ. दमन आहूजा
सदस्य, संस्थागत आचार समिति
राष्ट्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण

बंगाल के चुनाव खत्म हो गए हैं लेकिन सत्ता में रहने से अहंकार का सियासी पारा अभी भी चढ़ा हुआ है। स्ट्रेट ऑफ हार्मोज दुनिया में सबके लिए उपलब्ध संसाधनों का उपयोगी इस्तेमाल से ज्यादा व्यक्तिगत इगो का सवाल बन गया है। इसपे बम, उसपे मिसाइल, तिस पे परमाणु हथियार से हमला रोजमर्रा का शगल हो गया है।

बारहवीं में नंबर कम आए तो पंखे से झूल कर प्राण त्याग दिए। शंकराचार्य और पोप को गाली देना नया ट्रेंड बनने लगा है। फाइलों में बंद एपस्टीन से विश्व संचालन में धमकियां मिल रही हैं, दूसरी ओर गली गली एपस्टीन पैदा हो रहे हैं। 348 अरबपति होने के बावजूद 25 करोड़ लोग गरीब ही रह रहे हैं। लोगों ने बादल चोरी होने की रपटें लिखवानी शुरू कर दी हैं ।

हवा, पानी, धूप, जमीन और आकाश तत्वों की बिकवाली तो बहुत पहले से ही शुरू हो गई थी अब तो सेंसेक्स की ऊंचाई और घटाई भी पंचतत्व पर निर्भर हो गई है। क्या लगता है ये सब अचानक ही हो गया है? यदि एक लाइन में कहा जाए तो इंसानी लोभ को शताब्दियों से हर रोज रोम रोम करके बढ़ाया गया है। इस संसारी महाभारत में लोभ के सभी रिश्तेदारी को भी खूब नाश्ता परोसा गया है। काम सिर्फ शारीरिक वासना तक ही सीमित नहीं है, बल्कि एक मानसिक अस्वस्थता तक पहुंचाया गया है।,

चाहे आई फोन लेने की बड़ी इच्छा हो या जन्मदिवस पर पीजा न खा पाने की छोटी इच्छा , हर चीज के न मिलने पर जान दे दी जाती है। इच्छा पूरी न होने के चलते लोभ के दूसरे रिश्तेदार क्रोध में आ कर अपने ही मां को कुल्हाड़ी से काट दिया जाता है। तीसरे रिश्तेदार यानी मोह के चलते देश के विपक्ष के नेता को सबसे प्रबुद्ध व्यक्ति के रूप में पेश कर दिया जाता है। और अहंकार ऐसा कि सदियों से अपनी समृद्ध संस्कृति वाले देश की बच्चियों को मिनाब में शिक्षामंदिर के साथ उड़ा दिया जाता है। तक्षशिला और



नालंदा सिर्फ एक बार ही नहीं हजारों बार विश्व के मूर्खों के द्वारा उड़ा दिए जाते रहे हैं। ऐसे में पुनः जीवन के उदार एवं पवित्र विचार की तरफ आस से दुनिया देख रही है। करुणा, ममता, संवेदनशीलता, निडरता सहजता, सरलता, मितव्यता, दयालुता आज सब से ज्यादा जरूरत हो गई है। कहां से खोजा जाएगा इसे ? रेयर मेटल तो है नहीं कि उपलब्ध न हो!

माइंडफुलनेस सांस लेने से भी ज्यादा जरूरी हो गई है। ऐसा इसलिए कह रहा हूं क्योंकि जिस जीवन में शांति नहीं, संतोष नहीं, आनंद नहीं वो तो नरक से भी बदतर है। इसका प्रमुख कारण है कि हम जो भी कर रहे हैं वो दिखाने के लिए, तुलना से उपजी ईर्ष्या के लिए करने लगे हैं। दूसरों से बेहतर जिंदगी जीने की अंतहीन चूहा दौड़ में शामिल हो गए हैं।

आज का मनुष्य भविष्य की चिंता और दूसरों से तुलना करने में इतना उलझ गया है कि वर्तमान का आनंद लेना भूल गया है। वह अपनी खुशी को धन, पद और उपलब्धियों से जोड़ देता है, जबकि इच्छाओं का यह , म कभी समाप्त नहीं होता। एक लक्ष्य पूरा होते ही दूसरा सामने आ जाता है। वास्तव में, शांति किसी भविष्य के पड़ाव में नहीं, बल्कि वर्तमान क्षण को स्वीकार करने में है। धन और प्रतिष्ठा केवल साधन हैं, जीवन का अंतिम सुख नहीं। भारतीय दर्शन भी यही सिखाता है कि सजगता, सादगी और आत्मचिंतन से ही स्थायी आनंद प्राप्त होता है। आदि शंकराचार्य और रमण महर्षि जैसे संतों ने बिना बाहरी वैभव के दुनिया को आंतरिक शांति का मार्ग दिखाया। आज के तनावपूर्ण समय में माइंडफुलनेस और आध्यात्मिकता मानवता के लिए अत्यंत आवश्यक हैं।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

अनंत ज्ञान
प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद धर्मशाला न्यायालय के अधीन होंगे।
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

### एना इवानोविक का खूबसूरत अंदाज

**सर्बिया।** सर्बिया की टेनिस खिलाड़ी एना इवानोविक भी खूबसूरती में किसी से पीछे नहीं हैं। वह दुनिया की नंबर वन टेनिस खिलाड़ी भी रह चुकी हैं। उनकी सुंदरता के आगे कई मॉडल्स फेल हैं। वह अपने आक्रामक खेल के लिए जानी जाती हैं।



## टॉप-2 की रेस में आरसीबी मजबूत, सनराइजर्स को चाहिए बड़ी जीत

# टॉप-2 की जंग में भिड़ेंगे आरसीबी-हैदराबाद

**एजेंसी, हैदराबाद**




आईपीएल के लीग चरण के आखिरी मुकाबले में शुक्रवार को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और सनराइजर्स हैदराबाद आमने-सामने होंगे। दोनों टीमों की नजर अंक तालिका में टॉप-2 में जगह पक्की करने पर रहेगी। आरसीबी 18 अंकों और सबसे बेहतर नेट रन रेट के साथ फिलहाल शीर्ष पर है। इस मुकाबले में जीत उसे नंबर-1 स्थान के साथ फाइनल में पहुंचने के दो मौके दिला सकती है।

वहीं, सनराइजर्स हैदराबाद 16 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर है। टीम को टॉप-2 में पहुंचने के लिए आरसीबी को बड़े अंतर से हराना होगा और साथ ही गुजरात टाइटन्स की हार की उम्मीद करनी होगी। रजत पाटीदार की कप्तानी में आरसीबी ने इस सीजन बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनों में दमदार प्रदर्शन किया है। विराट कोहली 13 मैचों में 542 रन बनाकर टीम की बल्लेबाजी की रीढ़ बने हुए हैं, जबकि देवदत्त पडिक्कल ने भी अहम योगदान दिया है।

गेंदबाजी में भुवनेश्वर कुमार और जोश हेजलवुड की जोड़ी लगातार असरदार रही है। क्रुणाल पांड्या ने ऑलराउंड प्रदर्शन से टीम को संतुलन दिया है, जबकि सुयश शर्मा और रोमारियो शेफर्ड ने भी उपयोगी योगदान किया है। दूसरी ओर, सनराइजर्स हैदराबाद की बल्लेबाजी लाइन-अप बेहद विस्फोटक मानी जा रही है। अभिषेक शर्मा, ट्रैविस हेड, ईशान किशन और हेनरिक क्लासेन किसी भी गेंदबाजी आक्रमण को तहस-नहस करने की क्षमता रखते हैं। हालांकि, टीम को इस सीजन निरंतरता की कमी से जूझना पड़ा है। पिछले चार मैचों में दो हार ने उनकी लय पर असर डाला है। गेंदबाजी में कप्तान पैट कमिंस की वापसी से टीम को मजबूती मिली है, जबकि युवा तेज गेंदबाज ईशान मलिंगा ने दबाव में शानदार प्रदर्शन कर प्रभावित किया है। (अनंत ज्ञान)

**मैच : शाम 7.30 बजे से**

### संभावित टीमें

**सनराइजर्स हैदराबाद:** पैट कमिंस (कप्तान), सलिल अरोड़ा, ट्रैविस हेड, ईशान किशन (विकेटकीपर), हेनरिक क्लासेन (विकेटकीपर), रविचंद्रन स्मरण, अनिकेत वर्मा, अभिषेक शर्मा, आर एस अंबरीश, हर्ष दुबे, क्रेंस फुलेत्रा, लियाम लिविंगस्टोन, कामिंदु मेंडिस, नीतीश कुमार रेड्डी, हर्षल पटेल, शिवांग कुमार, अमित कुमार, गेराल्ड कोएत्जी, प्रफुल्ल हिंगे, दिलशान मदुशंका, ईशान मलिंगा, साकिब हुसैन, ओंकार तरमाले, जयदेव उनादकट, जीशान अंसारी।

**रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरुः** रजत पाटीदार (कप्तान), टिम डेविड, विराट कोहली, देवदत्त पडिक्कल, फिलिप सॉल्ट, जितेश शर्मा, जैकब बेथेल, क्रुणाल पांड्या, रोमारियो शेफर्ड, अभिनंदन सिंह, जोश हेजलवुड, रसिक सलाम डार, भुवनेश्वर कुमार, सुयश शर्मा, स्वप्निल सिंह, नुवान तुषारा, वेंकटेश अय्यर, जैकब डफी, मंगेश यादव, जॉर्डन कॉक्स, विक्की ओस्तवाल, विहान मल्होत्रा, कनिष्क चौहान, सात्विक देसवाल।

# हार्दिक पांड्या पर मैच फीस का 10 प्रतिशत लगा जुर्माना

**एजेंसी, कोलकाता**

मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पंड्या पर कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच के दौरान क्रिकेट के सामान का गलत इस्तेमाल करने के लिए उनकी मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया और एक डिमेरिट अंक दिया गया है।



बुधवार को हुए इस मैच के दौरान पंड्या ने निराशा में विकेट की गिल्लियां गिरा दी थीं। उन्हें आचार संहिता के लेवल एक का उल्लंघन करते हुए पाया गया। ईडन गार्डन्स में हुए इस मैच में मुंबई इंडियंस चार विकेट से हार गई थी। पंड्या ने 'अपने रन-अप पर वापस जाते समय विकेट की गिल्लियां जोर से गिरा दी थीं।'

आईपीएल ने एक बयान में कहा, "हार्दिक पंड्या को आईपीएल की आचार संहिता के अनुच्छेद 2.2 का उल्लंघन करते हुए पाया गया जो 'मैच के दौरान क्रिकेट के सामान या कपड़ों, मैदान के सामान और फिटिंग्स का गलत इस्तेमाल' करने से संबंधित है।"

**◆ गिल्ली गिराने पर एक डिमेरिट अंक मिला**

इसमें कहा गया, "यह घटना मैच की दूसरी पारी के 10वें ओवर की चौथी गेंद पर हुई, जब हार्दिक पंड्या ने अपने रन-अप पर वापस जाते समय विकेट की गिल्लियां गिरा दी थीं।" आईपीएल में चार से सात डिमेरिट अंक जमा होने पर एक मैच का निलंबन लगता है। पांड्या ने उल्लंघन और मैच रेफरी राजीव सेठ द्वारा लगाई गई सजा को स्वीकार कर लिया।

पांच बार की चैंपियन मुंबई इंडियंस इस साल आईपीएल प्ले-ऑफ में जगह बनाने की दौड़ से पहले ही बाहर हो चुकी है। टीम का यह सत्र बहुत खराब रहा है और उसने अब तक सिर्फ चार मैच जीते हैं। अब टीम सत्र का अपना आखिरी मैच रविवार को राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ खेलेगी। (अनंत ज्ञान)

## स्पोर्ट्स विंडो

### खेल मंत्रालय डोपिंग गतिविधियों को अपराध की श्रेणी में लाने की तैयारी में

**एजेंसी, नई दिल्ली।** खेल मंत्रालय ने डोपिंग से जुड़ी संगठित गतिविधियों पर सख्त कार्रवाई की तैयारी शुरू कर दी है। मंत्रालय ने प्रस्तावित कानून संशोधनों का मसौदा जारी कर खिलाड़ियों, खेल संगठनों और अन्य हितधारकों से 18 जून तक सुझाव मांगे हैं। प्रस्तावित संशोधनों के तहत प्रतिबंधित प्रदर्शन बढ़ाने वाले पदार्थों की तस्करी, अवैध सप्लाई, बिक्री और खिलाड़ियों को डोपिंग के लिए ऐसे पदार्थ देना अपराध माना जाएगा। नाबालिग खिलाड़ियों को प्रतिबंधित सामग्री उपलब्ध कराना, डोपिंग से जुड़े संगठित नेटवर्क चलाना और डोपिंग को बढ़ावा देने वाले विज्ञापन भी अपराध की श्रेणी में आएंगे। मंत्रालय के मुताबिक कार्रवाई का मुख्य निशाना डोपिंग नेटवर्क से जुड़े तस्कर, अवैध सप्लायर और संगठित गिरोह होंगे। सरकार ने साफ किया है कि सिर्फ डोप टेस्ट में पॉजिटिव आने पर खिलाड़ियों पर आपराधिक मामला दर्ज नहीं होगा। खिलाड़ियों से जुड़े मामलों का निपटारा मौजूदा एंटी-डोपिंग व्यवस्था के तहत ही किया जाएगा। प्रस्तावित ढांचे में वैध चिकित्सकीय छूट प्राप्त खिलाड़ियों और आपातकालीन स्थिति में प्रतिबंधित दवाओं का इस्तेमाल करने वाले डॉक्टरों के लिए भी सुरक्षा प्रावधान रखे गए हैं। मंत्रालय का कहना है कि यह कदम खेलों में निष्पक्षता बनाए रखने और डोपिंग नेटवर्क पर लगाम लगाने के उद्देश्य से उठाया जा रहा है। (अनंत ज्ञान)

### टी20 महिला विश्व कप के लिए आयरलैंड की टीम का ऐलान, गैबी लुईस होंगी कप्तान

**एजेंसी, नई दिल्ली।** आयरलैंड महिला क्रिकेट टीम ने जून-जुलाई में इंग्लैंड में होने वाले महिला टी20 विश्व कप के लिए वीरवार को अपनी टीम की घोषणा कर दी है। स्टार बल्लेबाज गैबी लुईस को टीम की कप्तानी सौंपी गई है। यह पहला मौका होगा जब वह किसी वैश्विक टूर्नामेंट में आयरलैंड की कप्तानी करेंगी। हालांकि, गैबी लुईस हाल ही में लगी पैर की चोट से उबर रही हैं, जिसके कारण उन्हें पाकिस्तान और वेस्टइंडीज के खिलाफ घरेलू टी20 त्रिकोणीय सीरीज से आराम दिया गया है। यह सीरीज क्लोनटार्फ में खेली जाएगी। गैबी की अनुपस्थिति में ऑर्ला प्रेंडरगास्ट त्रिकोणीय सीरीज में टीम की कप्तानी करेंगी। विश्व कप के लिए उन्हें उपकप्तान भी बनाया गया है। टीम संयोजन की बात करें तो तेज गेंदबाज जेन मैग्वायर चोट के कारण चयन से बाहर हो गई हैं। वहीं उनकी बहन और बाएं हाथ की स्पिनर एमी मैग्वायर चोट से वापसी करते हुए दोनों टीमों में शामिल की गई हैं। विश्व कप के लिए आयरलैंड को इंग्लैंड, न्यूजीलैंड, स्कॉटलैंड, श्रीलंका और वेस्टइंडीज के साथ ग्रुप में रखा गया है। आयरलैंड अपनी विश्व कप अभियान की शुरुआत स्कॉटलैंड के खिलाफ मैनचेस्टर में करेगा। टी20 प्रारूप में आयरलैंड की रैंकिंग नौवीं है। गैबी लुईस टीम की सबसे अहम बल्लेबाज मानी जा रही हैं। वह आईसीसी महिला टी20 बल्लेबाजी रैंकिंग में संयुक्त रूप से 14वें स्थान पर हैं। नेपाल में आयोजित टी20 विश्व कप क्वालीफायर में उन्होंने सात पारियों में 276 रन बनाकर सबसे ज्यादा रन बनाए थे। ऑर्ला प्रेंडरगास्ट महिला टी20 ऑलराउंडर रैंकिंग में सातवें स्थान पर हैं, जबकि एमी हंटर बल्लेबाजी रैंकिंग में 29वें स्थान पर मौजूद हैं। (अनंत ज्ञान)

## आईपीएल में त्यागी पर्पल कैप की दौड़ में 5वें स्थान पर, भुवनेश्वर शीर्ष पर कायम

**एजेंसी, नई दिल्ली**

आईपीएल 2026 में अब तक कोई गेंदबाज लगातार सुर्खियों में नहीं रहा, लेकिन अब केकेआर के तेज गेंदबाज कार्तिक त्यागी ने शानदार प्रदर्शन से पर्पल कैप की रेस को दिलचस्प बना दिया है।



मुंबई इंडियंस के खिलाफ मुकाबले में त्यागी ने 2 विकेट झटके। उन्होंने तिलक वर्मा का अहम विकेट लिया और आखिरी गेंद पर दीपक चाहर को आउट कर सीजन में अपने विकेटों की संख्या 18 तक पहुंचा दी। इस प्रदर्शन के साथ वह पर्पल कैप तालिका में पांचवें स्थान पर पहुंच गए हैं।

सीजन की धीमी शुरुआत के बाद त्यागी अब लगातार केकेआर के लिए मैच जिताऊ गेंदबाजी कर रहे हैं। टीम ने पिछले सात मैचों में छह जीत दर्ज कर प्लेऑफ की उम्मीदों को और मजबूत किया है।

पर्पल कैप की रेस में भुवनेश्वर कुमार 24 विकेट के साथ पहले स्थान पर बने हुए हैं। कागिसो रबाडा 21 विकेट लेकर दूसरे और अंशुल कंबोज 20 विकेट के साथ तीसरे स्थान पर हैं। वहीं, जोफ्रा आर्चर और कार्तिक त्यागी दोनों के 18-18 विकेट हैं, लेकिन बेहतर इकॉनमी रेट के कारण आर्चर चौथे स्थान पर बने हुए हैं। केकेआर के अनुभवी स्पिनर सुनील नरेन ने मुंबई के खिलाफ सिर्फ 13 रन देकर 1 विकेट लिया। उनके नाम इस सीजन 14 विकेट हैं और 6.40 की इकॉनमी के साथ वह सबसे किफायती गेंदबाज बने हुए हैं।

ऑरेंज कैप की दौड़ में वैभव सूर्यवंशी 579 रन के साथ पहले स्थान पर कायम हैं। मिचेल मार्श 563 रन के साथ दूसरे, जबकि हेनरिक क्लासेन 555 रन लेकर तीसरे स्थान पर हैं। (अनंत ज्ञान)

### श्रीलंका त्रिकोणीय सीरीज के लिए इंडिया-ए टीम में शामिल हुए अनुकूल रॉय

**एजेंसी, नई दिल्ली।** आगामी श्रीलंका त्रिकोणीय सीरीज के लिए इंडिया-ए टीम में ऑलराउंडर अनुकूल रॉय को शामिल किया गया है। पुरुष चयन समिति ने उन्हें हर्ष दुबे की जगह टीम में मौका दिया है। हर्ष दुबे को अफगानिस्तान के खिलाफ होने वाली आईडीएफसी फर्स्ट बैंक घरेलू सीरीज के लिए भारतीय टेस्ट और वनडे टीम में पहली बार चयनित किया गया है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने वीरवार को यह जानकारी दी। यह त्रिकोणीय सीरीज 9 जून से 21 जून तक श्रीलंका के दांबुला में खेली जाएगी। टूर्नामेंट में श्रीलंका-ए, इंडिया-ए और अफगानिस्तान-ए की टीमें हिस्सा लेंगी। इंडिया-ए टीम की कप्तानी तिलक वर्मा करेंगे, जबकि रियान पराग को उपकप्तान बनाया गया है। (अनंत ज्ञान)



## एस्टन विला 30 साल बाद बना यूरोप लीग चैंपियन

**एजेंसी, इस्तांबुल**

एस्टन विला ने शानदार प्रदर्शन करते हुए फ्रीबर्ग को 3-0 से हराकर यूरोपा लीग खिताब जीत लिया और 30 साल से चले आ रहे ट्रॉफी के सूखे को समाप्त किया। विला के समर्थक प्रिंस विलियम ने मैच खत्म होने की सीटी बजते ही जीत का जोर शोर से जश्न मनाया। 1996 के इंग्लिश लीग कप के बाद यह पहला मौका था जब एस्टन विला ने कोई बड़ा खिताब जीता है।

इंग्लैंड के भावी 'किंग' के सामने एस्टन विला के मैनेजर उनाई एमरी ने यूरोपा लीग के राजा के तौर पर अपना दर्जा फिर से साबित कर दिया। एमरी का यह रिकॉर्ड पांचवां खिताब है। एस्टन विला की पिछली बड़ी ट्रॉफी 1996 में इंग्लिश लीग कप थी। क्लब ने 1982 में यूरोपीय कप और फिर सुपर कप जीता था। इस तरह पहली बार यूरोपीय कप जीतने के बाद यह ट्रॉफी 44 साल बाद मिली। पहले हाफ में यूरी टिलेमैन्स और एमी बुएंडिया के




शानदार गोल ने एस्टन विला को मैच में दबदबा बनाने में मदद की, जिसके बाद मॉर्गन रोजर्स के गोल ने टीम को दूसरा मेजर यूरोपीय खिताब दिला दिया।

1982 की उस टीम के नौ सदस्य स्टेडियम में मौजूद थे और उन्होंने उनाई एमरी को अपना पांचवां यूरोपा लीग खिताब जीतते हुए देखा। एमरी ने नवंबर 2022 में स्टीवन जेरार्ड की जगह ली थी, उस समय विला 'रेलिगेशन जोन' से सिर्फ तीन अंक ऊपर था। स्पेनिश कोच एमरी ने टीम को बदलकर शीर्ष पांच दावेदारों में शामिल कर दिया और अब, उसे एक यूरोपीय चैंपियन बना दिया है।

एमरी ने 2014-16 तक सेविल्ला के साथ लगातार तीन साल और फिर 2021 में विलारियाल के साथ यह खिताब जीता। अब उन्होंने 'विला' नाम वाली तीसरी टीम को खिताब तक पहुंचाया है। जर्मनी की टीम फ्राइबर्ग 10 साल पहले दूसरे डिवीजन में खेल रही थी लेकिन अपने पहले यूरोपीय फाइनल में पूरी तरह से पिछड़ गई। (अनंत ज्ञान)

## ऑस्ट्रेलिया महिला-ए क्रिकेट टीम धर्मशाला में खेलेंगी वनडे व टेस्ट मैच

**अनंत ज्ञान**

**ब्यूरो धर्मशाला।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम धर्मशाला में एक बार फिर महिला अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट की गूंज सुनाई देगी। ऑस्ट्रेलिया महिला ए क्रिकेट टीम भारत दौरे पर आ रही है, जहां वह वनडे और टेस्ट मैचों की सीरीज खेलेगी।

इस दौरे की शुरुआत मोहाली में तीन टी-20 मैचों की सीरीज से होगी, जिसके बाद दोनों टीमें धर्मशाला पहुंचेंगी। यहां 20, 23 और 25 सितंबर 2026 को तीन अनौपचारिक वनडे मैच खेले जाएंगे। वनडे सीरीज के बाद धर्मशाला में ही 29 सितंबर से 2 अक्तूबर तक एक अनौपचारिक चार दिवसीय टेस्ट मैच खेला जाएगा, जिसे दौरे का सबसे बड़ा मुकाबला माना जा रहा है।

भारतीय टीम की आधिकारिक पुष्टि अभी बाकी है, लेकिन संभावित रूप से हरमनप्रीत कौर, स्मृति मंधाना, शैफाली वर्मा और जेमिमा रोड्रिग्स जैसे खिलाड़ी मैदान में उतर सकते हैं। ऑस्ट्रेलिया की ओर से एलिस पेरी, बेथ मूनी, ऐश गार्डनर और ताहलिया मैकग्राथ जैसी दिग्गज खिलाड़ियों के खेलने की संभावना है, जिससे मुकाबला बेहद रोमांचक होने की उम्मीद है।

**◆ लगातार क्रिकेट इवेंट से क्रिकेट सेंटर बनता जा रहा धर्मशाला**



इस आयोजन से हिमाचल के पर्यटन और स्थानीय अर्थव्यवस्था को बड़ा लाभ मिलने की संभावना है। होटल कारोबारियों और टैक्सी ऑपरेटरों में भी उत्साह है। एचपीसीए सचिव मनुज ठाकुर ने कहा कि आईपीएल के सफल आयोजन के बाद धर्मशाला को लगातार बड़े अंतरराष्ट्रीय मैच मिलना गर्व की बात है।

### आरजीकर केस में कलकत्ता हाईकोर्ट ने सीबीआई को दोबारा जांच के दिए आदेश

**एजेंसी, कोलकाता।** कलकत्ता हाईकोर्ट ने आरजीकर रेप मर्डर केस को दबाने के आरोपों की जांच का आदेश दिया है। कोर्ट ने सीबीआई को 3 सदस्यीय एसआईटी बनाने का आदेश दिया। जिसकी अगुवाई सीबीआई के पूर्वी क्षेत्र के जॉइंट डायरेक्टर करेंगे। एसआईटी को 25 जून तक रिपोर्ट देनी होगी। हाईकोर्ट ने सीबीआई को उस रात की पूरी घटनाक्रम की दोबारा जांच करने को कहा है। साथ ही कोर्ट ने सीबीआई को जरूरत पड़ने पर किसी से भी पूछताछ करने की अनुमति दी है।

कोर्ट ने यह आदेश पीड़ित के माता पिता की तरफ से लगाई याचिका पर दिया। पिछले साल 17 मार्च को पेरेंट्स ने सीबीआई पर केस की सही जांच नहीं करने और मामले को दबाने का आरोप लगाया था। सुप्रीम कोर्ट ने पेरेंट्स को कलकत्ता हाईकोर्ट में याचिका दायर करने की परमिशन दी थी। आरजी कर हॉस्पिटल में 8-9 अगस्त 2024 की रात ट्रेनी डॉक्टर का रेप-मर्डर हुआ था। 9 अगस्त की सुबह डॉक्टर की लाश सेमिनार हॉल में मिली थी। 20 जनवरी 2025 को सेशंस कोर्ट ने आरोपी संजय रॉय को उम्रकैद की सजा सुनाई थी। आरजी कर हॉस्पिटल में 8-9 अगस्त 2024 की रात ट्रेनी डॉक्टर का रेप-मर्डर हुआ था। 9 अगस्त की सुबह डॉक्टर की लाश सेमिनार हॉल में मिली थी। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस ने संजय रॉय नाम के सिविक वॉलंटियर को 10 अगस्त को अरेस्ट किया था। घटना को लेकर कोलकाता समेत देशभर में प्रदर्शन हुए। बंगाल में 2 महीने से भी ज्यादा समय तक स्वास्थ्य सेवाएं ठप रही थीं। (अनंत ज्ञान)

## चांदी 2,623 रुपए लुढ़की सोना 17 रुपए हुआ सस्ता

**एजेंसी, नई दिल्ली**

सोने-चांदी के दाम में वीरवार यानी 21 मई को गिरावट रही। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार, 1 किलो चांदी की कीमत 2,623 रुपए कम होकर 2.65 लाख रुपए पर आ गई है। वहीं 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 17 रुपए गिरकर 1.59 लाख रुपए हो गया है।



इस साल सोने-चांदी की कीमत में लगातार उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है। सोना 2026 में अब तक 26 हजार रुपए और चांदी 36 हजार रुपए महंगी हुई है। 31 दिसंबर 2025 को 10ग्रा सोना 1.33 लाख रुपए पर था, जो अब 1.59 लाख रुपए पर पहुंच गया है। वहीं, चांदी 2.30 लाख रुपए किलो थी, जो अब 2.65 लाख रुपए पर पहुंच गई है। इस दौरान 29 जनवरी को सोने ने 1.76 लाख रुपए और चांदी ने 3.86 लाख रुपए का ऑलटाइम हाई भी बनाया था। (अनंत ज्ञान)

# सेंसेक्स 135 अंक टूटा, निफ्टी 23660 के नीचे हुआ बंद

**एजेंसी, मुंबई**




उतार-चढ़ाव वाले ट्रेडिंग सेशन में शुरुआती बढ़त गंवाने के बाद भारतीय बेंचमार्क इंडेक्स नीचे बंद हुए। सुबह के ट्रेड में 75,945 के इंट्राडे हाई को छूने के बाद सेंसेक्स 321 प्वॉइंट तक गिरकर 74,996 पर आ गया। मिडकैप इंडेक्स की फ्लैट क्लोजिंग हुई।

ग्रासिम इंडस्ट्रीज 6.17 प्रतिशत बढ़कर निफ्टी में टॉप गेनर बनी। अपोलो हॉस्पिटल्स 2.85 प्रतिशत बढ़ा, जबकि इंटरग्लोब एविएशन 3.25 प्रतिशत बढ़ा। बजाज ऑटो, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स और श्रीराम फाइनेंस लाइफ भी मजबूती के साथ ऊपर बंद हुए। बजाज फाइनेंस में 1.67 परसेंट की गिरावट आई और निफ्टी में सबसे ज्यादा नुकसान हुआ। एचयूएल में 1.37 परसेंट की गिरावट आई, जबकि टेक महिंद्रा, टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स, बजाज फिनसर्व और इंफोसिस भी नुकसान में रहे।

हनीवेल ऑटोमेशन में 14.87 परसेंट की बढ़त हुई और यह बीएसई मिडकैप में सबसे ज्यादा फायदे में रहा। केन्स टेक्नोलॉजी में 6.28 परसेंट की बढ़त हुई, जबकि टाटा कम्युनिकेशंस में 6.11 परसेंट की बढ़त हुई। ब्रेनबीज सॉल्यूशंस और ग्लैंड फार्मा में लगभग 5-6 परसेंट की बढ़त हुई।

कारोबार के अंत में सेंसेक्स 135.03 अंक यानी 0.18 फीसदी की गिरावट के साथ 75,183.36 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं, निफ्टी 4.30 अंक यानी 0.02 फीसदी की गिरावट के साथ 23,654.70 के स्तर पर बंद हुआ। (अनंत ज्ञान)

### 13 साल की बच्ची की 42 वर्षीय युवक से शादी

**एजेंसी, इंदौर।** इंदौर के रंगवासा क्षेत्र से बाल विवाह का मामला सामने आया है। यहां पारिवारिक रिश्तों के ताने-बाने और सामाजिक दबाव के चलते एक 13 साल की बच्ची की शादी जबरन 42 साल के युवक से करा दी गई। राऊ पुलिस ने दूल्हे, उसके परिजन और बच्ची के दादा-दादी सहित कुल 13 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**पोते की शादी के लिए कर दिया पोती का सौदा**

महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी रजनीश सिन्हा ने बताया कि यह पूरा मामला एक शर्त और पारिवारिक दबाव के कारण हुआ। रंगवासा निवासी बुजुर्ग दादा को अपने 19 साल के पोते के लिए बहू लाना थी। पोते के घर बसाने की इस शर्त को पूरा करने के लिए दादा-दादी ने अपनी ही मासूम पोती का सौदा कर दिया। (अनंत ज्ञान)

# ईरान जंग पर डोनाल्ड ट्रंप और नेतन्याहू में टकराव

**एजेंसी, तेहरान/वॉशिंगटन**

ईरान युद्ध को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और इसराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के बीच मतभेद खुलकर सामने आ गए हैं। सीएनएन की रिपोर्ट के मुताबिक, नेतन्याहू चाहते हैं कि ईरान पर हमले जारी रहें, जबकि ट्रंप फिलहाल बातचीत और डील को मौका देना चाहते हैं।

**◆ अमेरिका चाहता है डील इसराइल बोला-हमला नहीं रुकना चाहिए**



रिपोर्ट के मुताबिक, मंगलवार को दोनों नेताओं के बीच करीब एक घंटे तक फोन पर बातचीत हुई। अमेरिकी अधिकारी ने बताया कि नेतन्याहू ने ट्रंप से कहा कि ईरान पर प्रस्तावित हमले रोकना गलती है और सैन्य कार्रवाई जारी रहनी चाहिए।

सीएनएन के मुताबिक, ट्रंप ने रविवार को नेतन्याहू को बताया था कि अमेरिका ईरान पर नए टारगेटेड हमले की तैयारी कर रहा है।

इस ऑपरेशन को 'ऑपरेशन स्लेजहैमर' नाम दिया जाना था। लेकिन करीब 24 घंटे बाद ट्रंप ने घोषणा कर दी कि मंगलवार के लिए तय हमलों को फिलहाल रोक दिया गया है। ट्रम्प ने कहा कि कतर, सऊदी अरब और यूएई जैसे खाड़ी देशों की अपील पर यह फैसला लिया गया। (अनंत ज्ञान)

**अनंत Classifieds**

### नाम परिवर्तन

मैं, अनु डोगरा (54 वर्ष) पत्नी श्री रतन चंद निवासी गांव सुलगवान, डा. खा. जहू, उप-तहसील भोरंज, जिला हमीरपुर हि.प्र. घोषणा करती हूं कि मेरे पति रतन चंद के आई.टी.बी.पी सेवा रिकॉर्ड में मेरा नाम तारा देवी व जन्मतिथि 05-01-1974 गलत दर्ज है। अतः मेरे पति रतन चंद के आई.टी.बी.पी सेवा रिकॉर्ड में मेरा सही नाम अनु डोगरा व सही जन्मतिथि 22-12-1972 दर्ज की जाए। सभी संबंधित नोट करें।

### NAME CHANGE

I, Rajneesh Dhiman S/o Sh. Dev Raj R/o Vill. Nadiana Rangrian, P.O Jhaniara, Tehsil & Distt. Hamirpur (H.P) declares that I have changed my name from Rajneesh To Rajneesh Dhiman. I shall be known as Rajneesh Dhiman for all purposes in future. All concerned please note.

**व अदालत सहायक समाहर्ता प्रथम श्रेणी शाहपुर जिला कांगड़ा**
*मुकदमा-तकसीम भूमि पेशी 16.06.2026*
**अदालती नोटिस**

सुनीता देवी पत्नी श्री विजय कुमार पुत्र श्री चन्द वासी महाल खन्यारा तहसील धर्मशाला जिला कांगड़ा हि.प्र.। ...वादी

बनाम

सतीश कुमार पुत्र स्व. श्री साहिब सिंह निवासी गांव मझार डाकखाना डोहब व उप देवी पत्नी स्व. श्री हंस राज गांव दुनियारी डाकखाना तियारा तहसील कांगड़ा हि.प्र.। ...प्रतिवादीगण

**विषय :-** ईश्तहार के माध्यम से नोटिस बाबत प्रार्थना पत्र बाबत तकसीम भूमि जेर धारा 123 हि.प्र. राजस्व अधिनियम 1954 के तहत तकसीम भूमि खाता नं. 111 मिन खतोनी नं. 195 खसरा नं. 368, 369 किता 02 रकबा तादादी 0-03-65 है. स्थित महाल मझार मौजा डोहब तहसील शाहपुर जिला कांगड़ा हि.प्र. मताबिक जमाबंदी वर्ष 2017-18.

उपरोक्त मुकदमा इस न्यायालय में विचाराधीन है जिसमें उपरोक्त में से कुछ प्रतिवादीगण को बार-बार समन जारी किए गए परन्तु उन प्रतिवादी को सामान्य तरीके से समन की तामील नहीं हो पा रही है न ही उनका सही पता मालूम नहीं हो पा रहा है। अतः महाल मझार में ईश्तहार के माध्यम से एक बार पुनः प्रतिवादीगण को सूचित किया जाता है कि इस वादग्रस्त भूमि की तकसीम हेतु असालतन या वकालतन इस अदालत में दिनांक 16.06.2026 को दोपहर बाद 2 बजे इस न्यायालय में हाजिर आकर अपना एतराज दर्ज करवा सकते हैं। हाजिर न आने की स्थिति में एकतरफा कार्यवाही अमल में लाई जाकर आगामी आदेश पारित कर दिए जाएंगे और बाद में कोई भी उजर या एतराज जेरे समायत न होगा।

आज दिनांक 14/05/26 को मेरी मोहर व हस्ताक्षर सहित जारी हुआ।

**सहायक समाहर्ता, प्रथम श्रेणी शाहपुर, जिला कांगड़ा, हि.प्र.**

# ऊझी घाटी के नग्गर में श्रद्धा, आस्था और परंपरा का संगम

## शाड़ी जाछ मेले में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब, त्रिपुरा सुंदरी की भक्ति में डूबा क्षेत्र

अनंत ज्ञान

**पतलीकूहल।** ऊझी घाटी के ऐतिहासिक और धार्मिक क्षेत्र नग्गर में इन दिनों आस्था और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिल रहा है। देवभूमि हिमाचल की समृद्ध देव संस्कृति को जीवंत करता शाड़ी जाछ मेला पूरे विधि-विधान और धार्मिक परंपराओं के साथ श्रद्धा और उल्लास के बीच आयोजित किया जा रहा है।

शाड़ी जाछ मेला 19 मई से 24 मई तक माता त्रिपुरा सुंदरी के पावन सम्मान में मनाया जा रहा है। इस दौरान क्षेत्र की अधिष्ठात्री शक्ति माता त्रिपुरा सुंदरी के साथ माता भटंति, माता चामुंडा तथा देवता शेष नाग की विशेष उपस्थिति ने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया है। देवी-देवताओं के आगमन के साथ ही पूरे क्षेत्र में ढोल-नगाड़ों, देव वाद्यों और पारंपरिक अनुष्ठानों की गूंज


शाड़ी जाछ में देवी-देवताओं का आशीर्वाद लेते हुए लोग। अनंत ज्ञान

सुनाई दे रही है। दूर-दूर से पहुंचे श्रद्धालु अपने आराध्य देवी-देवताओं के समक्ष शीश नवाकर परिवार की सुख-समृद्धि, शांति और मंगलमय जीवन का आशीर्वाद प्राप्त कर रहे हैं। मेले के दौरान नगर की गलियां और चौक भक्ति रस में डूबे नजर आ रहे हैं। मेला समिति के अनुसार, यह आयोजन केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं बल्कि देव आस्था और लोक संस्कृति का जीवंत उत्सव है। श्रद्धालुओं की बढ़ती भीड़ से स्थानीय लोगों में भी उत्साह का माहौल है। पारंपरिक परिधानों में सजे लोग देव परंपराओं को निभाते हुए मेले की शोभा बढ़ा रहे हैं। जोगिंदर आचार्य ने जानकारी देते हुए बताया कि मेले के दौरान सभी धार्मिक परंपराओं और रीति-रिवाजों का पूरी श्रद्धा और विधि-विधान से पालन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि आगामी दिनों में अन्य देवी-देवताओं का भी आगमन होगा, जिससे मेले की धार्मिक गरिमा और अधिक बढ़ेगी। मेला समिति के अध्यक्ष श्याम सुंदर ने बताया कि धार्मिक आयोजनों के साथ-साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम और पारंपरिक खेल प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया जाएगा। इसका उद्देश्य नई पीढ़ी को देव संस्कृति, लोक कला और परंपराओं से जोड़ना है। शाड़ी जाछ मेला न केवल धार्मिक आस्था का केंद्र है, बल्कि यह सामाजिक एकता, सांस्कृतिक विरासत और सामूहिक उत्सव की भावना का भी प्रतीक बन चुका है। श्रद्धालु यहां आकर आध्यात्मिक शांति और देवी-देवताओं का आशीर्वाद प्राप्त कर रहे हैं, जिससे पूरा क्षेत्र भक्ति और सकारात्मक ऊर्जा से सराबोर है।

# लाहौल में बिजली संकट पर गरमाई सियासत

## लगातार बिजली कटौती से जनता बेहाल, कुंगा बौद्ध ने विभाग को घेरा

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, केलांग।** लाहौल घाटी में पिछले कई दिनों से जारी अघोषित और लगातार बिजली कटौती ने स्थानीय जनता और पर्यटन कारोबारियों की नाक में दम कर रखा है। बिजली की इस आंख-मिचौली से घाटी के लोगों के सब्र का बांध अब टूटने लगा है।

आम जनजीवन पूरी तरह पटरी से उतर गया है। वहीं, पर्यटन सीजन के दौरान हो रही इस कटौती से कारोबारियों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। इस गंभीर मुद्दे को लेकर राजनीति और जन-आक्रोश भी गरमाने लगा है।

पूर्व जिला परिषद सदस्य (केलांग) कुंगा बौद्ध ने स्थानीय लोगों की आवाज उठाते हुए बिजली विभाग के एक्सईएन सूर्यकांत से मुलाकात की और क्षेत्र की समस्याओं को प्रमुखता से उनके समक्ष रखा। बढ़ते दबाव के बीच बिजली विभाग ने इस संकट के पीछे तकनीकी कारणों का हवाला दिया है। एक्सईएन सूर्यकांत से हुई चर्चा के बाद विभाग की ओर से निम्नलिखित स्पष्टीकरण सामने आए हैं। विभाग के अनुसार, मनाली से आने वाली मुख्य बिजली लाइन में कुछ गंभीर तकनीकी दिक्कतें आई हैं, जिन्हें ठीक करने के लिए युद्ध स्तर पर काम चल रहा है।



घाटी में बिजली के लोड में भारी बढ़ोतरी हुई है, जिससे मौजूदा सिस्टम पर अतिरिक्त दबाव बन गया है। इस लोड को मैनेज करने के लिए तकनीकी सुधार किए जा रहे हैं। जिला मुख्यालय की बिजली आपूर्ति को लेकर विभाग ने साफ किया कि बिलिंग पावर हाउस केलांग की 11 केवी लाइन को सुचारू रूप से फीड कर रहा है और वहां स्थिति नियंत्रण में है। उधर, विद्युत बोर्ड का कहना है कि हमारा फील्ड स्टाफ दिन-रात काम कर रहा है। समस्या के जल्द और स्थायी समाधान के लिए हरसंभव प्रयास किए जा रहे हैं। लाहुल घाटी में इस समय पर्यटन सीजन चरम पर है। ऐसे में लगातार लग रहे पावर कट के कारण होटलों, होमस्टे और अन्य व्यावसायिक गतिविधियों पर बहुत बुरा असर पड़ा है। गीजर, हीटर और अन्य आवश्यक उपकरण न चलने से पर्यटकों को असुविधा हो रही है, जिससे घाटी के पर्यटन की छवि भी प्रभावित हो रही है। दूसरी ओर, स्थानीय घाटी निवासी भी रोजमर्रा के कामों के लिए तरस रहे हैं। भले ही बिजली विभाग जल्द व्यवस्था दुरुस्त करने का दावा कर रहा है, लेकिन बार-बार ठप होती बिजली व्यवस्था से स्थानीय लोगों में भारी नाराजगी है। अब देखना होगा कि विभाग कब तक इस समस्या का स्थायी समाधान निकाल पाता है, ताकि लाहौल घाटी को बिजली समस्या से निजात मिल सके।

# बेटियों को 'शक्ति स्कॉलरशिप' के तहत मिलेगी मुफ्त शिक्षा

## देश भगत यूनिवर्सिटी की बड़ी पहल: आर्थिक रूप से कमजोर और ग्रामीण क्षेत्रों के छात्रों को भी स्कॉलरशिप के तहत मिलेगा लाभ

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, कुल्लू।** उच्च शिक्षा के क्षेत्र में गुणवत्ता और पहुंच बढ़ाने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए देश भगत यूनिवर्सिटी, एनएएसी ए प्लस पंजाब ने अपनी नई भविष्य-केंद्रित शैक्षणिक रणनीति की घोषणा की है। इस रणनीति के तहत यूनिवर्सिटी प्लेसमेंट, कौशल एकीकरण, सेंटर ऑफ एक्सीलेंस और मजबूत औद्योगिक सहयोग पर विशेष ध्यान दे रही है।

इसका मुख्य उद्देश्य छात्रों और पेशेवरों के लिए एक ऐसा सेंट्रलाइज्ड हब तैयार करना है जो उन्हें वैश्विक स्तर पर करियर के नए अवसर प्रदान कर सके। वीरवार को कुल्लू में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान यूनिवर्सिटी के ओएसडी प्रेजिडेंट अमित कुकरेजा व यूनिवर्सिटी के डिप्टी डायरेक्टर डॉ प्रभजोत सिंह ने स्कॉलरशिप, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित कौशल, वैश्विक मेडिकल शिक्षा और उद्योग आधारित प्रशिक्षण को लेकर


यूनिवर्सिटी के पदाधिकारी पत्रकारवार्ता के दौरान। अनंत ज्ञान

अपनी योजनाओं की विस्तृत जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि शिक्षा के क्षेत्र में सामाजिक जिम्मेदारी निभाते हुए देश भगत यूनिवर्सिटी ने हिमाचल प्रदेश के होनहार और जरूरतमंद विद्यार्थियों के लिए एक बड़ी पहल की है।

उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य क्षेत्र के प्रत्येक शिक्षार्थी को सही संसाधनों और मार्गदर्शन के साथ सशक्त बनाना है। यूनिवर्सिटी वैश्विक स्तर पर भी विस्तार कर चुकी है, जिसमें सेंट विंसेंट एंड ग्रेनाडाइन्स में देश भगत यूनिवर्सिटी अमेरिकास स्कूल ऑफ मेडिसिन की स्थापना शामिल है। यह कैंपस विश्व स्तर पर मान्यता प्राप्त एमडी प्रोग्राम प्रदान करता है, जो मेडिकल छात्रों के लिए अंतरराष्ट्रीय अवसरों के नए द्वार खोलता है। प्रोफेसर डॉ. प्रभजोत सिंह और अमित कुकरेजा ने बताया कि यूनिवर्सिटी का उद्देश्य केवल छात्रों को प्रवेश देना नहीं, बल्कि उन्हें सही मार्गदर्शन और बेहतर भविष्य की दिशा प्रदान करना भी है। इसके तहत छात्रों को करियर काउंसलिंग की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी ताकि वे अपने भविष्य को लेकर सही निर्णय ले सकें। नीट के आधार पर यूनिवर्सिटी के मंडी गोबिंदगढ़ स्थित कैंपस में बीडीएस और बीएएमएस जैसे कोर्स संचालित किए जा रहे हैं। इसके अलावा अंतरराष्ट्रीय स्तर की चिकित्सा शिक्षा के लिए नॉर्थ अमेरिका में एमडी प्रोग्राम भी उपलब्ध है, जिससे छात्रों को वैश्विक स्तर पर शिक्षा और अनुभव प्राप्त करने का अवसर मिलेगा।

### महिला सशक्तिकरण और समावेशिता पर जोर

**यूनिवर्सिटी** ने समाज के हर वर्ग तक शिक्षा पहुंचाने के लिए कई विशेष स्कॉलरशिप योजनाओं की घोषणा की है। यह स्कॉलरशिप मेधावी छात्रों, खिलाड़ियों, दिव्यांग विद्यार्थियों और आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों को प्रदान की जाएगी। छात्राओं को आत्मनिर्भर और लीडर बनाने के लिए यूनिवर्सिटी 'प्रमुख शक्ति स्कॉलरशिप' दे रही है, जो महिला शिक्षा और उनके नेतृत्व क्षमता को निखारने में मददगार साबित होगी। यह पहल आर्थिक रूप से कमजोर और प्रतिभाशाली विद्यार्थियों के लिए उम्मीद की नई किरण बन सकती है, जो संसाधनों की कमी के कारण अपने सपनों को अधूरा छोड़ने पर मजबूर हो जाते हैं।

### अंतरराष्ट्रीय अवसरों के नए द्वार खुलेंगे

**प्रेसिडेंट** के ओएसडी अमित कुकरेजा ने कहा कि आधुनिक बुनियादी ढांचे, अत्याधुनिक प्रयोगशालाओं और उन्नत शिक्षण सुविधाओं के साथ डीबीयू ने उत्तरी भारत के प्रमुख संस्थानों में अपनी मजबूत पहचान बनाई है। उन्होंने कहा कि यूनिवर्सिटी का मुख्य उद्देश्य छात्रों को अकादमिक उत्कृष्टता, उद्योग के अनुरूप प्रशिक्षण और वैश्विक अनुभव प्रदान करना है।

# राहुल का बयान कांग्रेस की विकृत मानसिकता का प्रमाण : अखिलेश

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, कुल्लू।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता अखिलेश कपूर ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा प्रधानमंत्री एवं केंद्रीय गृह मंत्री के खिलाफ दिए गए बयान की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि यह कांग्रेस की विकृत मानसिकता, राजनीतिक हताशा और लगातार मिल रही करारी हार की बौखलाहट का प्रमाण है।



अखिलेश कपूर ने कहा कि कांग्रेस आज देशभर में अपना जनाधार खो चुकी है। कांग्रेस का राजनीतिक अस्तित्व लगभग समाप्त हो चुका है, जबकि सहित पूर्वोत्तर के कई राज्यों में भारतीय जनता पार्टी ने ऐतिहासिक जीत दर्ज कर कांग्रेस को सत्ता से बाहर कर दिया। देश के अनेक राज्यों में भाजपा को लगातार मिल रही प्रचंड जीत और जनता का बढ़ता विश्वास कांग्रेस से पच नहीं रहा है। यही कारण है कि राहुल गांधी जैसे नेता अब मुद्दों की राजनीति छोड़कर केवल अनर्गल और अमर्यादित बयान देने में लगे हुए हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का इतिहास हमेशा देश को बांटने, तुष्टिकरण की राजनीति करने और राष्ट्रवादी शक्तियों को कमजोर करने का रहा है। आपातकाल लगाकर लोकतंत्र का गला घोंटना, सेना के शौर्य पर सवाल उठाना, आतंकवाद पर नरम रुख अपनाना और राष्ट्रभक्ति की भावना रखने वाले संगठनों को बदनाम करना कांग्रेस की पुरानी कार्यशैली रही है। अखिलेश कपूर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह के नेतृत्व में आज भारत विश्व मंच पर मजबूत, आत्मनिर्भर और निर्णायक राष्ट्र के रूप में उभरा है। देश की जनता भाजपा की राष्ट्रवादी नीतियों के साथ मजबूती से खड़ी है, जिससे कांग्रेस पूरी तरह बौखला चुकी है। उन्होंने कहा कि वर्षों से राष्ट्र सेवा, सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक जागरण का कार्य कर रहा है। ऐसे राष्ट्रवादी संगठन पर टिप्पणी करना कांग्रेस की घटिया मानसिकता को दर्शाता है।

# मनाली में पंचायत चुनावों से गरमाया चुनावी माहौल

**अनंत ज्ञान, एम बोकटापा, मनाली।** पंचायतीराज चुनाव को लेकर मनाली विधानसभा क्षेत्र में सियासी पारा लगातार चढ़ता जा रहा है। मतदान की घड़ी नजदीक आते ही प्रत्याशी अपनी-अपनी जीत सुनिश्चित करने के लिए पूरी ताकत से चुनाव प्रचार में जुटे हुए हैं।

◆ **प्रत्याशी अपनी जीत को लेकर बहा रहे खूब पसीना जीत का कर रहे दावा**

क्षेत्र की चार सीटों पर मुकाबला बेहद रोचक और प्रतिस्पर्धात्मक बन गया है। डुघीलग वार्ड जिला परिषद सीट पर इस बार सीधा और कड़ा मुकाबला देखने को मिल रहा है। एक ओर भाजपा समर्थित प्रत्याशी राजकुमार ठाकुर मैदान में हैं, तो दूसरी ओर कांग्रेस समर्थित प्रत्याशी तारा चंद कौशिक अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। दोनों ही उम्मीदवार लगातार जनसंपर्क अभियान चला रहे हैं और गांव-गांव जाकर मतदाताओं से समर्थन मांग रहे हैं। प्रचार के दौरान दोनों प्रत्याशी अपनी जीत का दावा करते हुए क्षेत्र के विकास, सड़क, पानी और अन्य मूलभूत सुविधाओं को प्राथमिकता देने की बात कर रहे हैं। वे लोगों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याओं को सुन रहे हैं और समाधान का भरोसा भी दे रहे हैं। स्थानीय जनता भी चुनावी गतिविधियों में सक्रिय नजर आ रही है और प्रत्याशियों के सामने अपनी समस्याएं रख रही है। इस कड़े मुकाबले ने पूरे क्षेत्र में चुनावी माहौल को और अधिक गर्म कर दिया है।

# एडीएम ने दिलाई देश की एकता और शांति बनाए रखने की शपथ



एडीएम कुल्लू कर्मचारियों को आतंकवाद विरोधी शपथ दिलाते हुए। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, कुल्लू।** जिला मुख्यालय कुल्लू के उपायुक्त कार्यालय प्रांगण में एक शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर अतिरिक्त उपायुक्त अश्वनी कुमार ने उपस्थित सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को देश की एकता, अखंडता और शांति बनाए रखने की शपथ दिलाई। उन्होंने शपथ दिलाई कि हम सभी प्रकार के आतंकवाद और हिंसा का डटकर विरोध करेंगे।

तथा हम मानव जाति के सभी वर्गों के बीच शांति, सामाजिक सद्भाव तथा सूझबूझ कायम रखेंगे। उन्होंने शपथ दिलाई कि हम मानव जीवन मूल्यों को खतरा पहुंचाने वाली और विघटनकारी शक्तियों से मजबूती से लड़ेंगे।

इस मौके पर अतिरिक्त उपायुक्त ने कहा कि इस शपथ का उद्देश्य समाज में शांति और भाईचारे का संदेश फैलाना तथा देश को कमजोर करने वाली ताकतों के खिलाफ एकजुट होना है। इस दौरान कार्यालय के सभी स्टाफ सदस्यों ने पूरी निष्ठा के साथ देश की अहिंसा एवं सहनशीलता की परंपरा में दृढ़ विश्वास रखने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के प्रशासनिक अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

# कुल्लू नगर परिषद: अध्यक्ष के 'ताज' के लिए 'शह-मात' का खेल शुरू

अनंत ज्ञान

**कमलेश वर्मा, कुल्लू:** नगर परिषद कुल्लू का ताज किस पार्टी के सिर सजेगा, इसे लेकर राजनीतिक गलियारों में सरगर्मी चरम पर पहुंच गई है। भाजपा और कांग्रेस, दोनों ही प्रमुख दल जोड़-तोड़ की राजनीति के सहारे अध्यक्ष पद की कुर्सी हथियाने के लिए गोटियां फिट करने में जुट गए हैं।

11 वार्डों वाली इस नगर परिषद में किसी भी दल के पास पूर्ण बहुमत नहीं है, जिसके चलते अब दोनों पार्टियों की नजरें निर्दलीय और बागी होकर चुनाव जीतने वाले पार्षदों पर टिक गई हैं। दोनों दलों के दिग्गज नेता गुपचुप तरीके से इन पार्षदों से संपर्क साध रहे हैं। दोनों ही खेमे अपनी-अपनी रणनीति बनाने और आंकड़ा जुटाने में व्यस्त हैं।

पर्दे के पीछे चल रहे इस सियासी खेल के समीकरण कुछ इस तरह बन रहे हैं। भाजपा से 03 शालिनी रॉय, गीता देवी (भाजपा विचारधारा) और राम सिंह ( भाजपा विचारधारा संगठन से बाहर) 06 (यदि राम सिंह का साथ मिले),कांग्रेस 03 आशा ठाकुर (आजाद), रामदेई (सीपीआईएम विचारधारा) 05 (बहुमत से 1 कम) है। वहीं, अध्यक्ष पद की कुर्सी तक पहुंचने के लिए विचारधाराएं पीछे छूटती नजर आ रही हैं। बंद कमरों में बैठकों का दौर जारी है। अब देखना यह होगा कि जोड़-तोड़ के इस खेल में कांग्रेस बाजी मारती है या फिर भाजपा अपने रूठे हुए साथियों को मनाकर कुल्लू का ताज अपने नाम करती है।

### राम सिंह हो सकते हैं 'किंगमेकर'

**राजनीतिक** विश्लेषकों की मानें तो इस पूरे खेल में राम सिंह की भूमिका सबसे अहम हो गई है। संगठन से बाहर हुए राम सिंह की पत्नी ने चुनाव जीता है। यदि भाजपा विचारधारा की शालिनी रॉय और गीता देवी के साथ-साथ राम सिंह भी भाजपा के पाले में आते हैं, तो भाजपा आसानी से 6 का आंकड़ा पार कर अध्यक्ष पद पा सकती है, लेकिन बड़ा सवाल यह है कि भाजपा अपने पुराने मतभेदों को भुलाकर राम सिंह के लिए समझौते के दरवाजे कितना खोलती है। दूसरी तरफ, कांग्रेस भी हाथ पर हाथ धरे नहीं बैठी है। पार्टी समर्थित 3 उम्मीदवारों के अलावा वे आजाद जीतीं आशा ठाकुर और सीपीआईएम विचारधारा की रामदेई को साधकर 5 के आंकड़े तक पहुंचती दिख रही है। लेकिन सत्ता की चाबी पाने के लिए कांग्रेस को भाजपा पृष्ठभूमि के किसी आजाद उम्मीदवार के खेमे में सेंध लगानी होगी।

### बहुमत का आंकड़ा दूर, जोड़-तोड़ का सहारा

**वर्तमान** में कुल्लू नगर परिषद की स्थिति बेहद दिलचस्प हो गई है। यहां अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पद पर कब्जा जमाने के लिए 6 पार्षदों के समर्थन की जरूरत है। लेकिन चुनाव नतीजों ने खेल को फंसा दिया है। भाजपा,3 पार्षद,कांग्रेस 3 पार्षद, निर्दलीय व अन्य 5 पार्षद हैं। दोनों ही दल बहुमत के जादुई आंकड़े से काफी दूर हैं, जिसके चलते अब चुनाव से ज्यादा रोमांचक अध्यक्ष पद की यह जंग हो गई है। स्थिति यह है कि नेता उन बागियों से भी हाथ मिलाने को तैयार हैं, जिन्हें चुनाव से ठीक पहले पार्टी से बाहर का रास्ता दिखाया गया था।

# काजा में पीठासीन अधिकारियों व पोलिंग पार्टियों को चुनाव प्रक्रिया की करवाई दूसरी रिहर्सल

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, काजा।** निर्वाचन अधिकारी एवं खंड विकास अधिकारी अंशुल शांडिल ने अंशुल शांडिल ने वीरवार को अतिरिक्त उपायुक्त परिसर काज़ा में पंचायत चुनावों को लेकर पीठासीन एवं पोलिंग पार्टियों की द्वितीय चरण की रिहर्सल करवाई। इस दौरान चुनाव प्रक्रिया से जुड़ी सभी गतिविधियों की विस्तारपूर्वक जानकारी अधिकारियों को दी गई।

यह प्रशिक्षण जिला निर्वाचन अधिकारी पंचायत एवं अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी शिखा की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। रिहर्सल में बैलेट बॉक्स ट्रैकिंग, वी.डी.एम.एस. प्रणाली और मतदान प्रक्रिया से जुड़ी तकनीकी जानकारी पर विशेष जोर दिया गया। अंशुल शांडिल ने अधिकारियों से अपील की कि वे प्रशिक्षण के दौरान अपनी सभी शंकाओं का समाधान कर लें, ताकि मतदान के दिन किसी प्रकार की त्रुटि न हो। उन्होंने कहा कि निष्पक्ष, शांतिपूर्ण और व्यवस्थित चुनाव


चुनावी प्रक्रिया की जानकारी लेते हुए कर्मचारी। अनंत ज्ञान

संपन्न करवाने में चुनाव कर्मियों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। काजा विकास खंड की 14 पंचायतों में मतदान के लिए कुल 59 पोलिंग पार्टियां गठित की गई हैं, जिनमें 11 महिला पोलिंग पार्टियां शामिल हैं। 8 मतदान केंद्रों का संचालन केवल महिला कर्मियों द्वारा किया जाएगा, जबकि 3 महिला पोलिंग पार्टियां रिजर्व में रखी गई हैं। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार पंचायत चुनाव 26, 28 और 30 मई को तीन चरणों में होंगे। मतदान दलों को 24, 26 और 28 मई को परिवहन निगम की बसों के माध्यम से मतदान सामग्री सहित अपने-अपने केंद्रों के लिए रवाना किया जाएगा। इसके अलावा 129 चुनाव ड्यूटी कर्मचारियों का पोस्टल बैलेट मतदान खंड विकास अधिकारी कार्यालय में संपन्न कराया जा रहा है। मास्टर ट्रेनर सुभाष ने मतपेटी की तैयारी, सीलिंग प्रक्रिया, मतपत्र लेखा, डाक मतदान और मतगणना से जुड़ी तकनीकी प्रक्रियाओं की विस्तार से जानकारी दी। रिहर्सल के दौरान एसडीएम दीक्षित राणा, तहसीलदार धर्मपाल, सेक्टर अधिकारी और अन्य कर्मचारी भी उपस्थित रहे। इस अभ्यास का उद्देश्य चुनाव प्रक्रिया को पूरी तरह पारदर्शी, सुरक्षित और सुचारू बनाना रहा।

# कुल्लू पुलिस ने बबेली में महिला के क्वार्टर से की अवैध शराब बरामद

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, कुल्लू।** कुल्लू जिले में अवैध शराब और नशे के कारोबार के खिलाफ पुलिस ने अपनी मुहिम तेज कर दी है। इसी कड़ी में पुलिस थाना कुल्लू की टीम ने बबेली क्षेत्र में गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर भारी मात्रा में अवैध शराब बरामद करने में सफलता हासिल की है।

◆ **एक महिला के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज**

पुलिस ने इस मामले में एक महिला के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार, 20 मई को कुल्लू पुलिस की टीम को बबेली में अवैध शराब रखे होने की गुप्त सूचना मिली थी।

सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने बबेली में स्थित एक महिला के रिहायशी क्वार्टर में दबिश दी। जब पुलिस टीम ने क्वार्टर की गहनता से तलाशी ली, तो वहां से अलग-अलग ब्रांड की अवैध शराब बरामद हुई। बरामद की गई खेप में शामिल हैं। 08 बोतलें अंग्रेजी शराब (मार्का रॉयल स्टैग),10 बोतलें देशी शराब (मार्का संतरा), 20 बोतलें बीयर (मार्का टूबोर्ग) अवैध शराब की इस खेप को कब्जे में लेकर पुलिस ने संबंधित महिला के खिलाफ पुलिस थाना कुल्लू में आबकारी अधिनियम के अंतर्गत मामला पंजीकृत कर लिया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले में नियमानुसार अगली कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है। कुल्लू जिला पुलिस ने साफ किया है कि जिले में अवैध शराब, नशे के सौदागरों और अन्य गैर-कानूनी गतिविधियों में संलिप्त लोगों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। पुलिस का यह अभियान लगातार जारी रहेगा और कानून व्यवस्था को भंग करने का प्रयास करने वाले तत्वों के खिलाफ सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

# महिमन चंद्र को प्रदेश किसान कांग्रेस प्रवक्ता की सौंपी कमान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, कुल्लू।** हिमाचल प्रदेश किसान कांग्रेस ने संगठनात्मक विस्तार के तहत महिमन चंद्र को प्रदेश प्रवक्ता नियुक्त किया है। यह निर्णय संगठन के शीर्ष नेतृत्व द्वारा किसानों की आवाज को और अधिक प्रभावी ढंग से उठाने, संगठनात्मक गतिविधियों को व्यापक स्तर तक पहुंचाने तथा किसान हितों की मजबूत पैरवी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से लिया गया है।



महिमन चंद्र लंबे समय से सामाजिक एवं जनहित से जुड़े मुद्दों पर सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं। उन्होंने किसानों, मजदूरों और आम जनता के अधिकारों के लिए निरंतर संघर्ष किया है। उनकी सक्रियता और जमीनी जुड़ाव को देखते हुए संगठन ने उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारियों का मानना है कि महिमन चंद्र के अनुभव और नेतृत्व क्षमता से हिमाचल प्रदेश किसान कांग्रेस को राज्य स्तर पर नई मजबूती मिलेगी और संगठन की आवाज और अधिक प्रभावी ढंग से जनता तक पहुंचेगी। उनकी नियुक्ति की घोषणा के बाद संगठन के कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों में उत्साह का माहौल है। विभिन्न नेताओं और सदस्यों ने उन्हें बधाई और शुभकामनाएं देते हुए विश्वास जताया है कि उनके आने से किसान कांग्रेस प्रदेश में और अधिक सशक्त, सक्रिय और मुखर भूमिका में दिखाई देगी।

### शीर्ष नेतृत्व का जताया आभार

**महिमन** चंद्र ने अपनी नई जिम्मेदारी मिलने पर आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे पार्टी नेतृत्व और संगठन का धन्यवाद करते हैं जिन्होंने उन पर भरोसा जताया है। उन्होंने कहा कि उनकी प्राथमिकता प्रदेश के किसानों की समस्याओं को सरकार और संबंधित मंचों तक प्रभावी ढंग से पहुंचाना रहेगा। वे हिमाचल प्रदेश किसान कांग्रेस के माध्यम से कृषि क्षेत्र की चुनौतियों के समाधान के लिए निरंतर प्रयास करेंगे। महिमन चंद्र ने कहा कि किसान कल्याणकारी योजनाओं को गांव-गांव तक पहुंचाना और उन्हें जमीनी स्तर पर प्रभावी बनाना उनका मुख्य लक्ष्य होगा। उन्होंने आश्वासन दिया कि वे पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ किसानों के हितों के लिए कार्य करते रहेंगे।

# सोलन जिले में बढ़ी गर्मी की मार, बद्दी और नालागढ़ में तापमान हुआ 41 डिग्री के पार

अनंत ज्ञान

आर मोहन चौहान, सोलन। हिमाचल प्रदेश में अब पहाड़ भी भीषण गर्मी की चपेट में आने लगे हैं। लगातार बढ़ते तापमान के बीच मौसम विभाग ने प्रदेश के चार जिलों में लू चलने का अलर्ट जारी किया है। जिला सोलन में गर्मी ने लोगों की परेशानी बढ़ा दी है। सोलन का अधिकतम तापमान 34 डिग्री के करीब पहुंच गया है, जबकि औद्योगिक क्षेत्र बद्दी-नालागढ़ में पारा 41 डिग्री सेल्सियस को पार कर चुका है। सोलन में गर्म हवाओं और तेज धूप के कारण दिन के समय लोगों का घरों से निकलना मुश्किल हो गया है। इसका सबसे अधिक असर स्कूली बच्चों और अभिभावकों पर पड़ रहा है। जिन्हें तेज धूप में स्कूल से घर पहुंचना पड़ रहा है।



## गर्मी से बचाव के लिए अपनाएं ये उपाय

*दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक धूप में निकलने से बचें। अधिक से अधिक पानी व तरल पदार्थ का सेवन करें, हल्के और सूती कपड़े पहनें। बच्चों और बुजुर्गों का विशेष ध्यान रखें, खाली पेट घर से बाहर न निकलें और तेज धूप में निकलते समय सिर और चेहरे को ढक कर रखें।*

प्रदेश के मैदानी और निचले क्षेत्रों में लगातार बढ़ रही गर्मी का असर अब पहाड़ी इलाकों में भी साफ दिखाई देने लगा है। सोलन सहित कई क्षेत्रों में दोपहर के समय सड़कें सुनसान नजर आ रही हैं। गर्मी का सबसे अधिक असर बच्चों, बुजुर्गों और बीमार लोगों पर पड़ रहा है। अस्पतालों में भी गर्मी से जुड़ी परेशानियों के मामले बढ़ने लगे हैं।

मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दिनों में तापमान में और बढ़ोतरी हो सकती है। विभाग ने लोगों को दोपहर के समय धूप में बाहर निकलने से बचने, पर्याप्त मात्रा में पानी पीने और गर्म हवाओं से सतर्क रहने की सलाह दी है। विशेषज्ञों का कहना है कि बदलते मौसम और लगातार बढ़ते तापमान के कारण पहाड़ी क्षेत्रों का मौसम भी अब मैदानी इलाकों जैसा होता जा रहा है। इसका असर खेती और बागवानी पर भी पड़ सकता है। किसान बढ़ती गर्मी को लेकर चिंतित हैं, क्योंकि तेज तापमान का प्रभाव सब्जियों और फसलों की पैदावार पर पड़ने की आशंका है।

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

## 100 दिनों के नि:शुल्क लाइव योग सत्र' का आयोजन

अनंत ज्ञान, नाहन। जिला प्रशासन सिरमौर के प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि आयुष मंत्रालय द्वारा 12वें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस-2026 के अवसर पर स्वास्थ्य और दैनिक योग अभ्यास को बढ़ावा देने के लिए '100 दिनों के नि:शुल्क लाइव योग सत्र' का आयोजन किया गया है। इस नि:शुल्क योग सत्र के लिए आमजन, सरकारी व अन्य सभी कर्मचारी परिवार के अन्य सदस्यों सहित भाग लेने के लिए अपना पंजीकरण करा सकते हैं। उन्होंने बताया कि 100 दिनों की अवधी के दौरान 14 दिनों के कई संरचित योग अभ्यास कार्यक्रमों में भी नामांकन कर सकते है। उन्होंने बताया कि आयुष मंत्रालय के अन्तर्गत मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान ने 'योग 365' अभियान के तहत '100 दिनों के नि:शुल्क लाइव योग सत्र' आयोजित करने के लिए हैविल्ड हेल्थ टेक के साथ समझौता ज्ञापन हस्ताक्षर किया है।

## पांवटा साहिब में भाजपा को मिला निर्दलीयों का साथ

# निर्मल कौर फिर अध्यक्ष नियुक्त इंद्रजीत मीका को बनाया उपाध्यक्ष

अनंत ज्ञान

एसपी जैरथ, नाहन। आखिरकार तीन दिनों से चला आ रहा सस्पेंस वीरवार को उस समय खत्म हो गया जब भारतीय जनता पार्टी ने पांवटा साहिब नगर परिषद पर अपनी दावेदारी पेश की। मीडिया से रू-ब-रू हुए भारतीय जनता पार्टी के मंडल अध्यक्ष रमेश तोमर ने कहा कि पांवटा साहिब नगर परिषद में एक बार फिर भारतीय जनता पार्टी समर्थित नगर परिषद बनने जा रही है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की प्रत्याशी और पूर्व में नगर परिषद पांवटा साहिब की अध्यक्ष रही निर्मल कौर को एक बार फिर नगर परिषद का अध्यक्ष चुना गया है, वहीं उपाध्यक्ष के रूप में निर्दलीय जीत कर आए इंद्रजीत सिंह मीका को चुना गया है। गौर हो कि पांवटा साहिब नगर परिषद में 17 तारीख को आए चुनाव नतीजे में भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस के चार चार सीट कर आये थे, जबकि पांच निर्दलीय जीत कर आए थे, जिसके चलते यह कयास लगाए जा रहे थे कि पांवटा साहिब में नगर परिषद पर निर्दलीयों का कब्जा होगा। वहीं भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस लगातार निर्दलीयों के संपर्क में थे कि वह निर्दलीयों को अपने पक्ष में करें, लेकिन आखिरकार पांवटा साहिब के विधायक सुखराम चौधरी की रणनीति काम आई और एक बार फिर पांवटा साहिब में भाजपा समर्थित नगर परिषद बनाने में कामयाब हुए। पत्रकार वार्ता में सर्वशक्ति भटनागर, राजरानी, आशा देवी, कुलदीप चौधरी, मयंक चौहान और ममता सैनी ने भारतीय जनता पार्टी नगर परिषद को समर्थन देने का ऐलान किया।



नगर परिषद की नवनियुक्त अध्यक्ष निर्मल कौर अध्यक्ष व अन्य। अनंत ज्ञान

## न्यूज ब्रीफ

### डॉ. जयपाल शर्मा ने वृक्ष सुधार विभाग में विभागाध्यक्ष का संभाला कार्यभार

अनंत ज्ञान, सोलन। डॉ. जयपाल शर्मा ने डॉ. यशवंत सिंह परमार औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय नौणी के वानिकी विश्वविद्यालय में वृक्ष सुधार एवं आनुवंशिक संसाधन विभाग के विभागाध्यक्ष के रूप में कार्यभार संभाल लिया है। डॉ. शर्मा पिछले 17 वर्षों से वानिकी एवं कृषि वानिकी के क्षेत्र में शिक्षण, अनुसंधान एवं विस्तार गतिविधियों से सक्रिय रूप से जुड़े हुए हैं। उन्होंने अल्पावधि वृक्ष प्रजातियों, विशेष रूप से विलो हाइब्रिड के सुधार एवं मूल्यांकन में योगदान दिया है। उनके द्वारा विकसित कई उन्नत विलो हाइब्रिड हिमालयी क्षेत्रों में किसानों एवं अन्य हितधारकों द्वारा लगाए जा रहे हैं। उनके शोध कार्यों में विभिन्न एवं पारिस्थितिकी दृष्टि से संवेदनशील क्षेत्रों के लिए उपयुक्त श्रेष्ठ विलो हाइब्रिड का विकास, परीक्षण एवं लोकप्रियकरण शामिल है। वह वर्तमान में प्रोटेक्शन ऑफ प्लांट वैरायटीज एंड फार्मर्स राइट्स अथॉरिटी के अंतर्गत विलो किस्मों के पंजीकरण हेतु टास्क फोर्स सदस्य के रूप में भी कार्य कर रहे हैं।

### कांग्रेस ने संस्थानों पर लगाए ताले जनता से किया विश्वासघात : बिंदल

अनंत ज्ञान

नाहन। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने कांग्रेस सरकार पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि सत्ता में आते ही सरकार ने नाहन विधानसभा क्षेत्र में दो दर्जन से अधिक सरकारी संस्थानों पर ताले जड़ दिए और जनता के साथ विश्वासघात किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश में व्यवस्था परिवर्तन नहीं बल्कि व्यवस्था पतन हुआ है और अब यह सरकार जाने वाली है। डा. बिन्दल ने धारटी क्षेत्र में आयोजित विभिन्न बैठकों और जनसंपर्क कार्यक्रमों को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने धगेड़ा, रामा, सेन की सेर, नावनी जमटा, नेहलीधीड़ा और पंजाहल क्षेत्रों में लोगों से संपर्क किया उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार बनने के बाद पंजाहल में भाजपा सरकार के दौरान खोले गए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को बंद कर दिया गया, जिससे क्षेत्र के लोगों को उपचार के लिए परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश के इतिहास में यह पहली ऐसी सरकार है जिसने विकास कार्यों की बजाय संस्थानों को बंद करने का काम किया है डा. बिन्दल ने कहा कि जमटा और धगेड़ा में संचालित पशु चिकित्सालयों को भी बंद कर दिया गया, जिससे कृषि आधारित धारटी क्षेत्र के किसानों और पशुपालकों को नुकसान उठाना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि किसी भी संस्थान को शुरू करने के लिए लंबी प्रशासनिक प्रक्रिया और मंत्रिमंडल की मंजूरी लेनी पड़ती है, लेकिन कांग्रेस सरकार ने बिना विचार किए इन्हें बंद कर दिया उन्होंने दावा किया कि धारटी क्षेत्र में सड़क, पेयजल, बिजली, स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्र में जो भी विकास कार्य हुए हैं, वे भाजपा सरकार के कार्यकाल में हुए हैं, जबकि वर्तमान सरकार ने पिछले साढ़े तीन वर्षों में कोई बड़ा विकास कार्य नहीं किया।

### पांवटा साहिब में लापता दस साल की बच्ची का शव यमुना घाट से बरामद

अनंत ज्ञान, नाहन। पांवटा साहिब क्षेत्र में बुधवार देर शाम यमुना घाट से 10 वर्षीय बच्ची का शव बरामद होने का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार बच्ची अपने प्रवासी माता-पिता के साथ कृपालशिला गुरुद्वारा रोड स्थित जलजीरा गुरुद्वारे के समीप किराए के कमरे में रहती थी। बताया गया कि बुधवार को बच्ची के भाई का जन्मदिन था और परिवार के सदस्य आवश्यक सामान खरीदने के लिए बाजार गए हुए थे। इस दौरान बच्ची घर पर अकेली थी। जब परिजन वापस लौटे तो कमरे में सामान बिखरा हुआ मिला और बच्ची घर में मौजूद नहीं थी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पहले सिविल अस्पताल पांवटा साहिब पहुंचाया।

## सोलन नगर निगम चुनाव में त्रिकोणीय, बहुकोणीय मुकाबले ने बढ़ाई सियासी धड़कनें

# भाजपा-कांग्रेस के बीच निर्दलीयों की चुनौती, 31 मई को खुलेंगे जीत के राज

अनंत ज्ञान

आर मोहन चौहान, सोलन। नगर निगम सोलन में चुनाव के मतदान के बाद अब सभी की निगाहें 31 मई को आने वाले चुनाव परिणामों पर टिकी हुई हैं। इस बार चुनाव में कई वार्डों में निर्दलीय उम्मीदवारों ने मुकाबले को बेहद दिलचस्प बना दिया है। खास तौर पर चार निर्दलीय प्रत्याशियों ने भाजपा और कांग्रेस दोनों दलों की रणनीति को चुनौती देते हुए चुनावी समीकरण बदल दिए हैं। सबसे ज्यादा चर्चा वार्ड नंबर-2 की रही, जिसे भाजपा का मजबूत गढ़ माना जाता है। यहां निर्दलीय प्रत्याशी रमेश बंसल ने चुनावी मुकाबले को पूरी तरह त्रिकोणीय बना दिया। उनके मैदान में उतरने से भाजपा और कांग्रेस दोनों के वोट समीकरण प्रभावित हुए हैं, जिसके चलते यहां कांटे की टक्कर मानी जा रही है।





वार्ड नंबर-3 में भी मुकाबला काफी रोचक बना हुआ है। यहां कांग्रेस और भाजपा प्रत्याशियों के सामने दो निर्दलीय उम्मीदवारों ने मजबूत चुनौती पेश की। गौरव राजपूत और दीपिन बक्शी के चुनाव मैदान में उतरने से मुकाबला पूरी तरह दिलचस्प हो गया। दोनों निर्दलीय उम्मीदवारों ने युवाओं और स्थानीय मुद्दों को प्रमुखता से उठाते हुए जोरदार प्रचार अभियान चलाया।

वार्ड नंबर-7 में इस बार सबसे अधिक छह उम्मीदवार मैदान में रहे। यहां मुकाबला बहुकोणीय होने से वोटों का बंटवारा भी अहम माना जा रहा है। निर्दलीय उम्मीदवार मनोज रघुवंशी ने पूरे दमखम के साथ चुनाव लड़ा और कई क्षेत्रों में अपनी मजबूत पकड़ दिखाई। ऐसे में इस वार्ड के नतीजे भी काफी दिलचस्प रहने वाले हैं। वार्ड नंबर-12 में पूर्व मेयर ऊषा शर्मा ने दमदार तरीके से चुनाव प्रचार किया। वहीं भाजपा की प्रियंका अग्रवाल को भी मजबूत प्रत्याशी माना जा रहा है। दोनों के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला और अब सभी की नजरें मतगणना पर टिकी हुई हैं। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि इस बार कई वार्डों में जीत-हार का अंतर बेहद कम रह सकता है। नगर निगम चुनाव में इस बार स्थानीय मुद्दे, विकास कार्य, पेयजल संकट, पार्किंग, सड़कें और सफाई व्यवस्था प्रमुख चुनावी मुद्दे रहे। अब देखना दिलचस्प होगा कि मतदाता किसके पक्ष में फैसला सुनाते हैं और निर्दलीय उम्मीदवार कितनी बड़ी भूमिका निभाते हैं।

## बद्दी के किशनपुरा में 16 साल की लड़की ने की आत्महत्या, जांच शुरू

अनंत ज्ञान

बीबीएन। जिला सोलन के बद्दी क्षेत्र में 16 साल की लड़की द्वारा आत्महत्या करने का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है और मामले की आगामी जांच शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक, मामला जिले के औद्योगिक क्षेत्र बद्दी के किशनपुरा का है। मृतका मूल रूप से बिहार की रहने वाली थी और अपने माता-पिता के साथ किशनपुरा में एक किराए के मकान में रह रही थी। बताया जा रहा है कि मंगलवार दोपहर लड़की अपनी मां को यह कहकर दूसरे कमरे में गई थी कि वह सोने जा रही है। शाम के समय जब काफी देर तक वह कमरे से बाहर नहीं आई तो मां उसे जगाने के लिए कमरे की ओर गई। दरवाजा अंदर से बंद होने पर मां ने जब खिड़की से भीतर झांका, तो बेटी को पंखे से लटका देख उसके पैरों तले जमीन खिसक गई। इसके बाद परिजनों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी।

- किराये के मकान में रह रही थी मृतका
- पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौंपा
- कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं, परिजनों ने किसी पर भी नहीं जाहिर किया शक

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद बुधवार को शव परिजनों को सौंप दिया है और मामले की आगामी जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है और परिजनों ने भी किसी पर कोई शक जाहिर नहीं किया है। एएसपी अशोक वर्मा ने पुष्टि की है।

## डगशाई के जंगलों में भड़की आग, वन संपदा को नुकसान



अनंत ज्ञान

सोलन। डगशाई क्षेत्र के जंगलों में अचानक आग भड़कने से वन संपदा को नुकसान पहुंचा है। आग लगने के बाद आसपास के क्षेत्र में धुआं फैल गया, जिससे लोगों में भी चिंता का माहौल देखा गया। जानकारी के अनुसार तेज गर्मी और सूखे मौसम के चलते जंगलों में आग लगने की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। डगशाई के जंगलों में लगी आग ने पेड़-पौधों और छोटी वनस्पतियों को नुकसान पहुंचाया। आग की लपटें तेजी से फैलने लगीं, जिसके बाद वन विभाग और स्थानीय लोगों ने मौके पर पहुंचकर आग बुझाने का प्रयास किया।

- बढ़ती गर्मी के साथ आग लगने की घटनाओं में हुआ इजाफा

गर्मी बढ़ने के साथ जिले में जंगलों में आग लगने की घटनाओं में इजाफा देखा जा रहा है। वन विभाग ने लोगों से जंगलों के आसपास सावधानी बरतने और जलती हुई वस्तुएं न फेंकने की अपील की है। विभाग का कहना है कि थोड़ी सी लापरवाही भी बड़े नुकसान का कारण बन सकती है।

## धोबीघाट में दो युवकों से 29.58 ग्राम चिट्टा बरामद

अनंत ज्ञान, सोलन। जिला पुलिस की एसआईयू टीम द्वारा गुप्त सूचना के आधार पर धोबीघाट क्षेत्र में एक मकान में दबिश दी गई। कार्रवाई के दौरान उक्त मकान के एक कमरे में रह रहे दो युवकों के कब्जे से 29.58 ग्राम चिट्टा/हेरोइन तथा ₹3,300/- नकद बरामद किए गए। दोनों आरोपियों की पहचान राजा उर्फ दीपांशु पुत्र श्री संजय पांडे, निवासी धोबीघाट, तहसील व जिला सोलन, हिमाचल प्रदेश, उम्र 20 वर्ष तथा राहुल पुत्र दलबीश, निवासी गांव पट्टी, तहसील व जिला तरनतारन, पंजाब, उम्र 20 वर्ष के रूप में हुई है। दोनों आरोपियों को नियमानुसार गिरफ्तार कर उनके विरुद्ध पुलिस थाना सदर सोलन में अभियोग पंजीकृत किया गया है। मामले के अन्वेषण के दौरान दोनों आरोपियों से गहन पूछताछ की गई। 19 मई को दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश करके 4 दिन का पुलिस रिमांड प्राप्त किया गया है, उनसे आगे पूछताछ जारी है।

# चिट्टा तस्करी नेटवर्क का पर्दाफाश फिरोजपुर से मुख्य आरोपी गिरफ्तार

अनंत ज्ञान

सोलन। पुलिस थाना परवाणू में दर्ज चिट्टा तस्करी मामले में पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए पंजाब के फिरोजपुर निवासी एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। मामले में पहले ही तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका था, जिनमें से दो की गिरफ्तारी बैकवर्ड लिंकेज के आधार पर हुई थी। पुलिस ने आरोपियों से 20 ग्राम चिट्टा बरामद किया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने आरोपियों की गतिविधियों, आपसी संपर्कों और वित्तीय लेन-देन की गहन जांच की। कॉल डिटेल रिकॉर्ड, बैंक ट्रांजैक्शन और डिजिटल साक्ष्यों के विश्लेषण के दौरान पंजाब निवासी कुलदीप सिंह का नाम सामने आया, जो इस अवैध नेटवर्क में सक्रिय रूप से शामिल था। आरोपी को गिरफ्तारी की भनक लगने पर उसने हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय में अग्रिम जमानत याचिका दायर की, जिसे अदालत ने खारिज कर दिया। इसके बाद पुलिस ने कार्रवाई तेज करते हुए 20 मई को कुलदीप सिंह (24) निवासी गुरुहरसहाय, जिला फिरोजपुर, पंजाब को सोलन क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को न्यायालय में पेश किया जा रहा है। मामले में अब तक चार आरोपी गिरफ्तार हो चुके हैं और पुलिस पूरे नेटवर्क की जांच में जुटी हुई है।





## मोटरसाइकिल के हैंडल से 214 ग्राम चरस बरामद

अनंत ज्ञान, एसपी जैरथ, नाहन। जिला सिरमौर पुलिस की पांवटा साहिब में तैनात स्पेशल डिटेक्शन टीम ने नशा तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 214 ग्राम चरस बरामद कर दो व्यक्तियों को हिरासत में लिया है। जानकारी के अनुसार 19 मई की रात पुलिस टीम रामपुरघाट स्थित शराब ठेके के पास गश्त पर मौजूद थी। इसी दौरान पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि मोटरसाइकिल पर सवार दो व्यक्ति गोन्दपुर की तरफ से रामपुरघाट की ओर आ रहे हैं और उनके पास चरस हो सकती है। पुलिस ने रामपुरघाट क्षेत्र में नाकाबंदी कर वाहनों की जांच शुरू कर दी। कुछ समय बाद संदिग्ध मोटरसाइकिल मौके पर पहुंची, जिसे रोककर तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान मोटरसाइकिल के हैंडल में छिपाए गए एक लिफाफे से बत्ती के आकार की 214 ग्राम चरस बरामद हुई।

# सुबाथू रोड पर दो ट्रकों की भिड़ंत यातायात पूरी तरह ठप, लोग परेशान

अनंत ज्ञान

सोलन। सोलन के सुबाथू रोड पर वीरवार सुबह मटांडो के समीप दो ट्रकों की आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसा सड़क के एक संकरे हिस्से में हुआ, जिसके चलते मार्ग पर यातायात पूरी तरह बाधित हो गया। दुर्घटना के बाद सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार सुबह के समय दोनों ट्रक संकरे मोड़ से गुजर रहे थे, तभी अचानक टक्कर हो गई।

हादसे में किसी के घायल होने की सूचना नहीं है, लेकिन दोनों वाहनों को नुकसान पहुंचा है। घटना के बाद मौके पर स्थानीय लोग और पुलिस टीम पहुंची। पुलिस ने यातायात को बहाल करने के लिए वाहनों को हटाने का कार्य शुरू किया। लंबे जाम के कारण दफ्तर जाने वाले कर्मचारियों, स्कूली बच्चों और यात्रियों को काफी दिक्कतें झेलनी पड़ीं। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि सुबाथू रोड के संकरे हिस्सों का चौड़ीकरण किया जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं से बचा जा सके।

## ट्रॉले की टक्कर से स्कूटी चालक घायल

अनंत ज्ञान

नाहन। पांवटा साहिब में एक दर्दनाक हादसा सामने आया है, जिसमें ट्रॉले की टक्कर से स्कूटी चालक घायल हुआ है। मामले में पुलिस ने आरोपी ट्राला चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार गांव बाग हावड़ा, तहसील कमरऊ निवासी राहुल शर्मा ने पुलिस थाना पांवटा साहिब में शिकायत दर्ज करवाई कि 20 मई को वह अपने पेट्रोल पंप से कमरे की ओर जा रहे थे। जब वह साहिबजादा अजीत सिंह चौक के पास भूपपुर पहुंचे तो उन्होंने देखा कि रैनबैक्सी चौक की ओर से पांवटा साहिब की तरफ जा रहे एक ट्राले ने चौक पार करते समय आगे चल रही स्कूटी को ओवरटेक करते हुए टक्कर मार दी। हादसे के बाद ट्राला चालक मौके से फरार हो गया। राहुल शर्मा ने बताया कि घायल स्कूटी चालक अपने पेट्रोल पंप पर कार्यरत कैशियर योगराज वालिया थे। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और घायल को उपचार के लिए पहुंचाया गया।


## सोलन मंडी में फ्रासबीन और लोकल सब्जियों की बढ़ी आवक, शोघी चैक पोस्ट पर किसान परेशान

# कुल्लू के लहसुन की धमक, 160 रुपए किलो तक पहुंचे दाम

अनंत ज्ञान

सोलन। सब्जी मंडी सोलन में इन दिनों कुल्लू से लहसुन की नई खेप पहुंचना शुरू हो गई है। मंडी में अच्छी क्वालिटी के लहसुन को अच्छे दाम मिलने से किसान उत्साहित नजर आ रहे हैं। इसके साथ ही फ्रासबीन और स्थानीय सब्जियों की भी भरपूर आवक हो रही है, जिससे मंडी में रौनक बढ़ गई है। व्यापारियों के अनुसार बेहतर गुणवत्ता वाले लहसुन के दाम 140 से 160 रुपए प्रति किलो तक पहुंचे, जबकि सामान्य क्वालिटी का लहसुन 100 से 130 रुपए प्रति किलो के बीच बिका। वहीं फ्रासबीन के दाम भी अच्छे रहे और लोकल सब्जियों की मांग लगातार बनी हुई है।

मंडी में पहुंचे किसानों ने बताया कि इस बार मौसम अनुकूल रहने से फसल अच्छी हुई है, जिससे उत्पादन में बढ़ोतरी देखने को मिल रही है। हालांकि किसानों ने शोघी चैक पोस्ट पर उन्हें पेश आ रही परेशानियों को लेकर नाराजगी भी जताई। किसानों का कहना है कि वाहनों की लंबी जांच और कागजी प्रक्रिया के चलते उन्हें घंटों इंतजार करना पड़ता है, जिससे सब्जियां समय पर मंडी तक नहीं पहुंच पातीं। किसानों ने प्रशासन से मांग की है कि कृषि उत्पाद लेकर आने वाले वाहनों के लिए अलग व्यवस्था की जाए, ताकि उन्हें अनावश्यक देरी का सामना न करना पड़े। व्यापारियों का कहना है कि आने वाले दिनों में सब्जियों की आवक और बढ़ सकती है, जिससे दामों में भी उतार-चढ़ाव देखने को मिल सकता है।



सोलन सब्जी मंडी पहुंची सब्जियां। अनंत ज्ञान

## आतंकवाद विरोधी दिवस पर उपायुक्त ने दिलाई शपथ



*अनंत ज्ञान, नाहन। उपायुक्त सिरमौर प्रियंका वर्मा ने आतंकवाद विरोधी दिवस पर आज उपायुक्त कार्यालय सभागार में अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी एल.आर.वर्मा सहित अधिकारियों व कर्मचारियों को अहिंसा एवं सहनशीलता की शपथ दिलाई। इस दौरान सभी ने आतंकवाद व हिंसा का डटकर विरोध करने, सभी वर्गों में शांति व सामाजिक सद्भाव, सूझबूझ कायम करने और मानव जीवन मूल्यों को खतरा पहुंचाने वाली विघटनकारी शक्तियों से लड़ने की शपथ ली। इस दौरान पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर उनके महान योगदान तथा देश की एकता व अखंडता के लिए जीवन बलिदान को याद किया।*

# शांतिपूर्ण और पारदर्शी पंचायतीराज चुनाव करवाने के लिए प्रशासन प्रतिबद्ध : डीसी

## उपायुक्त ने अधिकारियों संग की चुनाव को लेकर व्यापक समीक्षा

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, ऊना।** पंचायतीराज संस्थानों के सामान्य निर्वाचन-2026 को लेकर जिला प्रशासन ने सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर ली हैं। इसी क्रम में जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त जतिन लाल ने आज (वीरवार) को डीआरडीए हॉल ऊना में निर्वाचन प्रक्रिया से जुड़े सभी अधिकारियों एवं उपमंडलाधिकारियों की समीक्षा बैठक की। बैठक में चुनाव संबंधी व्यवस्थाओं की विस्तृत समीक्षा करते हुए चुनावों को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं व्यवस्थित तरीके से संपन्न करवाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए।

बैठक के दौरान चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशियों एवं मतपक्ष लेखन संबंधी कार्यों, मतदान केंद्रों के शत-प्रतिशत भौतिक सत्यापन, पोलिंग पार्टियों के प्रशिक्षण, पोल ड्यूटी बैलेट पेपर जारी करने, मतगणना कर्मचारियों की नियुक्ति एवं प्रशिक्षण, सहायक रिटर्निंग अधिकारियों को ग्राम पंचायत मतगणना प्रशिक्षण, सेक्टर अधिकारियों की तैनाती तथा पंचायत समिति एवं जिला परिषद मतगणना केंद्रों की तैयारियों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई।

इसके अतिरिक्त पोलिंग पार्टियों की रवानगी, मतपेटियों को सुरक्षित रूप से स्ट्रॉन्ग रूम तक पहुंचाने, एचआरटीसी बसों की उपलब्धता, पोलिंग पार्टियों के ठहरने एवं भोजन व्यवस्था, मतगणना के दौरान बिजली एवं पानी जैसी मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के संबंध में भी अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए।

डीसी जतिन लाल ने बताया कि पंचायत चुनावों को शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित तरीके से संपन्न करवाने के उद्देश्य से संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को दूसरे चरण का पूर्वाभ्यास भी करवाया जा चुका है, जिससे चुनावी प्रक्रिया को और अधिक सुचारू बनाया जा सके। उपायुक्त ने बताया कि जिला में कुल 107 मतगणना केंद्र बनाए गए हैं, जिनमें 102 संवेदनशील तथा 5 अति संवेदनशील मतगणना केंद्र शामिल हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी मतगणना केंद्रों पर वेबकास्टिंग एवं ऑनलाइन लाइव स्ट्रीमिंग की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए ताकि चुनाव प्रक्रिया को पूरी तरह पारदर्शी, निष्पक्ष एवं सुरक्षित बनाया जा सके। उपायुक्त ने बताया कि मतदान सुबह 7 बजे से सायं 3 बजे तक करवाया जाएगा। मतदान के दौरान मतदाताओं को अपनी पहचान के लिए वोटर आईडी कार्ड साथ लाना अनिवार्य होगा। यदि किसी मतदाता के पास वोटर आईडी कार्ड उपलब्ध नहीं है तो निर्वाचन आयोग द्वारा मान्य 17 वैकल्पिक फोटोयुक्त पहचान दस्तावेजों में से किसी एक दस्तावेज को प्रस्तुत करना आवश्यक होगा। इनमें पासपोर्ट, ड्राईविंग लाईसेंस, आयकर पहचान पत्र, राज्य/केन्द्र सरकार/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम/पब्लिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा अपने कर्मचारियों को जारी किए जाने वाले फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, किसान पासबुक अथवा बैंक डाकघरों द्वारा जारी की गई फोटोयुक्त पासबुक, राशन कार्ड, सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति या अन्य पिछड़ा वर्ग प्रमाण पत्र, छात्र पहचान पत्र, सम्पत्ति संबंधी कागजात जैसे पट्टा, पंजीबद्ध अभिलेख, शस्त्र लाईसेंस, परिवहन अधिकारी द्वारा जारी कंडक्टर लाईसेंस, पेंशन अभिलेख, जैसे भूतपूर्व सैनिक पेंशन बुक अथवा पीपीओ, भूतपूर्व सैनिक की विधवा अथवा आश्रित को जारी प्रमाण पत्र, रेलवे या बस पास, अक्षम प्रमाण पत्र, स्वतंत्रता सेनानी प्रमाण पत्र और आधार कार्ड शामिल हैं।



बैठक में एसपी सचिन हीरेमठ, अतिरिक्त उपायुक्त महिन्द्र पाल गुर्जर, एसडीएम ऊना अभिषेक मित्तल, एसडीएम गगरेट सोमिल गौतम, एसडीएम बंगाणा सोनू गोयल, एसडीएम अंब पारस अग्रवाल, एसडीएम हरोली विशाल शर्मा, जिला पंचायत अधिकारी श्रवण कुमार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### ऊना जिला में 4,049 प्रत्याशी चुनावी मैदान में

**उपायुक्त** ने बताया कि जिला ऊना में कुल 4,049 प्रत्याशी विभिन्न पदों के लिए चुनाव लड़ रहे हैं। इनमें 45 जिला परिषद सदस्य, 416 पंचायत समिति सदस्य, 849 प्रधान, 930 उपप्रधान तथा 1,809 वार्ड सदस्य शामिल हैं। उन्होंने बताया कि जिला में कुल 2,139 पंचायत पदाधिकारियों का निर्वाचन किया जाना था, जिनमें से 706 प्रतिनिधि निर्विरोध निर्वाचित हो चुके हैं। अब शेष 1,433 पदों के लिए मतदान करवाया जाएगा। इसके अतिरिक्त जिला की 5 पंचायतें पूर्ण रूप से निर्विरोध चुनी गई हैं, जिनमें पंडोगा लोअर, जाखेवाल, बीनेवाल, उदयपुर तथा बोहरू पंचायत शामिल हैं।

### 3,78, 021 मतदाता करेंगे अपने मत का प्रयोग

**जिला** निर्वाचन अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि जिला ऊना में कुल 3,78,021 मतदाता पंजीकृत हैं, जिनमें 1,90,767 पुरुष, 1,87,252 महिला तथा 2 थर्ड जेंडर मतदाता शामिल हैं। साथ ही, 249 पंचायतों में चुनाव प्रक्रिया को शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न करवाने के लिए जिला में कुल 396 मतदान केंद्र स्थापित किए गए हैं।

### मतदान केंद्रों पर मोबाइल फोन ले जाने की अनुमति नहीं

**उपायुक्त** ने स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी नागरिक को मतदान केंद्र के भीतर मोबाइल फोन ले जाने की अनुमति नहीं होगी। उन्होंने कहा कि सभी मतदान केंद्रों पर बिजली, पानी एवं अन्य मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएंगी ताकि मतदाताओं को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि पोलिंग पार्टियां केवल एचआरटीसी बसों के माध्यम से ही मतपेटियों का परिवहन सुनिश्चित करेंगी तथा इस कार्य के लिए किसी भी निजी वाहन का उपयोग नहीं किया जाएगा।

### तीन चरणों में होंगे पंचायत चुनाव

**जिला** उपायुक्त जतिन लाल ने बताया कि जिला ऊना में पंचायत चुनाव 26, 28 एवं 30 मई को तीन चरणों में संपन्न करवाए जाएंगे। उन्होंने बताया कि प्रधान, उपप्रधान एवं वार्ड सदस्यों के परिणाम मतदान प्रक्रिया समाप्त होने के उपरांत उसी दिन संबंधित मतगणना केंद्रों में घोषित किए जाएंगे, जबकि जिला परिषद एवं पंचायत समिति सदस्यों के परिणाम 31 मई को घोषित किए जाएंगे।

### जिले में मतदान वाले दिनों में सवैतनिक अवकाश घोषित

**अनंत ज्ञान, ऊना।** पंचायती राज संस्थाओं के सामान्य चुनाव-2026 के मद्देनजर जिला ऊना में 26 मई (प्रथम चरण), 28 मई (द्वितीय चरण) तथा 30 मई (तृतीय चरण) को संबंधित मतदान वाले पंचायत क्षेत्रों में सवैतनिक अवकाश घोषित किया गया है। इस दौरान संबंधित मतदान वाली पंचायती क्षेत्रों में अवकाश रहेगा। उपायुक्त ऊना जतिन लाल ने बताया कि लोकतांत्रिक प्रक्रिया में अधिक से अधिक मतदाताओं की भागीदारी सुनिश्चित करने तथा चुनावों को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न करवाने के उद्देश्य से ये आदेश जारी किए हैं।

उन्होंने बताया कि इस दिन जिला में स्थित सभी सरकारी कार्यालय, बोर्ड, निगम, शैक्षणिक संस्थान एवं औद्योगिक प्रतिष्ठान बंद रहेंगे। इसके अतिरिक्त औद्योगिक विवाद अधिनियम के अंतर्गत आने वाले संस्थानों सहित संबंधित पंचायत क्षेत्रों में स्थित दुकानें एवं अन्य वाणिज्यिक प्रतिष्ठान भी उपरोक्त तिथियों पर बंद रहेंगे। उपायुक्त ने बताया कि यह अवकाश दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों पर भी लागू होगा तथा इसे परक्राम्य लिखत अधिनियम, 1881 की धारा 25 के अंतर्गत मान्य सवैतनिक अवकाश माना जाएगा।

# अंब कॉलेज के पांच विद्यार्थी बने अग्निवीर



भारतीय सेना में बतौर अग्निवीर चयनित हुए युवक कॉलेज प्रशासन के साथ। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**अंब।** महाराणा प्रताप राजकीय महाविद्यालय अम्ब के लिए गौरव का क्षण सामने आया है। महाविद्यालय की एनसीसी इकाई के 5 कैडेट्स का चयन भारतीय सेना में अग्निवीर क्लर्क के पद पर हुआ है। चयनित कैडेट्स में जसविंदर सिंह, दिव्यांशु, भानु, अमन और विशाल शामिल हैं। इन सभी कैडेट्स की इस उपलब्धि पर महाविद्यालय परिसर में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. दर्शन कुमार एवं एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट अनिल वर्मा ने सभी चयनित कैडेट्स को सम्मानित किया।

प्राचार्य प्रो. दर्शन कुमार ने सभी सफल कैडेट्स व उनके परिवारजनों को बधाई देते हुए कहा कि यह पूरे महाविद्यालय के लिए गर्व की बात है। उन्होंने कैडेट्स के उज्ज्वल भविष्य की कामना की और देश सेवा के लिए शुभाशीष दिया। एएनओ लेफ्टिनेंट अनिल वर्मा ने बताया कि एनसीसी प्रशिक्षण के दौरान कैडेट्स ने अनुशासन, कर्तव्यनिष्ठा और देशभक्ति का जो जज्बा दिखाया, उसी का परिणाम है कि आज वे सेना का हिस्सा बनने जा रहे हैं। उन्होंने अन्य विद्यार्थियों को भी एनसीसी से जुड़कर राष्ट्रसेवा के लिए प्रेरित किया।

चयनित कैडेट्स ने अपनी सफलता का श्रेय कॉलेज के प्राचार्य, एएनओ तथा महाविद्यालय के शिक्षकों के मार्गदर्शन को दिया है।

## बंगाणा के रायपुर में युवाओं ने की जलसेवा

**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** बंगाणा के गांव रायपुर मैदान में युवाओं द्वारा जलसेवा अभियान चलाकर राहगीरों और आम लोगों को ठंडा पानी पिलाया गया। युवाओं की इस सराहनीय पहल से राहगीरों को गर्मी से काफी राहत मिली। स्थानीय लोगों ने युवाओं के इस सेवा भाव की प्रशंसा करते हुए इसे समाज के लिए प्रेरणादायक कदम बताया। युवाओं ने बताया कि बढ़ती गर्मी को देखते हुए उन्होंने मिलकर यह जलसेवा शुरू की ताकि आने-जाने वाले लोगों को राहत मिल सके। इस दौरान राहगीरों को ठंडा पानी, शरबत आदि वितरित किया गया। पूरे दिन युवाओं ने उत्साहपूर्वक सेवा कार्य में भाग लिया। इस जलसेवा अभियान में रोहित शर्मा, विशाल ठाकुर, अंकित कुमार, राहुल चौहान, सौरभ शर्मा, नितिन वर्मा, अजय कुमार, दीपक ठाकुर, मोहित शर्मा और विकास कुमार सहित कई युवा उपस्थित रहे। स्थानीय लोगों ने कहा कि ऐसे सामाजिक कार्यों से समाज में सेवा और सहयोग की भावना मजबूत होती है।

# पंचायत चुनावों में भी कांग्रेस की होगी करारी हार : भाजपा

अनंत ज्ञान

**ऊना।** भारतीय जनता पार्टी के सेवानिवृत प्रकोष्ठ ऊना मंडल के नेताओं ने हिमाचल प्रदेश की कांग्रेस सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए दावा किया है कि नगर निकाय चुनावों के बाद अब पंचायत चुनावों में भी कांग्रेस को करारी हार का सामना करना पड़ेगा।

संयुक्त बयान में संयोजक राजीव वशिष्ट, पूर्व कर्मचारी नेता यशपाल रायजादा, प्रकाश ठाकुर, कुलदीप दयाल, किशन चंद, अजय पराशर और शिव मैहन ने कहा कि प्रदेश की जनता कांग्रेस सरकार की जनविरोधी नीतियों से पूरी तरह तंग आ चुकी है और आने वाले पंचायत चुनावों में इसका जवाब वोट की ताकत से देगी। नेताओं ने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने सत्ता में आने से पहले कर्मचारियों, पेंशनरों, युवाओं, महिलाओं और आम जनता से बड़े-बड़े वादे किए थे, लेकिन सरकार बनने के बाद उन वादों को पूरी तरह भुला दिया गया। उनका कहना था कि आज प्रदेश का हर वर्ग अपने आपको ठगा हुआ महसूस कर रहा है।

भाजपा नेताओं ने कहा कि कर्मचारियों और पेंशनरों को उनका हक नहीं मिल पा रहा है, जिसके कारण उन्हें धरना-प्रदर्शन करने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। उन्होंने इसे कांग्रेस सरकार की विफलता का सबसे बड़ा प्रमाण बताया। उन्होंने प्रदेश में बढ़ती महंगाई और बिजली दरों में लगातार बढ़ोतरी को लेकर भी सरकार को घेरा। नेताओं का कहना था कि आम आदमी के लिए घर चलाना मुश्किल होता जा रहा है।

# भीषण गर्मी से तप रहा बिलासपुर

## पांच दिनों में 4 डिग्री चढ़ा पारा, बाजारों में लोगों की आवाजाही हुई कम

अनंत ज्ञान



**अरुण डोगरा रीतू, बिलासपुर।** हिमाचल प्रदेश का बिलासपुर जिला इन दिनों भीषण गर्मी की चपेट में है। पिछले पांच दिनों के दौरान लगातार बढ़ते तापमान ने लोगों की दिनचर्या पूरी तरह प्रभावित कर दी है। सुबह 9 बजे के बाद ही सड़कों पर गर्म हवाएं चलने लगती हैं और दोपहर होते-होते हालात लू जैसे बन जाते हैं। बाजारों में दोपहर के समय लोगों की आवाजाही कम हो गई है, जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में खेतों में काम करने वाले लोगों को भी भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

मौसम विभाग के अनुसार निचले हिमाचल में इस बार मई महीने में तापमान सामान्य से काफी अधिक दर्ज किया जा रहा है। पहले ऊना जिला को अधिक गर्म माना जाता था, लेकिन अब बिलासपुर भी इसी श्रेणी में शामिल हो गया है। पिछले वर्ष मई के इसी दौर में जहां बिलासपुर का अधिकतम तापमान 34 से 36 डिग्री सेल्सियस के बीच बना हुआ था, वहीं इस बार तापमान 36 से 39 डिग्री तक पहुंच गया है।

विशेषज्ञों का मानना है कि बारिश की कमी और लगातार सूखे मौसम के कारण तापमान तेजी से बढ़ा है। मई के शुरुआती दिनों में हुई बारिश के बाद अचानक मौसम साफ होने से धरती में नमी कम हो गई और गर्मी का असर कई गुना बढ़ गया। मौसम विभाग ने आने वाले दिनों में भी तेज गर्मी जारी रहने की संभावना जताई है।

अस्पतालों में भी गर्मी से संबंधित समस्याओं वाले मरीजों की संख्या बढ़ने लगी है। डॉक्टरों ने लोगों को दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक धूप में बाहर निकलने से बचने, अधिक पानी पीने तथा बच्चों और बुजुर्गों का विशेष ध्यान रखने की सलाह दी है। दूसरी ओर बिजली और पानी की मांग भी तेजी से बढ़ने लगी है, जिससे कई इलाकों में लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

**पिछले 5 दिनों का तापमान**

| | |
|---|---|
| 17 मई | 35एसी |
| 18 मई | 36एसी |
| 19 मई | 37एसी |
| 20 मई | 38एसी |
| 21 मई | 39एसी |

**पिछले वर्ष इसी अवधि का तापमान**

| | |
|---|---|
| 17 मई 2025 | 34एसी |
| 18 मई 2025 | 37एसी |
| 19 मई 2025 | 37एसी |
| 20 मई 2025 | 38एसी |
| 21 मई 2025 | 38एसी |

## बिलासपुर में 24 व 31 मई को लगेगी एचपीवी वैक्सीन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. शशि दत्त शर्मा ने बताया कि जिला बिलासपुर में एचपीवी वैक्सीन का विशेष अभियान 24 और 31 मई को आयोजित किया जाएगा। इस अभियान के तहत 14 से 15 वर्ष आयु वर्ग की बच्चियों को टीका लगाया जाएगा। उन्होंने अभिभावकों से अपील करते हुए कहा कि वे अपनी बच्चियों को यह वैक्सीन अवश्य लगवाएं, क्योंकि यह बच्चेदानी के मुंह के कैंसर (सर्वाइकल कैंसर) से बचाव में अत्यंत प्रभावी मानी जाती है।

डॉ. शर्मा ने कहा कि एचपीवी वैक्सीन पूरी तरह सुरक्षित और लाभकारी है। उन्होंने लोगों से किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न देने का आग्रह करते हुए स्वास्थ्य विभाग के इस अभियान में सहयोग करने की अपील की।

उन्होंने कहा कि बच्चियों के स्वस्थ और सुरक्षित भविष्य के लिए यह एक महत्वपूर्ण कदम है तथा सभी अभिभावकों को इस अवसर का लाभ उठाना चाहिए।

# विश्व मानव कल्याण संस्थान ने बढ़ती सामाजिक चुनौतियों पर जताई चिंता

अनंत ज्ञान

◆ राष्ट्रीय अध्यक्ष पांडेय बोले- मानवता संस्कार और सामाजिक एकता को बचाना आज सबसे बड़ी आवश्यकता

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** देश में तेजी से बदलते सामाजिक परिवेश, बढ़ती मानसिक तनाव की घटनाओं, पारिवारिक विघटन और युवाओं में बढ़ती नशे की प्रवृत्ति को लेकर विश्व मानव कल्याण संस्थान के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. तेज प्रताप पांडेय ने गहरी चिंता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि आधुनिकता की अंधी दौड़ में समाज मानवीय मूल्यों और संस्कारों से दूर होता जा रहा है, जिसका दुष्प्रभाव आने वाली पीढ़ियों पर साफ दिखाई दे रहा है।



डॉ. पांडेय ने कहा कि आज तकनीक ने जीवन को आसान जरूर बनाया है, लेकिन इंसानों के बीच भावनात्मक दूरी भी बढ़ा दी है। परिवारों में संवाद कम हो रहा है और युवा वर्ग मोबाइल तथा सोशल मीडिया की आभासी दुनिया में उलझता जा रहा है। उन्होंने कहा कि यदि समय रहते समाज को जागरूक नहीं किया गया तो आने वाले समय में सामाजिक ताना-बाना और अधिक कमजोर हो सकता है। उन्होंने वर्तमान समय में बढ़ रहे साइबर अपराध, नशाखोरी, अवसाद और हिंसा जैसी घटनाओं को गंभीर सामाजिक चेतावनी बताते हुए कहा कि केवल सरकारों के भरोसे समाज नहीं बदल सकता। इसके लिए सामाजिक संगठनों, शिक्षण संस्थानों, अभिभावकों और युवाओं को मिलकर आगे आना होगा। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि विश्व मानव कल्याण संस्थान देशभर में जागरूकता अभियान, नैतिक शिक्षा कार्यक्रम, युवा संवाद और सामाजिक समरसता से जुड़े आयोजन शुरू करने जा रहा है, ताकि समाज में सकारात्मक सोच और मानवता के मूल्यों को मजबूत किया जा सके।

उन्होंने युवाओं का आह्वान करते हुए कहा कि वे नशे और नकारात्मक प्रवृत्तियों से दूर रहकर राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका निभाएं। डॉ. पांडेय ने कहा कि जिस समाज में संवेदनाएं जीवित रहती हैं, वही समाज मजबूत और समृद्ध बनता है।

## घुमारवीं में युवक की संदिग्ध मौत कमरे से सड़ी-गली लाश बरामद

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** बिलासपुर जिले के घुमारवीं उपमंडल में एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत से इलाके में सनसनी फैल गई। उसका शव ग्राम पंचायत सेऊ स्थित पुश्तैनी मकान के कमरे में सड़ी-गली हालत में बरामद हुआ। स्थानीय लोगों को जब घर से तेज दुर्गंध आने लगी तो उन्होंने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने दरवाजा खुलवाकर शव को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेजा। प्रारंभिक जांच में नशे की ओवरडोज को संभावित कारण माना जा रहा है, हालांकि पुलिस ने कहा है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही स्थिति स्पष्ट होगी।

## उपायुक्त ने अधिकारियों व कर्मचारियों को दिलाई आतंकवाद विरोधी दिवस पर शपथ

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** आतंकवाद विरोधी दिवस के अवसर पर बचत भवन बिलासपुर में शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान उपायुक्त राहुल कुमार ने अधिकारियों और कर्मचारियों को आतंकवाद एवं हिंसा के विरुद्ध शपथ दिलाई। कार्यक्रम में सभी उपस्थित अधिकारियों व कर्मचारियों ने देश की अहिंसा, सहनशीलता और सामाजिक सद्भाव की परंपरा में विश्वास व्यक्त करते हुए आतंकवाद और हिंसा का डटकर विरोध करने का संकल्प लिया। उपायुक्त ने कहा कि आतंकवाद मानवता के लिए गंभीर खतरा है और इसके खिलाफ समाज के हर वर्ग को एकजुट होकर कार्य करने की आवश्यकता है। उन्होंने आपसी भाईचारे, सौहार्द और राष्ट्रीय एकता को मजबूत करने पर जोर दिया।

## तलाई में कार से 13.9 ग्राम चिट्टे समेत दो गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** जिला बिलासपुर के थाना तलाई पुलिस ने गश्त के दौरान बड़ी कार्रवाई करते हुए एक कार से 13.9 ग्राम चिट्टा/हेरोइन बरामद कर दो युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार 20 मई को थाना तलाई के प्रभारी निरीक्षक पुलिस टीम के साथ क्षेत्र में गश्त पर थे। इस दौरान जब पुलिस टीम बाघछाल क्षेत्र में पहुंची तो वहां एक सुनसान स्थान पर सफेद रंग की कार नंबर एचपी74बी-0253 खड़ी मिली, जिसमें दो व्यक्ति बैठे हुए थे। पुलिस ने संदेह के आधार पर दोनों से पूछताछ की।

चालक ने अपनी पहचान आशीष कुमार पुत्र रत्न चंद निवासी लदरौर, जिला हमीरपुर के रूप में बताई, जबकि दूसरे व्यक्ति ने अपना नाम पंकज कुमार पुत्र दुनी चंद निवासी भदरेट, जिला बिलासपुर बताया। पुलिस द्वारा गाड़ी की तलाशी लेने पर कार के स्टीरियो बॉक्स के अंदर छिपाकर रखा गया 13.9 ग्राम चिट्टा/हेरोइन बरामद हुआ। इसके बाद पुलिस ने दोनों आरोपियों को मौके पर गिरफ्तार कर लिया। थाना तलाई में आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पुलिस मामले की गहन जांच में जुटी हुई है।

# एम्स बिलासपुर के पीजी छात्रों ने एचपी आइकॉन-2026 में जीते सम्मान



विजेताओं को पुरस्कृत करते मुख्य अतिथि। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, बिलासपुर।** एम्स बिलासपुर के ईएनटी विभाग के स्नातकोत्तर छात्रों ने 23वें एच पी आइकॉन -2026 सम्मेलन में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर संस्थान का नाम रोशन किया। यह सम्मेलन 1 और 2 मई 2026 को लाल बहादुर शास्त्री सरकारी मेडिकल कॉलेज, नेरचौक (मंडी) में आयोजित हुआ।

सम्मेलन के दौरान आयोजित पीजी क्विज प्रतियोगिता में डॉ. एषु कुमार और डॉ. शुभम शर्मा की टीम ने प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता में उत्तर भारत के विभिन्न प्रतिष्ठित मेडिकल कॉलेजों का प्रतिनिधित्व करने वाली सात टीमों ने भाग लिया था। दोनों छात्रों ने अपनी अकादमिक उत्कृष्टता और क्लिनिकल ज्ञान से एआईएमएस बिलासपुर का गौरव बढ़ाया। इसके अतिरिक्त, हैंड्स-ऑन काडावरिक राइनोप्लास्टी विच्छेदन सत्र में डॉ. शुभम शर्मा को उनके नवाचारी दृष्टिकोण, शल्य कौशल और सटीकता के लिए 'सर्वश्रेष्ठ विच्छेदक' चुना गया। इस सत्र में विभिन्न संस्थानों के छह प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया था।

सम्मेलन में वैज्ञानिक प्रस्तुतियां, अकादमिक विचार-विमर्श और हैंड्स-ऑन काडावरिक विच्छेदन सत्र आयोजित किए गए, जिनमें लगभग 100 प्रतिनिधियों ने भाग लिया। एआईएमएस बिलासपुर ने दोनों स्नातकोत्तर स्टूडेंट्स की इस उपलब्धि पर उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल शैक्षणिक और शल्य चिकित्सा भविष्य की कामना की है।

## चोर तीन घरों से गहने व नकदी लेकर हुए फरार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** ग्राम पंचायत औहर के गांव पलथी व दडयाणा में बीती रात को अज्ञात चोरों ने सेंध लगाकर लाखों रुपए के गहने व नकदी लेकर फरार हो गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार दड़याणा गांव के बली राम के घर में नकाबपोश चोरों ने मकान के पिछली तरफ ग्लेज की ग्रिल को तोड़कर मकान के अंदर घुसे और बुजुर्ग दंपती को कुंडा लगाकर बंद कर दिया। उसके उपरांत उन्होंने चोरी को अंजाम दिया तथा घर में रखें नकद पचास हजार रुपए, लाखो रुपए के सोने के गहने लेकर फरार हो गए। ऐसी ही वारदात विजय कुमार पुत्र तुलसीराम के घर में हुई जहां चोरों ने खिड़की की ग्रिल निकालकर मकान के अंदर घुसे तथा सभी कमरों के बेड बॉक्स व अलमारी को खोलकर सारा सामान इधर-उधर फेंक कर पैसे व गहनों की तलाशी की, लेकिन उन्होंने अपने गहने लॉकर में रखे हुए थे जिस कारण बड़ा हादसा होने से टल गया। चोरी को अंजाम देने वाले तीन चोरों को सीसीटीवी कैमरे में भी देखा गया। जिन्होंने हाथ में लोहे के रौड लिए हुए थे तथा मुंह पर नकाब पहना हुआ था, इसके उपरांत सुरेश कुमार के घर में भी चोरी का प्रयास किया गया, लेकिन परिजनों की सतर्कता को देखते हुए वह चोरी करने में नाकाम हुए। जैसे ही परिजन आवाज होने पर उठे तो चोर भाग गए। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

# वरिष्ठ नागरिक सभा ने उठाए शहर की समस्याओं के मुद्दे

अनंत ज्ञान



बैठक में उपस्थित वरिष्ठ नागरिक। अनंत ज्ञान

◆ ऐतिहासिक बावड़ी, जर्जर सड़कें और भारी स्कूल बैगों पर जताई चिंता

**ब्यूरो, बिलासपुर।** बिलासपुर की अग्रणी सामाजिक संस्था वरिष्ठ नागरिक सभा की मासिक बैठक रौड़ा सेक्टर स्थित वरिष्ठ नागरिक सभागार में कार्यकारी प्रधान राजकुमार टाडू की अध्यक्षता में आयोजित हुई। मंच संचालन महासचिव मस्तराम वर्मा ने किया। बैठक में हाल ही में दिवंगत सदस्यों एवं नागरिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

सभा ने रेलवे द्वारा लुहणु मैदान की ऐतिहासिक बावड़ी को क्षतिग्रस्त किए जाने और धौलरा मार्ग पर अतिक्रमण से लोगों को हो रही परेशानी पर रोष जताया। सदस्यों ने चिलिंग प्लांट से औद्योगिक क्षेत्र तक की जर्जर सड़क की शीघ्र मरम्मत व चौड़ीकरण की मांग उठाई। सभा ने मुख्यमंत्री का चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को वित्तीय लाभ देने पर आभार जताते हुए लंबित चिकित्सा बिलों और सेवानिवृत्त कर्मचारियों के बकाया लाभ जारी करने की मांग की। बैठक में शहर में चल रहे सीवरेज कार्य की धीमी गति और उखड़ी सड़कों से लोगों को हो रही असुविधा पर भी चिंता व्यक्त की गई।

सभा ने स्कूल बच्चों के भारी बस्तों को उनके स्वास्थ्य के लिए हानिकारक बताते हुए केंद्र व प्रदेश सरकार से प्रभावी कदम उठाने की मांग की। बैठक में ओमप्रकाश गर्ग, शशिबाला, कांता शर्मा, रक्षा टाडू, इंदिरा कपिल, राजपाल सरीन, ई. मनमोहन भंडारी, ई. प्रेमलाल पराशर, कीर्तिधर गौतम, बाबूराम शर्मा, ओमप्रकाश शर्मा, जीतराम सुमन, राजेंद्र शर्मा, राजेंद्र चंदेल, अरुण शर्मा, ओंकार गुलेरिया, कृष्णलाल, अब्दुल मजीद, रछपाल सिंह, कमांडेंट सुरेंद्र शर्मा, कमांडेंट नवल किशोर, सुभाष चंद्र, सुमन कुमार, देवेश्वर गौतम, रामस्वरूप शर्मा, ओंकार कपिल, नरोत्तम दत्त आदि उपस्थित रहे।

# मौलिक कर्तव्यों का पालन करना हर नागरिक की नैतिक जिम्मेदारी: भूमि

## अधिकार जानो, कर्तव्य निभाओ: असेंट स्कूल पद्धर में मानवाधिकारों पर जागरुकता का संदेश

अनंत ज्ञान

**पद्धर।** असेंट वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला पद्धर में विद्यार्थियों को मानवाधिकारों, मौलिक अधिकारों एवं कर्तव्यों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से एक विशेष कानूनी साक्षरता एवं मानवाधिकार व्याख्यान का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में क्षेत्र की प्रख्यात अधिवक्ता भूमि ने मुख्य वक्ता के रूप में भाग लेकर विद्यार्थियों को संविधान, अधिकारों और नागरिक जिम्मेदारियों की विस्तृत जानकारी दी। इस दौरान उनकी टीम सदस्य शलोनी भी विशेष रूप से उपस्थित रहीं। विद्यालय प्रबंधन एवं प्रधानाचार्य ने मुख्य अतिथियों का गर्मजोशी से स्वागत किया। अपने प्रेरणादायक संबोधन में अधिवक्ता भूमि ने कहा कि मानवाधिकार केवल अधिकार प्राप्त करने का माध्यम नहीं, बल्कि समाज के प्रति जिम्मेदारी समझने का भी आधार हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को भारतीय संविधान द्वारा प्रदत्त मौलिक अधिकारों की जानकारी देते हुए कहा कि अधिकारों के साथ-साथ मौलिक कर्तव्यों का पालन करना भी हर नागरिक की नैतिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि यदि युवा पीढ़ी बचपन से ही कानून, संविधान और नागरिक जिम्मेदारियों के प्रति सजग होगी तो देश का भविष्य और अधिक मजबूत एवं सशक्त बनेगा। अधिवक्ता भूमि ने विद्यार्थियों को अनुशासन, जागरूकता और सामाजिक जिम्मेदारी को जीवन का हिस्सा बनाने का संदेश दिया। कार्यक्रम के समापन पर विद्यालय के प्रधानाचार्य ने अधिवक्ता भूमि एवं उनकी टीम का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के ज्ञानवर्धक आयोजन विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास में अहम भूमिका निभाते हैं। उन्होंने मुख्य वक्ता को विद्यालय की ओर से स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित भी किया। इस अवसर पर स्कूल का समस्त शिक्षक एवं गैर-शिक्षक स्टाफ सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।



अधिवक्ता भूमि ने विद्यार्थियों को जिम्मेदार नागरिक बनने के दिए टिप्स। अनंत ज्ञान

## भरमौर में करवाया 430 अधिकारियों कर्मचारियों को दूसरा चुनावी पूर्वाभ्यास

**अनंत ज्ञान, भरमौर।** पंचायतीराज संस्थाओं के सामान्य चुनाव-2026 को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न करवाने के उद्देश्य से वीरवार को राजकीय महाविद्यालय भरमौर में दूसरे चरण का चुनावी पूर्वाभ्यास आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता उपमंडल अधिकारी भरमौर एवं रिटर्निंग अधिकारी विकास शर्मा ने की। पूर्वाभ्यास में कुल 430 अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भाग लिया, जिनमें 6 सेक्टर ऑफिसर, 31 सहायक रिटर्निंग अधिकारी, 88 पीठासीन अधिकारी, 263 मतदान अधिकारी तथा 42 रिजर्व स्टाफ शामिल रहे। इस दौरान चुनाव ड्यूटी में तैनात कर्मचारियों को मतदान प्रक्रिया के विभिन्न चरणों की व्यवहारिक एवं विस्तृत जानकारी दी गई। जिला विकास अधिकारी तविंदर कुमार ने उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि चुनाव लोकतांत्रिक व्यवस्था का महत्वपूर्ण आधार हैं और निर्वाचन प्रक्रिया में प्रत्येक कर्मचारी की भूमिका बेहद अहम होती है। उन्होंने सभी कर्मचारियों से प्रशिक्षण के दौरान दी जा रही जानकारी को गंभीरता से ग्रहण करने तथा अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन पूरी निष्ठा, सजगता एवं पारदर्शिता के साथ करने का आह्वान किया। उपमंडल अधिकारी भरमौर एवं रिटर्निंग अधिकारी विकास शर्मा ने बताया कि भरमौर विकास खंड में आगामी 26 और 28 मई को मतदान करवाया जाएगा। मतदान प्रक्रिया सुबह 7 बजे से सायं 3 बजे तक संपन्न होगी। उन्होंने बताया कि पूर्वाभ्यास के दौरान मतदान केंद्रों पर अपनाई जाने वाली प्रक्रियाओं, निर्वाचन सामग्री के प्रबंधन तथा अन्य आवश्यक दिशा-निर्देशों की भी जानकारी दी गई। इस अवसर पर तहसीलदार भरमौर तेज राम भारद्वाज, तहसीलदार होली अजय कुमार सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# आतंकवाद और हिंसा का डटकर विरोध करने का लिया संकल्प


आतंकवाद और हिंसा के खिलाफ दिलाई शपथ। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**चंबा।** उपायुक्त कार्यालय परिसर में अतिरिक्त उपायुक्त अमित मैहरा ने उपायुक्त कार्यालय के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आतंकवाद एवं हिंसा के विरुद्ध शपथ दिलाई।

शपथ के दौरान सभी ने देश की अहिंसा एवं सहनशीलता की परंपरा में दृढ़ विश्वास व्यक्त करते हुए सभी प्रकार के आतंकवाद और हिंसा का डटकर विरोध करने का संकल्प लिया। साथ ही मानव जाति के सभी वर्गों के बीच शांति, सामाजिक सद्भाव तथा सूझबूझ कायम रखने और मानव जीवन मूल्यों को खतरा पहुंचाने वाली विघटनकारी शक्तियों से लड़ने का भी संकल्प लिया गया।

अतिरिक्त उपायुक्त ने कहा कि आतंकवाद और हिंसा समाज तथा राष्ट्र की एकता और अखंडता के लिए गंभीर चुनौती हैं। उन्होंने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों से आपसी भाईचारे, शांति और सद्भाव बनाए रखने में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।

## कांग्रेस नेता बोले- देश को नई सोच, नई तकनीक और युवाओं को नई दिशा देने वाले नेता थे राजीव गांधी

अनंत ज्ञान

**चंबा।** जिला मुख्यालय चंबा में भारत के पूर्व प्रधानमंत्री राहुल गांधी की पुण्यतिथि श्रद्धा, सम्मान और भावुक वातावरण के बीच मनाई गई। इस अवसर पर कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए देश के विकास, आधुनिक भारत की परिकल्पना और युवाओं को नई दिशा देने में उनके ऐतिहासिक योगदान को याद किया। श्रद्धांजलि कार्यक्रम में पूर्व शिक्षा मंत्री आशा कुमारी, सदर विधायक नीरज नैय्यर , जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुरजीत शर्मा भरमौरी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी नेताओं ने राजीव गांधी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया और उनके विचारों को देश के लिए प्रेरणास्रोत बताया। वक्ताओं ने कहा कि राजीव गांधी ने देश को आधुनिक सोच, वैज्ञानिक दृष्टिकोण और सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में नई पहचान दिलाने का कार्य किया। उन्होंने पंचायती राज व्यवस्था को मजबूत बनाकर गांवों तक लोकतंत्र की शक्ति पहुंचाई तथा युवाओं को देश निर्माण में सक्रिय भागीदारी का अवसर प्रदान किया।

पूर्व शिक्षा मंत्री आशा कुमारी ने कहा कि राजीव गांधी दूरदर्शी नेतृत्व के प्रतीक थे, जिन्होंने भारत को इक्कीसवीं सदी की ओर ले जाने का सपना देखा। सदर विधायक नीरज नैय्यर ने कहा कि आज देश जिस डिजिटल और तकनीकी विकास की राह पर आगे बढ़ रहा है, उसकी मजबूत नींव राजीव गांधी ने ही रखी थी। वहीं जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुरजीत शर्मा भरमौरी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी आज भी राजीव गांधी के आदर्शों और जनसेवा की भावना को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है।


जिला मुख्यालय चंबा में पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का किया आयोजन। अनंत ज्ञान

## देशहित में त्याग जरूरी, लेकिन नियम सबके लिए समान हों: अजय

अनंत ज्ञान

**चंबा।** आम आदमी पार्टी हिमाचल प्रदेश के जिला चंबा संयोजक अजय अटवाल ने देश में चल रही आर्थिक चुनौतियों और बचत संबंधी अपीलों को लेकर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि देशहित में त्याग और संयम की भावना का आम आदमी हमेशा सम्मान करता है, लेकिन इसके नियम सभी के लिए समान रूप से लागू होने चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा सोना कम खरीदने, पेट्रोल बचाने और अनावश्यक खर्चों में कटौती की अपील गलत नहीं है, क्योंकि देश मुश्किल परिस्थितियों से गुजर रहा है और ऐसे समय में जनता हमेशा देश के साथ खड़ी रहती है। लेकिन अब देशभर में लोग यह सवाल भी पूछ रहे हैं कि क्या त्याग केवल आम नागरिक ही करेगा या फिर वीआईपी संस्कृति और नेताओं के खर्चों में भी कमी लाई जाएगी। अजय अटवाल ने कहा कि आम जनता पहले ही महंगाई, बेरोजगारी और बढ़ते खर्चों का बोझ झेल रही है। ऐसे में यदि सरकार सादगी और बचत की बात करती है तो नेताओं के बड़े काफिले, सरकारी फिजूलखर्ची और विशेष सुविधाओं पर भी नियंत्रण दिखाई देना चाहिए। उन्होंने कहा कि जनता त्याग करने को तैयार है, लेकिन त्याग तभी प्रभावशाली लगता है जब सत्ता और आम नागरिक दोनों पर एक जैसे नियम लागू हों।



उन्होंने आगे कहा कि देश को मजबूत बनाने के लिए पारदर्शिता, जवाबदेही और समानता बेहद जरूरी है। आज की जागरूक जनता केवल भाषण नहीं, बल्कि नेतृत्व के व्यवहार में भी सादगी और ईमानदारी देखना चाहती है।

# नगर परिषद चुनावों ने दिया बड़ा संदेश : अब नारे नहीं, जमीनी नेतृत्व पर भरोसा: शिशु गुप्ता

अनंत ज्ञान

**चंबा।** हिमाचल प्रदेश में हाल ही में संपन्न हुए नगर परिषद एवं नगर पंचायत चुनावों के परिणामों को लेकर राजनीतिक विश्लेषक शिशु गुप्ता ने महत्वपूर्ण प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि इन चुनावों ने साफ कर दिया है कि प्रदेश की जनता अब केवल राजनीतिक दलों के नाम पर मतदान नहीं कर रही, बल्कि स्थानीय नेतृत्व, जनसंपर्क और कार्यशैली को अधिक महत्व दे रही है।

उन्होंने कहा कि नगर निकाय चुनावों को किसी भी राजनीतिक दल के भविष्य का अंतिम पैमाना मानना उचित नहीं होगा, क्योंकि ऐसे चुनाव मुख्य रूप से स्थानीय मुद्दों, व्यक्तिगत प्रभाव, सामाजिक व्यवहार और उम्मीदवार की उपलब्धता पर आधारित होते हैं। शिशु गुप्ता ने कहा कि इन चुनावों में कांग्रेस को सत्ता में होने का मनोवैज्ञानिक लाभ अवश्य मिला और कई क्षेत्रों में उसने अपनी पकड़ बनाए रखी, वहीं भाजपा ने भी विपक्ष में रहते हुए संगठनात्मक मजबूती और कार्यकर्ता आधारित चुनाव प्रबंधन के दम पर शहरी क्षेत्रों में प्रभावशाली उपस्थिति दर्ज करवाई।



उन्होंने कहा कि चुनाव परिणामों का सबसे अहम संदेश यह रहा कि हिमाचल की जनता आज भी व्यक्ति विशेष के व्यवहार, कार्य और क्षेत्र में सक्रियता को दलगत राजनीति से ऊपर रखती है। यही कारण रहा कि कई स्थानों पर निर्दलीय एवं स्थानीय प्रभाव वाले उम्मीदवारों ने बड़े राजनीतिक दलों के समीकरण तक बदल दिए। राजनीतिक विश्लेषक ने स्पष्ट किया कि नगर परिषद चुनावों को सीधे विधानसभा या लोकसभा चुनावों का संकेत मानना राजनीतिक दृष्टि से पूरी तरह उचित नहीं कहा जा सकता। हालांकि इन परिणामों ने दोनों प्रमुख दलों को यह स्पष्ट संदेश अवश्य दिया है कि अब जनता केवल बड़े-बड़े नारों से प्रभावित नहीं होगी, बल्कि धरातल पर काम करने वाले नेतृत्व को ही भविष्य में स्वीकार करेगी।

उन्होंने कहा कि हिमाचल की राजनीति में अब जनविश्वास का आधार केवल पार्टी नहीं, बल्कि स्थानीय स्तर पर किया गया वास्तविक कार्य और जनता के बीच सक्रिय मौजूदगी बनती जा रही है।

# एसएएस नगर में ईंधन व एलपीजी की कोई कमी नहीं : डिप्टी कमिश्नर



अनंत ज्ञान

**गुरनाम सागर, मोहाली।** डिप्टी कमिश्नर कोमल मित्तल ने वीरवार को स्पष्ट किया कि जिला एसएएस नगर में पेट्रोलियम उत्पादों तथा घरेलू एलपीजी गैस की कोई कमी नहीं है और लोगों से अपील की कि वे घबराहट में आकर अनावश्यक खरीदारी या ईंधनों की जमाखोरी न करें। जिला प्रशासनिक परिसर में पेट्रोल पंप डीलरों तथा घरेलू गैस कंपनियों के प्रतिनिधियों और सेल्स मैनेजरों के साथ बैठक की अध्यक्षता करते हुए डिप्टी कमिश्नर ने जिले में पेट्रोल, डीजल और एलपीजी सिलेंडरों की उपलब्धता एवं आपूर्ति स्थिति की समीक्षा की।

उन्होंने बताया कि पेट्रोल, डीजल और एलपीजी के पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध हैं तथा जिले के सभी क्षेत्रों में नियमित आपूर्ति जारी है। उन्होंने संबंधित कंपनियों और डीलरों को निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने तथा किसी भी प्रकार की कृत्रिम कमी या कालाबाजारी पर कड़ी निगरानी रखने के निर्देश दिए। श्रीमती मित्तल ने लोगों से ईंधनों का विवेकपूर्ण उपयोग करने तथा पेट्रोल पंपों और गैस एजेंसियों पर अनावश्यक भीड़ न लगाने की अपील की। उन्होंने कहा कि ईंधनों की कमी संबंधी अफवाहों पर विश्वास न किया जाए और न ही उन्हें फैलाया जाए, क्योंकि जिला प्रशासन द्वारा स्थिति पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। डिप्टी कमिश्नर ने आगे बताया कि सभी पेट्रोल पंपों और गैस एजेंसियों को सुचारू वितरण सुनिश्चित करने तथा आपूर्ति या स्टॉक से संबंधित किसी भी समस्या की तुरंत सूचना देने के निर्देश जारी किए गए हैं।

## टाटा मोटर्स फाउंडेशन का ग्रामीण विकास कार्यक्रम 200 गांवों तक पहुंचा

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़/लुधियाना।** टाटा मोटर्स फाउंडेशन ने अपने इंटीग्रेटेड विलेज डेवलपमेंट प्रोग्राम का विस्तार करते हुए इसे देशभर के करीब 200 गांवों तक पहुंचा दिया है। यह कार्यक्रम फिलहाल 5 राज्यों की 103 ग्राम पंचायतों में चल रहा है और आदिवासी व कृषि-प्रधान क्षेत्रों में सामुदायिक भागीदारी के जरिए ग्रामीण विकास को गति दे रहा है।

वित्त वर्ष 2025-26 में इस कार्यक्रम से 1.15 लाख से अधिक लोगों को लाभ मिला है। साथ ही लगभग 20 करोड़ रुपए मूल्य की 50 सरकारी कल्याणकारी योजनाओं के साथ तालमेल बनाकर जमीनी स्तर पर प्रशासनिक व्यवस्था और संस्थागत ढांचे को मजबूत किया गया है।

टाटा मोटर्स फाउंडेशन के सीईओ विनोद कुलकर्णी ने कहा कि यह कार्यक्रम सरकारी योजनाओं, पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप और सामुदायिक भागीदारी की ताकत का उदाहरण है। उन्होंने कहा कि टिकाऊ ग्रामीण विकास तभी संभव है जब समुदाय खुद जिम्मेदारी संभाले और व्यवस्थाएं मजबूत हों। कार्यक्रम का सात-स्तरीय ढांचा समस्याओं की पहचान, न्यूनतम हस्तक्षेप, भरोसा निर्माण, सामुदायिक स्वामित्व और आत्मनिर्भरता पर केंद्रित है। फाउंडेशन का लक्ष्य ऐसा मॉडल विकसित करना है जिसे बड़े पैमाने पर लागू किया जा सके और जो सरकारी नीतियों व कल्याणकारी योजनाओं से जुड़ा हो।

# सीजीसी यूनिवर्सिटी मोहाली ने यंग इंडियंस के साथ किया एमओयू



अनंत ज्ञान

**मोहाली।** उद्योग और शिक्षा जगत के बीच सहयोग को बढ़ावा देने की दिशा में सीजीसी यूनिवर्सिटी मोहाली के स्कूल ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज ने यंग इंडियंस, जो कि कॉन्फेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्री की एक प्रमुख पहल है, के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं।

यह समझौता 'मैनेजमेंट समिट 2026' के दौरान विश्वविद्यालय परिसर में संपन्न हुआ। इस पर स्कूल ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज़ की डीन प्रो. उमा पी जैदेव और यंग इंडियंस (चंडीगढ़ चैप्टर) के चेयरमैन अक्षित गर्ग ने हस्ताक्षर किए।

इस साझेदारी का उद्देश्य विद्यार्थियों को कक्षा शिक्षण से आगे बढ़कर नेतृत्व कार्यक्रमों, नेटवर्किंग, उद्यमिता गतिविधियों और कौशल विकास के अवसर प्रदान करना है। विद्यार्थियों ने इस पहल का स्वागत करते हुए इसे अपने व्यावहारिक और पेशेवर विकास के लिए महत्वपूर्ण बताया। सीजीसी यूनिवर्सिटी के मैनेजिंग डायरेक्टर अर्श धालीवाल ने कहा कि विश्वविद्यालय का फोकस केवल अकादमिक शिक्षा पर नहीं, बल्कि नवाचार और अनुभवात्मक शिक्षा के माध्यम से विद्यार्थियों को भविष्य के लिए तैयार करना है।

# कैंपस एक्टिववियर ने पेश की नई ब्रांड पहचान

**अनंत ज्ञान, लुधियाना/अमृतसर।** भारत के अग्रणी स्पोर्ट्स और एथलीजर ब्रांड्स में शामिल कैंपस एक्टिववियर लिमिटेड ने अपनी वार्षिक डिस्ट्रीब्यूटर्स मीट 'शूकेस-2026' के दौरान ब्रांड की नई पहचान पेश की। यह बदलाव केवल लोगो या डिजाइन तक सीमित नहीं है, बल्कि कैंपस की विकास यात्रा के अगले चरण का संकेत है। नई पहचान कैंपस को ऐसे ब्रांड के रूप में सामने लाती है जो आज की युवा पीढ़ी की सोच, उसकी जीवनशैली और आत्म अभिव्यक्ति से गहराई से जुड़ा हुआ है।

◆ **'शूकेस-2026' में बदला लुक, युवाओं की सोच और आत्म-अभिव्यक्ति से जुड़ा नया ब्रांड विजन**

इस नई पहचान के केंद्र में बाहर की ओर बढ़ते तीन तीर हैं, जो अलग अलग दिशाओं, विकल्पों और संभावनाओं का प्रतीक हैं। यह इस विचार को दर्शाते हैं कि आगे बढ़ने या अपनी पहचान बनाने का कोई एक तय रास्ता नहीं होता। इस अवसर पर कैंपस एक्टिववियर के होल टाइम डायरेक्टर और सीईओ निखिल अग्रवाल ने कहा, 'यह बदलाव हमारी ब्रांड यात्रा के अगले चरण की शुरुआत है। यह आज की उस पीढ़ी को दर्शाता है जो अपनी पहचान को महत्व देती है, संस्कृति से प्रेरणा लेती है और लगातार आगे बढ़ते हुए सफलता को अपने तरीके से परिभाषित करती है। हमारी नई पहचान इसी सोच को केंद्र में रखती है। साथ ही यह कैंपस को ऐसे ब्रांड के रूप में और मजबूत बनाती है जो आज के उपभोक्ताओं की आकांक्षाओं, पसंद और उनकी रोजमर्रा की जीवनशैली से गहराई से जुड़ा हुआ है।' 'मूव योर वे' की सोच पर आधारित यह नई पहचान हर व्यक्ति को अपनी शर्तों पर आगे बढ़ने की आजादी को अभिव्यक्त करती है।

# जिला पलवल में लिंग अनुपात 889 से बढ़कर हुआ 923

अनंत ज्ञान

**पलवल।** सिविल सर्जन डॉ. सतिंदर वशिष्ठ ने बताया कि जिला पलवल में पीसीपीएनडीटी एक्ट के प्रभावी क्रियान्वयन तथा स्वास्थ्य विभाग द्वारा चलाए जा रहे निरंतर जन-जागरूकता अभियानों के परिणामस्वरूप जिले के लिंगानुपात में लगातार सुधार दर्ज किया जा रहा है।

सिविल सर्जन डा. सतिंदर वशिष्ठ ने गुरूवार को जानकारी देते हुए बताया कि अप्रैल-2025 में जिला पलवल का लिंग अनुपात 889 था, जो अब बढ़कर 923 तक पहुंच गया है। यह उपलब्धि स्वास्थ्य विभाग की सतत मेहनत, प्रशासनिक निगरानी तथा आमजन के सहयोग का सकारात्मक परिणाम है।

सिविल सर्जन ने बताया कि जिले में भ्रूण हत्या एवं अवैध लिंग जांच जैसी सामाजिक बुराइयों पर प्रभावी रोक लगाने के लिए स्वास्थ्य विभाग पूरी गंभीरता के साथ कार्य कर रहा है। इसके तहत जिला पीसी-पीएनडीटी टीम द्वारा अल्ट्रासाउंड केंद्रों का नियमित निरीक्षण किया जा रहा है तथा आवश्यकतानुसार छापेमारी भी की जा रही है, ताकि किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सके। उन्होंने कहा कि बेटियों के सम्मान और उनके अधिकारों की रक्षा के लिए समाज के प्रत्येक नागरिक की भागीदारी अत्यंत आवश्यक है। यदि किसी व्यक्ति को भ्रूण हत्या या अवैध लिंग जांच से संबंधित किसी गतिविधि की जानकारी मिलती है, तो वह बिना किसी भय के स्वास्थ्य विभाग को सूचित कर सकता है।

सिविल सर्जन पलवल ने जिला के नागरिकों से अपील की है कि वे इस सामाजिक अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाएं और भ्रूण हत्या एवं लिंग जांच जैसी कुरीतियों को जड़ से समाप्त करने में स्वास्थ्य विभाग का सहयोग करें, ताकि समाज में बेटियों को समान अधिकार, सुरक्षा और सम्मान मिल सके।

# सीबीएसए सीजीसी लांडरां को 'हायर एजुकेशन प्लेबुक' में मिला स्थान

अनंत ज्ञान

**गुरनाम सागर, मोहाली।** चंडीगढ़ बिजनेस स्कूल ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन (सीबीएसए), सीजीसी लांडरां, को, सक्सेसवर्स द्वारा प्रकाशित 'द हायर एजुकेशन प्लेबुक - 101 बेस्ट प्रैक्टिसेज' में स्थान दिया गया है। यह मान्यता संस्थान की शैक्षणिक उत्कृष्टता, छात्र विकास और संस्थागत नवाचार के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाती है। उल्लेखनीय है कि सीबीएसए, पंजाब का एकमात्र संस्थान है जिसे इस प्रकाशन में शामिल 101 सर्वोत्तम प्रथाओं में स्थान मिला है।



संस्थान को छात्र सहायता एवं करियर सेवाओं की श्रेणी के अंतर्गत छात्र आत्मविश्वास बढ़ाने, कौशल विकास और करियर तैयारी के लिए अपनाए गए सुनियोजित दृष्टिकोण के लिए मान्यता प्रदान की गई है। यह उपलब्धि सीबीएसए, सीजीसी लांडरां के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है, जो छात्र-केंद्रित शिक्षण वातावरण विकसित करने और उद्योगोन्मुख परिणामों को सुदृढ़ करने के उसके निरंतर प्रयासों को प्रतिबिंबित करती है। इस उपलब्धि पर बोलते हुए डॉ. रमणदीप सैनी, निदेशक प्राचार्य, सीबीएसए सीजीसी लांडरां ने कहा कि यह मान्यता हमारे संकाय सदस्यों, विद्यार्थियों और सहयोगी टीमों के शिक्षा एवं छात्र विकास में उत्कृष्टता के प्रति निरंतर समर्पण को दर्शाती है। सीबीएसए में हम प्रतिभाओं को निखारने, विद्यार्थियों को भविष्य के अनुरूप कौशलों से सुसज्जित करने तथा उनके शैक्षणिक एवं व्यावसायिक विकास के लिए मूल्यवान अवसर प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।' उन्होंने आगे कहा कि यह उपलब्धि हमारे संकाय, विद्यार्थियों और सहयोगी टीमों के सामूहिक प्रयासों और प्रतिबद्धता को दर्शाती है

## टाटा एआईए ने लॉन्च किया नया पेंशन फंड

**अनंत ज्ञान, लुधियाना/अमृतसर।** रिटायरमेंट प्लानिंग का मतलब यह सुनिश्चित करना है कि आपने काम करना बंद करने के बाद भी आपका पैसा आपके लिए काम करता रहे। इसी जरूरत को पूरा करने के लिए, टाटा एआईए लाइफ इंश्योरेंस ने 'टाटा एआईए डिविडेंड लीडर्स इंडेक्स पेंशन फंड' लॉन्च किया है। भारत की सबसे ज्यादा डिविडेंड देने वाली मजबूत कंपनियों के जरिए लंबे समय में रिटायरमेंट के लिए बड़ा फंड बनाने में ग्राहकों को मदद करने के लिए इसे खास तौर पर डिजाइन किया गया है। यह फंड मार्केट से जुड़े निवेशों में मिलने वाले मुनाफे के साथ-साथ लाइफ इंश्योरेंस सुरक्षा का भरोसा भी देता है। इस तरह, यह आर्थिक रूप से मजबूत और लगातार आगे बढ़ने वाली कंपनियों के माध्यम से रिटायरमेंट प्लानिंग के लिए एक अनुशासित तरीका प्रदान करता है। यह फंड भारत की ऐसी 50 सबसे लगातार डिविडेंड देने वाली कंपनियों में निवेश करता है, जिन्होंने बाजार के हर उतार-चढ़ाव में अपने शेयरधारकों को फायदा पहुंचाया है। यह एक पैसिव इन्वेस्टमेंट का तरीका अपनाता है और आईआरडीएआई के नियमों के तहत 'बीएसई 500 डिविडेंड लीडर्स 50 इंडेक्स' को ट्रैक करता है। इसका पोर्टफोलियो किसी एक जगह केंद्रित या जोखिम भरे अवसरों के बजाय, बाजार की स्थापित और मजबूत कंपनियों पर ध्यान केंद्रित करता है। चूंकि ये कंपनियां डिविडेंड कमाकर देती हैं, इसलिए यह फंड उस पैसे को आपको अलग से बांटने के बजाय वापस उसी पोर्टफोलियो में लगा देता है।

# मुख्यमंत्री नायब सैनी से मिले बॉलीवुड कलाकार रणदीप हुड्डा



अनंत ज्ञान

**चंडीगढ़।** बॉलीवुड में हरियाणवी मूल के अभिनेता रणदीप हुड्डा ने बीती रात चंडीगढ़ में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी से मुलाकात की। इस दौरान सीएम ने राधा-कृष्ण की तस्वीर भी भेंट की।

मुलाकात के दौरान हरियाणा की संस्कृति, युवाओं की प्रतिभा, फिल्म उद्योग में प्रदेश की बढ़ती पहचान और हरियाणवी बोली को देश-दुनिया तक पहुंचाने जैसे विषयों पर चर्चा हुई। एक्टर रणदीप हुड्डा की सादगी, अभिनय क्षमता और अपनी मिट्टी से जुड़ाव को लेकर मुख्यमंत्री ने भी उनकी सराहना की।

मुख्यमंत्री नायब सैनी ने इस मुलाकात की एक फोटो अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर भी साझा की। सीएम नायब सैनी ने कहा कि रणदीप हुड्डा ने बॉलीवुड में अपनी दमदार अभिनय शैली से अलग पहचान बनाई है। उन्होंने फिल्मों के माध्यम से हरियाणवी बोली, संस्कृति और प्रदेश की मिट्टी की खुशबू को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाने का कार्य किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि रणदीप हुड्डा जैसे कलाकार प्रदेश के युवाओं के लिए प्रेरणा हैं। मुख्यमंत्री ने अभिनेता रणदीप हुड्डा के सादगीपूर्ण व्यक्तित्व की भी प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि फिल्मी दुनिया में ऊंचा मुकाम हासिल करने के बावजूद रणदीप हुड्डा अपनी जड़ों से जुड़े हुए हैं। यही कारण है कि हरियाणा ही नहीं बल्कि पूरे देश में लोग उन्हें बेहद पसंद करते हैं। बैठक के दौरान युवाओं को खेल, कला और फिल्म क्षेत्र में आगे बढ़ाने को लेकर भी चर्चा हुई।



# चुनाव पर हुए खर्च पर आयोग की सख्ती

## उम्मीदवारों को देना होगा हर रुपए का हिसाब, शहरी निकाय चुनावों के बाद बढ़ी जवाबदेही

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** हिमाचल प्रदेश में शहरी निकाय चुनाव संपन्न होने के बाद अब चुनावी खर्च का पूरा लेखा-जोखा देने की प्रक्रिया तेज हो गई है। राज्य चुनाव आयोग ने सभी उम्मीदवारों को स्पष्ट निर्देश जारी करते हुए कहा है कि चुनाव मैदान में उतरे प्रत्येक प्रत्याशी को निर्धारित समय सीमा के भीतर अपने खर्च का पूरा ब्यौरा जमा करवाना अनिवार्य होगा। आयोग ने साफ किया है कि चुनाव जीतने या हारने से कोई फर्क नहीं पड़ेगा, सभी प्रत्याशियों को खर्च का हिसाब देना ही होगा।

जानकारी के अनुसार प्रदेश के 51 शहरी निकायों में हुए चुनावों



के दौरान आयोग ने चुनाव प्रचार पर खर्च की अधिकतम सीमा पहले ही तय कर दी थी। नगर निगम चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवार अधिकतम एक लाख रुपये तक खर्च कर सकते हैं, जबकि नगर परिषद चुनाव में यह सीमा 75 हजार रुपये और नगर पंचायत चुनाव में 50 हजार रुपये निर्धारित की गई थी। आयोग अब इन सभी खर्चों की गहन जांच करेगा ताकि चुनाव प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी बनी रहे।

- **समय पर ब्यौरा नहीं देने वालों पर लग सकता है पांच साल का प्रतिबंध**
- **नगर निगम से नगर पंचायत तक खर्च की सीमा निर्धारित**

राज्य चुनाव आयोग ने उम्मीदवारों को खर्च संबंधी रिपोर्ट जमा करने के लिए समय सीमा भी तय कर दी है। जिन निकायों के परिणाम घोषित हो चुके हैं, वहां प्रत्याशियों को निर्धारित तिथि से पहले अपने खर्च का पूरा विवरण जमा करवाना होगा। वहीं नगर निगम चुनावों के परिणाम आने के बाद संबंधित उम्मीदवारों को 30 जून तक अपना लेखा-जोखा आयोग के समक्ष प्रस्तुत करना होगा। आयोग ने स्पष्ट किया है कि समय सीमा समाप्त होने के बाद किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।

चुनाव आयोग ने चेतावनी देते हुए कहा है कि यदि कोई प्रत्याशी तय समय में चुनाव खर्च का ब्यौरा जमा नहीं करता है तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। नियमों के उल्लंघन पर संबंधित उम्मीदवार को आगामी पांच वर्षों तक चुनाव लड़ने से वंचित किया जा सकता है। इससे पहले भी आयोग कई उम्मीदवारों के खिलाफ इसी प्रकार की कार्रवाई कर चुका है, जिन पर पांच साल तक चुनाव लड़ने पर रोक लगाई गई थी।

### रिकॉर्ड खंगालने में जुटा निर्वाचन आयोग

**निर्वाचन** आयोग ने चुनाव के दौरान खर्च की निगरानी के लिए विशेष व्यय पर्यवेक्षक भी नियुक्त किए थे, जिन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में चुनाव प्रचार गतिविधियों पर नजर रखी। जांच में कई मामलों में अनियमितताएं सामने आने के बाद अब आयोग पूरी सख्ती के साथ रिकॉर्ड खंगालने में जुट गया है। माना जा रहा है कि इस बार चुनावी पारदर्शिता को लेकर आयोग कोई ढिलाई बरतने के मूड में नहीं है और नियमों की अवहेलना करने वालों पर कठोर कार्रवाई तय मानी जा रही है।

# उपायुक्त ने फागू ईवीएम वेयरहाउस में सुरक्षा-व्यवस्था का लिया जायजा

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** आगामी पंचायत चुनावों को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आ रहा है। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त शिमला अनुपम कश्यप ने गुरुवार को फागू स्थित ईवीएम वेयरहाउस का निरीक्षण कर वहां रखी इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों और वीवीपैट मशीनों की सुरक्षा व्यवस्था का गहन जायजा लिया।

उन्होंने वेयरहाउस में स्थापित सीसीटीवी कैमरों, सुरक्षा इंतजामों, अग्निशमन उपकरणों तथा प्रवेश-निकास रजिस्टर की विस्तार से जांच की और संबंधित अधिकारियों को निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का सख्ती से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने स्पष्ट कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया की पारदर्शिता और



फागू वेयर हाउस में ईवीएम का निरीक्षण करने पहुंचे डीसी। अनंत ज्ञान

- **अधिकारियों को आयोग के दिशा-निर्देशों का सख्ती से पालन करने के दिए निर्देश**

विश्वसनीयता बनाए रखने में ईवीएम मशीनों की सुरक्षा सबसे महत्वपूर्ण कड़ी है, इसलिए किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने वेयरहाउस में तैनात सुरक्षा कर्मियों से भी जानकारी ली तथा नियमित निगरानी बनाए रखने के निर्देश जारी किए। इस अवसर पर निर्वाचन विभाग के अधिकारी और कर्मचारी भी मौजूद रहे।

# उम्मीदवार वीरेंद्र कुमार ने निभाया सामाजिक दायित्व

अनंत ज्ञान

**ऊना।** राजनीति के मौजूदा दौर में जहां अधिकांश नेता केवल बड़े-बड़े वादों तक सीमित नजर आते हैं, वहीं चिंतपूर्णी विधानसभा क्षेत्र की अप्पर लोहारा पंचायत के वार्ड नंबर 4 किन्नू (हरिजन बस्ती) में समाजसेवा की एक प्रेरणादायक मिसाल सामने आई है। जानकारी के अनुसार पंचायत चुनाव लड़ रहे एक उम्मीदवार वीरेंद्र कुमार चुनाव प्रचार के दौरान जब हरिजन बस्ती पहुंचे, तो उन्होंने देखा कि किसी अज्ञात वाहन की टक्कर से वहां स्थापित सोलर लाइट उखड़कर जमीन पर गिर गई थी। हैरानी की बात यह रही कि इस रास्ते से कई अन्य प्रत्याशी और नेता भी गुजर चुके थे, लेकिन किसी ने भी क्षतिग्रस्त सोलर लाइट को ठीक करवाने की पहल नहीं की। वीरेंद्र कुमार ने इस समस्या को नजरअंदाज करने के बजाय तुरंत समाधान करने का निर्णय लिया। वे स्वयं अपनी गाड़ी में रेत, बजरी और सीमेंट लेकर मौके पर पहुंचे। इसके बाद उन्होंने खुद फावड़ा उठाकर गड्ढा खोदा, मजबूत कंक्रीट बेस तैयार किया और सोलर लाइट को दोबारा मजबूती से स्थापित कर दिया। उनके इस कार्य को स्थानीय लोग केवल चुनावी गतिविधि नहीं, बल्कि सच्ची समाज सेवा की भावना के रूप में देख रहे हैं। क्षेत्रवासियों का कहना है कि चुनाव परिणाम चाहे जो भी हो, लेकिन वीरेंद्र कुमार ने यह साबित कर दिया कि जनसेवा के लिए किसी पद या सत्ता से अधिक जरूरी साफ नीयत और सेवा का जज्बा होता है। वीरेंद्र कुमार के इस सराहनीय कदम की पूरे इलाके में चर्चा हो रही है और लोग उनके इस प्रयास की खुलकर प्रशंसा कर रहे हैं।

## भाजपा आलाकमान सभी के खिलाफ करेगी कार्रवाई, इस पर असमंजस बरकरार

# बागियों के खिलाफ कार्रवाई पर उलझन में जिला संगठन

अनंत ज्ञान

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर।** धड़ेबंदी के शिकंजे में फंसा जिले में भाजपा का संगठन बागियों के खिलाफ कार्रवाई को लेकर असमंजस वाली स्थिति में दिख रहा है। किस-किस के खिलाफ कार्रवाई होगी? कौन-कौन मुख्य धारा में आएंगे और कौन-कौन छूट जाएंगे इन सभी की यहां मंडल और जिला स्तर पर चर्चा हो रही है।

हालांकि मंडलों से आने वाली शिकायतों को प्रदेश अनुशासन समिति के हवाले कर देने का दम जिला भाजपा का संगठन भर रहा है, लेकिन देखना यही है कि इसमें अनुशासन के चाबुक की 'गाज' किस-किस पर गिरेगी? क्या आधी अधूरी कार्रवाई होगी? कारण यह है कि कई प्रमुख पूर्व पदाधिकारी भी अनुशासनात्मक कार्रवाई के शिकंजे में फंसते नजर आ रहे हैं, कई लुका-छुपी करके बागियों की मदद कर रहे हैं, तो कई खुले रूप से उनकी न केवल पीठ थपथापा रहे हैं, बल्कि उनके साथ नामांकन भरवाने के अलावा जहां जरूरी है, वहां भी पहुंच रहे हैं। मतलब साफ है कि पदाधिकारियों के लिए जिला परिषद के उम्मीदवारों की जो सूची संगठन ने जारी की थी उसे वे 'धत्ता' बता रहे हैं।

- **सुजानपुर-टौणीदेवी में कई प्रमुख पदाधिकारी भी हैं लपेटे में**

दरअसल में जिला के नादौन इलाके को छोड़कर बाकी सभी विधानसभा क्षेत्रों या मंडलों में यही स्थिति बरकरार है। जो हालात संबंधित विधानसभा क्षेत्रों में चल रहे हैं, उनमें एक बात तो साफ हो गई है कि पार्टी कार्यकर्ता विभाजित होकर अपनी मनमानी पर उतारू हैं। छोटे कार्यकर्ता तो ठीक हैं लेकिन बड़े कार्यकर्ता या नेता भी यदि अपनी 'धमाल' मुकम्मल तौर पर दिखाने में लगे हों तो एक बात तो साफ है कि वे आखिर साबित क्या करना चाह रहे हैं।

भाजपा का जिला संगठन अभी तक केवल 6 शिकायतों के आने की पुष्टि कर रहा हो, लेकिन जानकारी यह है कि सुजानपुर और टोनीदेवी मंडल भाजपा ने भी चार-चार लोगों की शिकायतें की है।

ये शिकायतें बुधवार को जिला भाजपा से की गई हैं। इसके लिखित सबूत भी दिए गए हैं। इनमें वीना कपिल, अनिल शामा, कपिल मोहन शामा, पूर्व मंडल अध्यक्ष वीरेंद्र, मंडल सचिव ज्योति ठाकुर जो खुद चुनाव लड़ रही हैं, सुमन देवी जो चहल वार्ड से जिला परिषद का चुनाव लड़ रही हैं। भोरंज से पवन शर्मा के नाम भी शामिल हैं।

जिले में असल बात यह है कि इसका जो संगठनात्मक ढांचा है उसके भीतर भी अपने-अपने अस्तित्व के लिए जिले में भाजपा के नए और पुराने कार्यकर्ता बेहद खास अंदाज में उलझे हुए हैं। बड़सर, हमीरपुर और सुजानपुर में जो नए नेता कांग्रेस से भाजपा में आए हैं। उनके लिए अपना अस्तित्व बरकरार रखने का 'दबाव' है। यही इन चुनावों में खुलेआम देखने को मिल रहा है। देखने वाली बात यह होगी कि अनुशासन का चाबुक कब चलेगा और कितना चलेगा? क्योंकि 26 मई से वोटिंग का सिलसिला शुरू हो जाएगा।

# नगर निकायों में भाजपा की जीत से घबराई कांग्रेस: राकेश जम्वाल

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** प्रदेश भाजपा के मुख्य प्रवक्ता एवं विधायक राकेश जम्वाल ने आरोप लगाया है कि नगर परिषद और नगर पंचायत चुनावों में भाजपा समर्थित उम्मीदवारों की शानदार जीत से कांग्रेस सरकार पूरी तरह घबरा गई है। उन्होंने शिमला से जारी बयान में कहा कि प्रदेशभर में मिले जनसमर्थन ने यह स्पष्ट कर दिया है कि जनता का भरोसा भारतीय जनता पार्टी के साथ लगातार मजबूत हो रहा है, जबकि कांग्रेस सरकार के प्रति लोगों में भारी नाराज़गी और असंतोष बढ़ता जा रहा है।

जम्वाल ने कहा कि कांग्रेस अपनी राजनीतिक हार को स्वीकार नहीं कर पा रही और अब अध्यक्ष व उपाध्यक्ष पदों के चुनावों को प्रभावित करने के लिए सरकारी मशीनरी का सहारा लेने की तैयारी में है। राकेश जम्वाल ने कहा कि प्रदेश सरकार प्रशासनिक दबाव, राजनीतिक हस्तक्षेप और प्रलोभनों के माध्यम से लोकतांत्रिक प्रक्रिया को प्रभावित करने का प्रयास कर रही है। उन्होंने इसे लोकतंत्र की मर्यादाओं के खिलाफ बताते हुए कहा कि भाजपा किसी भी सूरत में जनता के जनादेश का अपमान नहीं होने देगी। उन्होंने दावा किया कि नगर परिषदों और नगर पंचायतों में भाजपा समर्थित प्रतिनिधि स्पष्ट बहुमत के साथ जीतकर आए हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि प्रदेशभर में भाजपा समर्थित उम्मीदवारों को व्यापक जनसमर्थन मिलेगा और कांग्रेस की जनविरोधी नीतियों का जनता करारा जवाब देगी। जम्वाल ने कहा कि हिमाचल प्रदेश में भाजपा का जनाधार लगातार मजबूत हो रहा है और आने वाले समय में यह समर्थन और अधिक व्यापक रूप में सामने आएगा।

# मतदान केंद्रों को रवाना हुईं महिला पोलिंग पार्टियां

## रोहड़ू में मतगणना से लेकर सुरक्षा तक हर जिम्मेदारी निभाएंगी महिला कर्मचारी

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** रोहड़ू नगर परिषद चुनाव महिला सशक्तिकरण, सांस्कृतिक गौरव व लोकतांत्रिक भागीदारी का जीवंत उत्सव बनकर उभर रहा है। वीरवार को जब पारंपरिक हिमाचली वेशभूषा में सजी महिला पोलिंग पार्टियां मतदान केंद्रों के लिए रवाना हुईं तो पूरा वातावरण उत्साह, आत्मविश्वास और सांस्कृतिक रंगों से सराबोर दिखाई दिया।

ढाठू और सदरी पहने महिला कर्मचारियों की मौजूदगी ने चुनावी माहौल को एक अलग ही गरिमा प्रदान की। प्रशासन की यह अनूठी पहल अब पूरे प्रदेश में चर्चा का विषय बन गई है, जहां लोकतंत्र का पर्व पूरी तरह महिला शक्ति के नेतृत्व में संपन्न होने जा रहा है। रिटर्निंग अधिकारी एवं उपमंडलाधिकारी रोहड़ू धर्मेश रामौत्रा ने बताया कि नगर परिषद रोहड़ू के सभी मतदान केंद्रों का संचालन इस बार पूर्णतः महिला कर्मचारियों द्वारा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि महिलाएं आज हर क्षेत्र में अपनी क्षमता और नेतृत्व का उत्कृष्ट परिचय दे रही हैं तथा चुनाव जैसी संवेदनशील और महत्वपूर्ण प्रक्रिया को भी पूरी दक्षता, अनुशासन और पारदर्शिता के साथ संपन्न करने में सक्षम हैं। चुनाव प्रक्रिया के दौरान सेक्टर मजिस्ट्रेट और



पारंपरिक हिमाचली वेशभूषा में मतदान केंद्रों के लिए रवाना होती महिला पोलिंग पार्टियां।

सेक्टर अधिकारियों ने भी पारंपरिक परिधान धारण कर इस आयोजन को सांस्कृतिक पहचान से जोड़ दिया, जिससे चुनावी व्यवस्था में हिमाचली संस्कृति की सुंदर झलक देखने को मिली। नगर परिषद रोहड़ू के अंतर्गत कुल 9 वार्डों के लिए 14 पोलिंग पार्टियों का गठन किया गया है। इनमें 9 पोलिंग पार्टियां विभिन्न वार्डों में तैनात रहेंगी जबकि 4 पार्टियों को रिजर्व रखा गया है। प्रत्येक पोलिंग पार्टी में एक पीठासीन अधिकारी, एक सहायक पीठासीन अधिकारी, दो मतदान अधिकारी और एक सुरक्षा अधिकारी की नियुक्ति की गई है। इसके अतिरिक्त एक सेक्टर मजिस्ट्रेट और तीन सेक्टर अधिकारियों की जिम्मेदारी भी महिला अधिकारियों को सौंपी गई है। चुनाव प्रक्रिया को सफलतापूर्वक संपन्न करवाने के लिए लगभग 80 महिला कर्मचारियों की तैनाती की गई है।

रिटर्निंग अधिकारी धर्मेश रामौत्रा ने बताया कि मतगणना उपमंडलाधिकारी कार्यालय के चांशल सम्मेलन कक्ष में आयोजित की जाएगी, जहां महिला कर्मचारियों की छह विशेष टीमों का गठन किया गया है। प्रत्येक टीम में एक काउंटिंग सुपरवाइजर, एक काउंटिंग असिस्टेंट और एक माइक्रो ऑब्जर्वर नियुक्त किया गया है। इनमें तीन टीमें प्रत्यक्ष रूप से मतगणना कार्य संभालेंगी जबकि तीन टीमों को रिजर्व रखा गया है।

# 24 को बैलेट पेपर से मतदान कर सकेंगे चुनाव ड्यूटी पर तैनात अधिकारी व कर्मचारी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश में पंचायतीराज चुनावों को लेकर प्रशासनिक तैयारियां अब अंतिम चरण में पहुंच चुकी हैं। राज्यभर में चुनावी माहौल पूरी तरह गरमा गया है और गांव-गांव में प्रचार अभियान तेज़ी से चल रहा है। जिन पंचायत क्षेत्रों में 26 मई को मतदान होना है, वहां चुनाव ड्यूटी में तैनात अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए राज्य चुनाव आयोग ने विशेष मतदान व्यवस्था सुनिश्चित की है। ऐसे कर्मचारी 24 मई को बैलेट पेपर के माध्यम से अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकेंगे, ताकि चुनावी ड्यूटी के कारण कोई भी कर्मचारी मतदान से वंचित न रहे। चुनाव आयोग की ओर से जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार मतदान दलों में नियुक्त पीठासीन अधिकारी, मतदान अधिकारी, सेक्टर अधिकारी, पुलिस कर्मी तथा अन्य चुनाव ड्यूटी स्टाफ को यह सुविधा दी जाएगी। संबंधित विकास खंड में ड्यूटी निभा रहे कर्मचारी अपने ही ब्लॉक क्षेत्र में बैलेट पेपर के जरिए वोट डाल सकेंगे। प्रशासन ने इस प्रक्रिया को पूरी तरह गोपनीय और सुरक्षित बनाए रखने के लिए विशेष प्रबंध किए हैं, ताकि चुनाव की निष्पक्षता और पारदर्शिता बनी रहे। हालांकि आयोग ने स्पष्ट किया है कि यदि किसी कर्मचारी की ड्यूटी उसके गृह विकास खंड से दूसरे ब्लॉक में लगाई गई है, तो वह इस विशेष सुविधा का लाभ नहीं उठा पाएगा। ऐसे कर्मचारियों को निर्धारित नियमों के तहत ही मतदान करना होगा। बैलेट पेपर से डाले गए मतों को सुरक्षित सीलबंद कर संबंधित निर्वाचन अधिकारी के पास भेजा जाएगा और मतगणना के दौरान इन्हें भी अन्य मतों के साथ शामिल किया जाएगा।

# पंचायत चुनाव के लिए तैयारियां पूरी

## प्रदेश में 3700 से अधिक पंचायतों में चुनावी प्रक्रिया तेज

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल में पंचायतीराज चुनावों को लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई हैं और अब पूरे प्रदेश में लोकतंत्र का सबसे बड़ा ग्रामीण उत्सव शुरू होने जा रहा है। राज्य निर्वाचन आयोग ने तीन चरणों में होने वाले पंचायत चुनावों के लिए सभी जिलों में चुनाव सामग्री और प्रशासनिक व्यवस्थाएं अंतिम रूप से तैयार कर दी हैं। प्रदेश की 3700 से अधिक पंचायतों में 26, 28 और 30 मई को मतदान होगा। गांव-गांव चुनावी माहौल पूरी तरह गर्म हो चुका है और प्रत्याशी जनसंपर्क अभियान में जुट गए हैं।

राज्य निर्वाचन आयोग के अनुसार 26 मई को 1280 पंचायतों, 28 मई को 1258 पंचायतों तथा 30 मई को 1170 पंचायतों में मतदान कराया जाएगा। कई पंचायतों में मुकाबले से पहले ही परिणाम सामने आने लगे हैं। प्रदेश की 131 पंचायतें निर्विरोध चुनी गई हैं, जबकि प्रधान, उपप्रधान और पंचायत समिति सदस्य पदों पर भी कई उम्मीदवार बिना चुनाव के विजयी घोषित हुए




हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में आपसी सहमति और सर्वसम्मति की परंपरा इस बार भी देखने को मिली है। जिला परिषद और पंचायत समिति चुनावों को लेकर कांग्रेस और भाजपा दोनों दलों ने पूरी ताकत झोंक दी है।

भाजपा ने समर्थित उम्मीदवारों की सूची जारी कर संगठन स्तर पर चुनाव प्रचार तेज कर दिया है, जबकि कांग्रेस स्थानीय समीकरणों को साधते हुए समर्थित प्रत्याशियों के पक्ष में सक्रिय नजर आ रही है। गांवों की चौपालों से लेकर नुक्कड़ बैठकों तक चुनावी चर्चा चरम पर पहुंच चुकी है और हर दल ग्रामीण जनाधार मजबूत करने की रणनीति में जुटा है।

### मनरेगा कर्मियों की भी लग सकेगी चुनाव ड्यूटी

**प्रदेश** सरकार के ग्रामीण विकास विभाग ने पंचायत चुनावों को लेकर पहले जारी उस फैसले को वापस ले लिया है, जिसमें मनरेगा स्टाफ को चुनावी ड्यूटी से अलग रखने की बात कही गई थी। अब संबंधित बीडीओ आवश्यकता अनुसार ग्राम रोजगार सेवकों और अन्य मनरेगा कर्मियों की सेवाएं चुनाव कार्य में ले सकेंगे। आयोग ने बताया कि निष्पक्ष और सुचारु मतदान प्रक्रिया सुनिश्चित करने के लिए अतिरिक्त कर्मचारियों की आवश्यकता को देखते हुए यह निर्णय लिया गया है।

# हमीरपुर जिला भाजपा ने अनुशासन समिति को भेजीं बागियों के खिलाफ मंडलों की शिकायतें

## पूर्व विधायक बलदेव शर्मा भी 'थपथपा' रहे बागियों की पीठ

अनंत ज्ञान

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर।** भाजपा के अधिकृत प्रत्याशियों के खिलाफ चुनाव लड़ने वालों और उनकी पीठ थपथपाने की जिम्मेदारी संभाले नेताओं के खिलाफ कार्रवाई को लेकर पार्टी के जिला संगठन ने प्रक्रिया शुरू कर दी है। बड़सर, हमीरपुर और भोरंज विधानसभा क्षेत्रों से ऐसी छह शिकायतें मिली हैं, जिन पर अंतिम मोहर लगाई के लिए प्रदेश अनुशासन समिति को मामला भेज दिया गया है। बड़सर के पूर्व विधायक बलदेव शर्मा के खिलाफ भी बागियों का साथ देने और उनकी पीठ थपथपाने की शिकायतें आई हैं। मंडल की इन शिकायतों पर निश्चित रूप में कार्रवाई होगी।

हमीरपुर जिला भाजपा के अध्यक्ष राकेश ठाकुर ने वीरवार को यहां प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए बताया कि वडसर, भोरंज और हमीरपुर से कुल छह शिकायतें हासिल हुई हैं। इनमें वडसर के दांदडू वार्ड से रजनी देवी बागी होकर चुनाव लड़ रही हैं। हमीरपुर के जंगल रोपा से सोनी कुमार के खिलाफ बागी होकर अनिल कुमार भी चुनाव प्रचार में है। जाहू में पवन कुमार नामक एक व्यक्ति चुनाव के समय भाजपा कार्यकर्ता बनकर चुनाव लड़ते हैं। वह भी बागी उम्मीदवार के रूप में खड़े हैं। उनकी भी शिकायत आई है।

राकेश ठाकुर ने कहा कि अंतिम फैसला प्रदेश अनुशासन समिति ही लगी इसमें मंडल स्तर पर कोई किसी को निकाल नहीं सकता हमीरपुर मंडल ने अनिल कुमार के खिलाफ जो प्रस्ताव पारित किया था उसका प्रोसेस भी यही है। पहले जिला को भेज जाएगा और फिर अनुशासन समिति को जाएगा। अंतिम कार्रवाई के लिए जिला भाजपा ने उनका यह आवेदन भी भेज दिया है।

### राकेश ठाकुर ने कांग्रेस पर साधा निशाना

**जिला** अध्यक्ष राकेश ठाकुर ने कांग्रेस की झूठी बयान बाजी और प्रत्याशियों की जीत पर आरोप लगाया कि वह बेवजह का श्रेय ले रही है जबकि सच्चाई यह है की भोटा नगर पंचायत में कांग्रेस का एक ही प्रत्याशी जीता है। तीन पर निर्दलीय जीते हैं और तीन पर ही भाजपा की जीत हुई है। यही स्थिति सुजानपुर की है। वहां भी 9 में से कांग्रेस के खाते में केवल दो पार्षद गए हैं। चार निर्दलीय हैं और तीन पर भाजपा का कब्जा है ऐसे में कांग्रेस के जिला अध्यक्ष अभी से अपना अध्यक्ष बनाने का जो ऐलान कर रहे हैं, वह गलत है। इस प्रेस कॉन्फ्रेंस में जिला अध्यक्ष से जब यह पूछा गया कि सुजानपुर और टोनी देवी से पार्टी अनुशासन और बागियों के खिलाफ कितनी शिकायतें आई हैं, तो उन्होंने कहा कि अभी उनके पास कोई शिकायत नहीं आई है। जैसे ही आएगी, उसे भी बाकियों की तरह अनुशासन समिति को भेजा जाएगा।

**सियासत** | मंत्रियों से लेकर पूर्व सांसदों के परिवार मैदान में, गांव-गांव गरमाया चुनावी माहौल

# प्रदेश में पंचायत चुनाव में रिश्तों व रसूख की जंग

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** हिमाचल प्रदेश में पंचायत चुनाव से लेकर जिला परिषद चुनावों को बड़े सियासी शक्ति प्रदर्शन में बदल दिया है। राज्यभर में रिश्तों, रसूख, राजनीतिक विरासत और प्रतिष्ठा की ऐसी जंग छिड़ी है, जिसमें कांग्रेस और भाजपा दोनों दलों के दिग्गज नेताओं की साख दांव पर लगी हुई है।

बड़े राजनीतिक परिवारों के सदस्य चुनाव मैदान में उतरने से गांव-गांव चुनावी तापमान चरम पर पहुंच गया है। जानकारी के अनुसार पूर्व मंत्री महेंद्र सिंह ठाकुर की बेटी वंदना गुलेरिया, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता कौल सिंह ठाकुर की बेटी चंपा ठाकुर, पूर्व सांसद महेश्वर सिंह की बहू और कई प्रभावशाली नेताओं के परिजन इस बार जिला परिषद चुनाव में ताल ठोक रहे हैं। सिरमौर में पूर्व विधायक किरनेश जंग के बेटे अरिकेश जंग और पूर्व मंत्री सुखराम चौधरी के भतीजे चरनजीत सिंह के मैदान में उतरने से मुकाबला बेहद दिलचस्प बन गया है। कई वार्डों में मुकाबला पूरी तरह प्रतिष्ठा की लड़ाई में बदल चुका है।

- **प्रचार में कांग्रेस-भाजपा ने झोंकी पूरी ताकत**
- **शिमला, मंडी, कुल्लू और सिरमौर में हाई प्रोफाइल मुकाबला**

शिमला जिले में शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर, पंचायतीराज मंत्री अनिरुद्ध सिंह और लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह की राजनीतिक प्रतिष्ठा चुनावी परिणामों से जुड़ गई है। जुब्बल-कोटखाई क्षेत्र में कांग्रेस समर्थित मीनाक्षी गाजटा और भाजपा समर्थित रचना नेगी के बीच सीधी टक्कर है। कलबोग वार्ड में कांग्रेस समर्थित रेखा चौहान और भाजपा समर्थित नीना चौहान आमने-सामने हैं, जबकि सरस्वती नगर वार्ड में कांग्रेस समर्थित नेहा और भाजपा समर्थित श्वेता चौहान के बीच मुकाबला लगातार सुर्खियों में बना हुआ है। चम्याणा वार्ड में कांग्रेस समर्थित भूपेंद्र कंवर और भाजपा समर्थित कुशल विक्रम सैन, जबकि बल्देयां वार्ड में कांग्रेस समर्थित ओपी ठाकुर और भाजपा समर्थित भरत भूषण के बीच कड़ा मुकाबला माना जा रहा है। शिमला ग्रामीण क्षेत्र के खटनोल वार्ड में कांग्रेस समर्थित ज्योति और भाजपा समर्थित शिवानी ठाकुर चुनावी मैदान में हैं, जबकि हलोग-धामी वार्ड में भाजपा समर्थित कमलेश शर्मा और निर्दलीय प्रत्याशी कविता कंवर के बीच सियासी जंग तेज हो गई है।

मंडी और कुल्लू जिलों में भी चुनावी समीकरण बेहद रोचक हो गए हैं। टिहरा वार्ड में वंदना गुलेरिया और रजिता कुमारी के बीच मुकाबला चर्चा का केंद्र बना हुआ है। ब्रेयोगी वार्ड से चेतराम के पुत्र तरुण ठाकुर, कटौला से शुभम शर्मा और सलापड़ से मोहित ठाकुर चुनावी रण में सक्रिय हैं। कुल्लू के मौहल और जेष्ठा वार्ड में निर्दलीय उम्मीदवारों ने भाजपा और कांग्रेस दोनों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। पूर्व सांसद महेश्वर सिंह की बहू के निर्दलीय मैदान में उतरने से चुनाव ने नया मोड़ ले लिया है।

### चुनाव प्रचार में दिख रहा प्रदेश की सस्कृति का रंग

**सरस्वती** नगर वार्ड में भाजपा समर्थित प्रत्याशी श्वेता चौहान के समर्थन में उनके पति और प्रसिद्ध हिमाचली लोकगायक विक्की चौहान लगातार जनसंपर्क अभियान चला रहे हैं। गांवों में चुनाव प्रचार अब केवल राजनीतिक नहीं बल्कि सांस्कृतिक रंग भी लेने लगा है। ढोल-नगाड़ों, नुक्कड़ सभाओं और घर-घर संपर्क अभियान से पंचायत चुनाव पूरी तरह उत्सव में बदलते दिखाई दे रहे हैं।

### जिला परिषद की 128 सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित

प्रदेश में जिला परिषद की कुल 251 सीटों में से 128 सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित हैं। पंचायत चुनावों में इस बार 50 लाख से अधिक मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। राज्य निर्वाचन आयोग ने जिला परिषद चुनाव के लिए हल्के नीले रंग का बैलेट पेपर तैयार किया है। गांवों से लेकर कस्बों तक चुनावी हलचल अपने चरम पर पहुंच चुकी है और आने वाले दिनों में प्रचार अभियान और अधिक तेज होने की संभावना है।